www.navpradesh.com

दैनिक **नवप्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर | 2 | छत्तीसगढ़ | 4 | अभिव्यक्ति | 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, गुरुवार, 04 जून 2026 | कृष्ण पक्ष-चतुर्थी, | विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 | अंक- 115 | पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

रेत माफियाओं को राज्यपाल की सख्त चेतावनी, नदियों को लूटा तो बख्शे नहीं जाओगे

रायपुर /नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका ने छत्तीसगढ़ की नदियों और बड़े नालों में हो रहे अवैध एवं बेतरतीब रेत उत्खनन पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इस पर प्रभावी रोक लगाने के कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि रेत जैसा महत्वपूर्ण खनिज राज्य के विकास और आधारभूत संरचना निर्माण के लिए आवश्यक है, लेकिन इसके अनियंत्रित दोहन से पर्यावरण और जल संसाधनों पर गंभीर दुष्प्रभाव पड़ रहे हैं।

राजभवन में राज्यपाल ने खनिज विभाग के सचिव पी. दयानंद से इस विषय पर विस्तृत चर्चा की और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रेत खनन पूरी तरह वैज्ञानिक, नियोजित और व्यवस्थित तरीके से किया जाना चाहिए, ताकि विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बना रहे।

आईआईटी की ली जाएगी मदद: राज्यपाल श्री डेका ने निर्देशित किया कि रेत खनन से जुड़े क्षेत्रों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

नवप्रदेश लगातार

अनियंत्रित रेत दोहन से पर्यावरण को भारी नुकसान

राज्यपाल ने अवैध और अनियंत्रित रेत उत्खनन से होने वाले नुकसानों को रेखांकित करते हुए कहा कि नदियों और बड़े नालों की जल क्षमता बढ़ाने तथा भू-जल स्तर में सुधार के लिए प्रभावी और दीर्घकालिक कदम उठाना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

- रमेन डेका, राज्यपाल, छत्तीसगढ़

■ अवैध रेत उत्खनन पर सख्त हुए राज्यपाल रमेन डेका

■ वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित खनन पर दिया जोर, खनिज सचिव से चर्चा

■ आईआईटी जैसे संस्थानों से तकनीकी सर्वे कराने के दिए निर्देश

■ **नदियों का प्राकृतिक स्वरूप:** बेतरतीब खुदाई से नदियों का प्राकृतिक ढांचा प्रभावित हो रहा

■ **जलस्तर में गिरावट:** नदी तल में अत्यधिक गहराई तक खुदाई होने से जलधारण क्षमता घटती है।

■ **कटाव और सूखा:** नदी तटों के कटाव की समस्या बढ़ रही है और कई क्षेत्रों में जलस्रोत सूखने के कगार पर हैं, जिससे जैव विविधता पर भी खतरा उत्पन्न हो रहा है।

नवप्रदेश खबर का असर

निगरानी और पारदर्शिता बढ़ाने पर जोर

राज्यपाल ने अधिकारियों को सख्त लहजे में निर्देशित किया कि अवैध उत्खनन पर चौबीसों घंटे कड़ी निगरानी रखी जाए। प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को सर्वोपरि ध्यान में रखते हुए वर्तमान खनन व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी बनाया जाए ताकि नियमों और वैज्ञानिक मानकों के अनुरूप ही दोहन हो सके।

आज बेबाक

बिहार में जंगलराज चला चुके चारा चोर लालू की लाली और लालों की रस्सी जल चुकी है लेकिन उनकी ऐठन बरकरार है।थेथरई दिखाने के लिए कुख्यात अंगूठा छाप पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने सरकार के आदेश को दरकिनार रखते हुए दस सर्कुलर रोड स्थित आलीशान बंगला खाली करने से दो टूक शब्दों में इंकार कर दिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को चुनौती दी है कि उनमें हिम्मत है तो उनके सामने आकर दिखाएं। लगता है ये बुड़बक भी बेआबरू होकर ही कूचे से निकलने का मन बना चुकी है। बिहार सरकार को उसकी हसरत तत्काल पूरी करनी चाहिए।

छत्तीसगढ़- तहसीलदारों की हड़ताल खत्म, आज से काम पर लौटेंगे

रायपुर-नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 500 से ज्यादा तहसीलदार आज हड़ताल पर रहे। राजस्व कामकाज बंद कर अधिकारियों ने सीतापुर से भाजपा विधायक रामकुमार टोप्पो की गिरफ्तारी की मांग की है। आरोप है कि विधायक ने सरगुजा जिले के नायब तहसीलदार तुषार मानिक की पिटाई की थी। इसके खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर आज प्रदेशभर के तहसीलदार राजधानी रायपुर पहुंचे। हड़ताल के कारण राज्य की अधिकांश तहसीलों में कामकाज पूरी तरह ठप रहा। लोग राजस्व कामकाज के लिए भटकते दिखाई दिए। इस पर कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव ने सवाल उठाते हुए सरकार पर विधायक को बचाने का आरोप लगाया है।

बेटे का शव देखकर सदमे में मां की भी मौत

सरगुजा/नवप्रदेश। सरगुजा जिले के ग्राम उलकिया से रोजगार की तलाश में महाराष्ट्र के पुणे गए एक युवक की जहरीली शराब पीने से मौत हो गई। युवक का शव जब घर पहुंचा तो सदमे में उसकी मां की भी मौत हो गई। मां और बेटे दोनों का अंतिम संस्कार एक साथ किया गया। जानकारी के अनुसार, ग्राम उलकिया के रहने वाले 35 वर्षीय राजेंद्र टोप्पो आर्थिक तंगी के कारण अपनी पत्नी और दो साल के बेटे के साथ महाराष्ट्र के पुणे में रहकर मजदूरी कर रहा था। पिछले करीब छह महीनों से वह वहीं काम करके अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहा था।

गरमा-गरम

40 लोगों का किया गया रेस्क्यू, कई की हालत गंभीर, अस्पताल में वेंटिलेटर पर 8 मरीज

छह मंजिला होटल में आग से 21 मौतें, 17 विदेशी नागरिक

■ दिल्ली के मालवीय नगर में भीषण अग्निकांड

नई दिल्ली/ए.। राजधानी दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में बुधवार सुबह एक रूह कंपा देने वाला हादसा सामने आया। यहाँ प्रेस एन्क्लेव रोड पर स्थित 'फ्लरिश स्टे' नाम के एक 6 मंजिला होटल में सुबह भीषण आग लग गई। इस दर्दनाक हादसे में अब तक 21 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें से अधिकांश 17 विदेशी नागरिक बताए जा रहे हैं।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, मृत विदेशी नागरिक मुख्य रूप से सेंट्रल एशिया और अफ्रीकी देशों के रहने वाले थे। फिलहाल मारे गए विदेशी नागरिकों की सटीक संख्या और उनकी पहचान की जांच की जा रही है। दिल्ली फायर सर्विस को सुबह 8:50 बजे आग लगने की सूचना मिली थी, जिसके बाद दमकल की गाड़ियों और स्थानीय लोगों ने मिलकर करीब 40 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। हादसे में गंभीर रूप से घायल लोगों का इलाज जारी है, जिससे मौतों का आंकड़ा बढ़ने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

■ 6 कमरों की अनुमति पर चल रहे थे 25 कमरे, होटल के पास नहीं थी फायर एनओसी

■ बचाव कार्य के दौरान झुलसे दिल्ली पुलिस के 10 जवान भी अस्पताल में भर्ती

देवदूत बनकर घुसे 10 पुलिसकर्मी भी घायल

हादसे की सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस के जवान स्थानीय लोगों के साथ सबसे पहले जलती हुई इमारत के भीतर घुसे। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान धुएं और आंच की चपेट में आने से 10 पुलिसकर्मी भी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल जवानों में 5 हेड कांस्टेबल और 5 कांस्टेबल शामिल हैं, जिनकी बहादुरी की सराहना की जा रही है।

जान बचाने के लिए तीसरी-चौथी मंजिल से कूदे लोग

आग इतनी तेजी से फैली कि ऊपरी मंजिलों पर मौजूद लोगों को बाहर निकलने का रास्ता नहीं मिला। घटना के सामने आए विचलित करने वाले वीडियो में कुछ लोग जान बचाने के लिए जलती हुई इमारत की तीसरी और चौथी मंजिल से नीचे कूदते नजर आए। नीचे मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए जमीन पर गद्दे बिछा दिए थे, जिससे कुछ लोगों की जान बच सकी। दमकल कर्मियों ने होटल के बेसमेंट से भी 6 से अधिक लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।

न फायर एनओसी, न निकलने का रास्ता

इस बहुमंजिला इमारत के पास फायर डिपार्टमेंट की एनओसी नहीं थी। पूरी इमारत में आने-जाने और आपातकालीन निकास (एग्जिट) के लिए केवल एक ही बेहद संकरा रास्ता था। रेस्टोरेंट के बेसमेंट में भी सिंगल एंट्री-एग्जिट होने के कारण लोग वहीं फंस गए।

'चिमनी' बन गई थी इमारत: फायर ब्रिगेड

दिल्ली अग्निशमन सेवा के पीआरओ ए.के. मलिक ने बताया, 'इस तरह की संकरी और बंद इमारतें आग लगने पर एक 'चिमनी' की तरह काम करती हैं। जहरीला धुआं बहुत तेजी से ऊपर की तरफफैलता है। ऐसे में कमरों के अंदर मौजूद लोगों को संभलने और बाहर निकलने का बिल्कुल भी समय नहीं मिल पाता।'

ममता की टीएमसी टूटी, 58 विधायकों ने अलग गुट बनाया, स्पीकर से मिले

कोलकाता /ए.। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में बड़ी टूट सामने आई है। पार्टी से निकाले गए विधायक ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व में 58 विधायकों ने अलग गुट बना लिया है। उन्होंने दावा किया कि उनके साथ दो और विधायक भी हैं।

ऋतब्रत ने बुधवार को कहा कि 58 विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष रथींद्र बोस को समर्थन पत्र देकर उन्हें विधायक दल का नेता और नेता विपक्ष घोषित करने की मांग की, जिसे स्पीकर ने मंजूरी दे दी है। जावेद खान, संदीपन साहा और सिउली साहा को उपनेता जबकि अखरुज्जमान को चीफ व्हिप बनाया गया है।

ऋतब्रत के मुताबिक संसदीय नियमों के मुताबिक उनका गुट ही बंगाल विधानसभा में असली और मुख्य विपक्ष है। बागी गुट को 58 विधायकों का समर्थन है, जो दल-बदल कानून के तहत जरूरी दो-तिहाई संख्या से ज्यादा है।

हालांकि, अभी विधानसभा स्पीकर और ममता बनर्जी का कोई बयान नहीं आया है। बागी गुट ने अपने पत्र में ममता बनर्जी को अब भी पार्टी अध्यक्ष बताया है, लेकिन अभिषेक बनर्जी का नेतृत्व और विधायक दल से जुड़े फैसलों को मानने से इनकार किया है। यह विवाद उस समय शुरू हुआ, जब ■ शेष पृष्ठ 8 पर

■ पार्टी से निकाले गए ऋतब्रत बनर्जी को विधायक दल का नेता चुना, दावा- स्पीकर ने उन्हें नेता विपक्ष माना

ममता ने पार्टी कमेटियां भंग कीं

पार्टी के भीतर बगावत के बीच ममता बनर्जी ने बुधवार को राज्य की सभी कमेटियों और फ्रंटल संगठनों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। पार्टी अब पूरे संगठन का पुनर्गठन करेगी।

शिवकुमार को कर्नाटक की कमान

बेंगलुरु/नवप्रदेश। डीके शिवकुमार ने बुधवार को बेंगलुरु के लोक भवन में कर्नाटक के 24वें मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इस दौरान वे हाथ में संविधान रखे हुए थे। उन्हें 30 मई को कांग्रेस विधायक दल का नेता चुना गया था। जी परमेश्वर ने नए डिप्टी चीफ मिनिस्टर पद की शपथ ली। इनके अलावा 12 अन्य विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। इनमें पूर्व सीएम सिद्धारमैया के एमएलसी बेटे यतींद्र सिद्धारमैया भी शामिल हैं। शिवकुमार, सिद्धारमैया की जगह राज्य की कमान संभालेंगे। सिद्धारमैया ने 28 मई को सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। वे 20 मई 2023 से 28 मई 2026 तक मुख्यमंत्री रहे।

हॉर्मुज जलडमरूमध्य के अमेरिका-ईरान में भारी गोलाबारी, युद्ध विराम पर संकट

■ ईरान का कुवैत-बहरीन में अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइल-ड्रोन हमला, अमेरिका ने केश्म द्वीप को बनाया निशाना

तेहरान/वॉशिंगटन/वार्ता। हॉर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिका और ईरान के बीच एक बार फिर सीधे सैन्य टकराव की शुरुआत हो गई है। इस ताजा और भारी गोलाबारी ने दोनों देशों के बीच लागू युद्ध विराम समझौते पर संकट के बादल गहरे कर दिए हैं, जिससे शांति प्रयासों में बड़ा गतिरोध ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अमेरिका ने कहा- हमले किए नाकाम, कई ड्रोन निष्क्रिय

उधर, अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमांड ने ईरान के दावों को खारिज करते हुए कहा कि उसने कुवैत और बहरीन पर हुए ईरानी मिसाइल एवं ड्रोन हमलों को पूरी तरह नाकाम कर दिया है। सेंटकॉम के अनुसार, कुवैत पर दागी गई दो ईरानी मिसाइलें रास्ते में ही गिर गईं या टूट गईं, जबकि बहरीन को निशाना बनाने वाली तीन मिसाइलों को अमेरिका और बहरीन के रक्षा बलों ने हवा में ही इंटरसेप्ट (रोक) कर लिया। इसके अतिरिक्त, कुवैत में अमेरिकी बलों को निशाना बनाकर छोड़े गए असंख्य आत्मघाती ड्रोनों को बिना किसी नुकसान के निष्क्रिय कर दिया गया।

8 जून से रायपुर में दौड़ेंगी 8 नई मिनी सिटी बसें

■ 45 दिन के पायलट प्रोजेक्ट के तहत शुरू होगी सेवा, हर 15-20 मिनट में मिलेगी बस

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में 8 जून से आठ नई मिनी (ट्रैवलर) सिटी बसों का संचालन शुरू किया जाएगा। 20 से 22 सीटों वाली ये बसें फिलहाल 45 दिन के पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चलाई जाएंगी।

यात्रियों की प्रतिक्रिया और संचालन की व्यवहारिकता के आधार पर आगे बसों की संख्या बढ़ाने पर विचार किया जाएगा। बस सेवा का ■ शेष पृष्ठ 8 पर

20 से 22 सीटों वाली होंगी बसें, यात्रियों को मिलेगी राहत

खबर का असर

परिवहन विभाग द्वारा दोनों रूटों के लिए 5 जून को परमिट जारी किया जाएगा। इसके बाद सोमवार, 8 जून से बसों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा।

- अनन्या झा, अधिकारी, सीईईडब्ल्यू

छोटी सड़कों के लिए बेहतर विकल्प

नगर निगम और जिला प्रशासन ने शहर की अंदरूनी सड़कों की स्थिति को देखते हुए मिनी बसों के संचालन का निर्णय लिया है। आमापारा से शास्त्री चौक तक कई स्थानों पर सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण बड़ी बसों के बजाय छोटी बसों को अधिक उपयुक्त माना गया है। निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने भी इस पायलट प्रोजेक्ट को सार्वजनिक परिवहन के लिए उपयोगी पहल बताया है।

वैश्विक जलवायु को लेकर रेड अलर्ट: केंद्र का राज्यों को निर्देश- तुरंत लागू करें एक्शन प्लान

भारत समेत दुनियाभर में तीन महीने सूखे का संकट

नई दिल्ली/ए.। देश और दुनिया पर आगामी तीन महीनों के लिए गंभीर सूखे का संकट मंडरा रहा है। भारतीय मौसम विभाग के बाद अब संयुक्त राष्ट्र की मौसम एजेंसी 'विश्व मौसम विज्ञान संगठन' ने भी वैश्विक जलवायु को लेकर रेड अलर्ट जारी कर दिया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, प्रशांत महासागर का पानी तेजी से गर्म हो रहा है, जिससे जून से अगस्त के बीच विनाशकारी 'अल नीनो' के एक्टिव होने की आशंका 80% से बढ़कर नवंबर तक 90% से पार जा सकती है। इस खतरे को भांपते हुए केंद्र ■ शेष पृष्ठ 8 पर

■ देर से आएगा मानसून, अब केवल दो 'नेचुरल सिस्टम' से ही भारत को बड़ी उम्मीदें

■ केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने सभी राज्यों को जिला स्तर पर 'एक्शन प्लान' लागू करने के दिए सख्त निर्देश

■ प्रशांत महासागर में बढ़ा तापमान, 80% हुई 'अल नीनो' की आशंका



क्या है 'अल नीनो' जिसने तोड़े रिकॉर्ड?

जब प्रशांत महासागर के भूमध्यरेखीय क्षेत्र में समुद्री हवाएं कमजोर पड़ती हैं, तो दक्षिण अमेरिकी तट का पानी असामान्य रूप से गर्म हो जाता है। इसी भौगोलिक बदलाव को 'अल नीनो' कहते हैं। यह पूरी दुनिया के मौसम तंत्र को तहस-नहस कर देता है। इससे पहले साल 2023-24 का अल नीनो इतिहास के 5 सबसे भीषण दौर में शामिल था, जिसने दुनिया भर में गर्मी के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए थे।

डब्ल्यूएमओ की चेतावनी: 'युद्ध स्तर पर काम करने का समय'

विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने सख्त लहजे में कहा है कि अब सोचने का समय नहीं बल्कि युद्ध स्तर पर तैयारी करने का है। प्रभावित देशों की सरकारों, कृषि, स्वास्थ्य और ऊर्जा विभागों को आपस में तालमेल बिठाकर काम करना होगा। समय पर मिली सटीक चेतावनी और प्रशासनिक मुस्तैदी से ही लाखों लोगों की जान और फसलों को बचाया जा सकता है।

पटना में खान सर की कोचिंग पर हमला, गार्ड से मारपीट व पथराव

■ पोस्टर फाड़े, ज्ञान बिंदु कोचिंग के डायरेक्टर समेत तीन गिरफ्तार

पटना/ए.। पटना में मंगलवार रात खान सर की कोचिंग ग्लोबल स्टडीज पर हमला हुआ। हमले का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में कुछ लोग गार्ड को पीटते दिख रहे हैं। इस दौरान ईंट-पत्थर भी चलाए गए। पोस्टर भी फाड़ दिए। पुलिस ने ज्ञान बिंदु कोचिंग के डायरेक्टर रोशन आनंद समेत उनके दो सहयोगी अभिषेक और गौरव को गिरफ्तार किया है। तीनों से पुलिस पूछताछ कर रही है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

खान सर बोले- आज पढ़ाई नहीं हो पाएगी

खान सर का कहना है कि हमले में सिक्योरिटी गार्ड का सिर फोड़ दिया गया। उसे पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। खान सर ने पहले 8 से 10 राउंड गोली चलने का दावा किया था। हालांकि, बाद में वे अपने बयान से पलट गए। उन्होंने कहा- 'माहौल इतना तनावपूर्ण था कि मुझे कुछ समझ नहीं आया।' खान सर की ओर से दायर एफआईआर में भी गोलीबारी का कोई जिक्र नहीं है। साथ ही पटना पुलिस ने भी फायरिंग से इनकार किया है। हमले के बाद खान सर का कोचिंग सेंटर आज यानी बुधवार को बंद किया गया है। खान सर ने कहा, 'आज पढ़ाई नहीं हो पाएगी।

एडी वैष्णव हॉस्पिटल की मानवीय पहलः जरूरतमंदों को मिल रहा निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार

भटगांव/नवप्रदेश। जिले के बिलाईगढ़ विकासखंड के स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में जनसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए ए .डी वैष्णव हॉस्पिटल द्वारा क्षेत्र के गरीब, जरूरतमंद एवं असहाय मरीजों को निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। अस्पताल की इस जनहितैषी पहल से न केवल मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं, बल्कि उनमें स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ रही है।

वर्तमान समय में जहां चिकित्सा सुविधाओं का खर्च आम लोगों के लिए चिंता का विषय बनता जा रहा है, वहीं ए डी वैष्णव हॉस्पिटल द्वारा समाज के कमजोर वर्गों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। अस्पताल में आने वाले अनेक जरूरतमंद मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सकीय परामर्श तथा आवश्यकतानुसार उपचार किया जा रहा है। इसके साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को विशेष सहायता प्रदान कर उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

अस्पताल में स्त्री एवं प्रसूति रोग, शिशु रोग, सामान्य चिकित्सा, सर्जरी तथा अन्य स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था उपलब्ध है। अनुभवी चिकित्सकों एवं प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की टीम मरीजों की देखभाल में निरंतर लगी हुई है। अस्पताल प्रबंधन का प्रयास है कि प्रत्येक मरीज को सम्मानपूर्वक,

संवेदनशील एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्राप्त हो।

अस्पताल द्वारा समय-समय पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन भी किया जाता है, जिनमें ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श और उपचार प्रदान किया जाता है। इन शिविरों के माध्यम से उच्च रक्तचाप, मधुमेह, एनीमिया, गर्भवती महिलाओं की जांच, बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण सहित विभिन्न रोगों की स्क्रीनिंग की जाती है। इससे गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान हो पाती है और मरीजों को उचित उपचार मिल जाता है।

अस्पताल से लाभान्वित हुए कई मरीजों एवं उनके परिजनों ने बताया कि उन्हें यहां न केवल बेहतर उपचार मिला, बल्कि चिकित्सकों एवं स्टाफका व्यवहार भी अत्यंत सहयोगपूर्ण और मानवीय रहा। मरीजों ने कहा कि अस्पताल प्रबंधन द्वारा जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए किए जा रहे प्रयास वास्तव में सराहनीय हैं।

अस्पताल प्रशासन का कहना है कि स्वास्थ्य सेवा केवल एक व्यवसाय नहीं बल्कि समाज के प्रति दायित्व है। इसी भावना के साथ अस्पताल द्वारा निरंतर जनसेवा के कार्य किए जा रहे हैं। भविष्य में भी अधिक से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने तथा गरीब मरीजों को सहायता प्रदान करने की योजनाएं बनाई जा रही हैं।

क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों ने भी 80 वैष्णव हॉस्पिटल की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अस्पताल द्वारा किया जा रहा यह कार्य समाज में स्वास्थ्य सेवा के प्रति सकारात्मक संदेश देता है।

रायपुर डिपो से पुस्तक वितरण पर निजी स्कूलों का विरोध

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा निजी विद्यालयों को पाठ्यपुस्तकों का वितरण सीधे रायपुर डिपो से किए जाने की व्यवस्था का जिले के निजी स्कूल संचालकों ने विरोध जताया है। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन, जिला महासमुंद ने इस व्यवस्था को अव्यावहारिक और परेशानी बढ़ाने वाला बताते हुए राज्य शासन एवं पाठ्यपुस्तक निगम से तत्काल इसे वापस लेने की मांग की है। साथ ही निजी विद्यालयों को भी शासकीय विद्यालयों की तरह स्थानीय संकुल स्तर से पाठ्यपुस्तकों का वितरण सुनिश्चित करने की मांग उठाई है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. जॉर्ज रावटे, ब्लॉक अध्यक्ष माधव राव टांकसाले तथा मंत्री राकेश श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से जारी बयान में कहा कि पिछले दो वर्षों से लागू यह व्यवस्था निजी विद्यालयों के लिए लगातार समस्याओं का कारण बन रही है। उनका कहना है कि रायपुर स्थित डिपो में पुस्तक लेने पहुंचने वाले स्कूल प्रतिनिधियों के लिए पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। वहां न तो बैठने की समुचित व्यवस्था है और न ही पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे दूर-दराज के क्षेत्रों से पहुंचने वाले विद्यालय प्रतिनिधियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है।

लोहारा नगर पंचायत में पुनः बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग

उपचुनाव में ईवीएम नंबरों की विसंगति पर कांग्रेस ने उठाए गंभीर सवाल

■ **लोहारा में जनता का फैसला बदलने की साजिश बर्दाश्त नहीं होगी: जायसवाल**

कबीरधाम/ नवप्रदेश। लोहारा नगर पंचायत उपचुनाव में ईवीएम नंबरों की विसंगति पर कांग्रेस ने उठाए गंभीर सवाल, पुनः बैलेट पेपर से चुनाव कराने की रखी मांग । प्रेस वार्ता में कहा गया कि लोहारा नगर पंचायत अध्यक्ष उपचुनाव के संबंध में कलेक्टर कार्यालय में रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा उपलब्ध कराए गए ईवीएम मशीनों की कंट्रोल यूनिट (ष्ट) एवं बैलट यूनिट (क्च) के नंबरों तथा पीठासीन अधिकारियों द्वारा तैयार किए गए प्रारूप क्रमांक 18(क) में दर्ज कंट्रोल यूनिट एवं बैलट यूनिट के नंबरों में विसंगति पाए जाने के विषय पर जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित की गई।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम के अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि ईवीएम मशीनों के नंबरों में पाई गई विसंगति चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्न खड़े करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी संभावित हार को देखते हुए ईवीएम मशीनों की कंट्रोल यूनिट एवं बैलट यूनिट के नंबरों में हेरफेर कर चुनाव को प्रभावित करने का प्रयास कर रही है।

श्री जायसवाल ने कहा कि मात्र एक नगर पंचायत अध्यक्ष उपचुनाव के लिए प्रदेश सरकार के दोनों उपमुख्यमंत्री, दो कैबिनेट मंत्री तथा दस से अधिक विधायकों को चुनाव प्रचार में उतरना पड़ा। इससे स्पष्ट है कि भाजपा अपनी संभावित हार से चिंतित है। उन्होंने आरोप लगाया कि गृह मंत्री विजय शर्मा अपनी राजनीतिक साख बचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

उन्होंने निर्वाचन आयोग से मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा लोहारा नगर पंचायत अध्यक्ष उपचुनाव को निरस्त कर पुनः बैलेट पेपर के माध्यम से चुनाव कराया जाए।

नगर पंचायत अध्यक्ष पद के कांग्रेस प्रत्याशी रोशन वैष्णव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा पहले नाम वापसी के लिए दबाव बनाने का प्रयास किया गया, लेकिन उसमें सफलता नहीं मिली। उन्होंने कहा कि लोहारा की देवतुल्य जनता ने कांग्रेस पार्टी को अपना आशीर्वाद एवं समर्थन दिया है। भाजपा अपनी हार को देखते हुए अब ईवीएम मशीनों के नंबरों में हेरफेर कर चुनाव परिणामों को प्रभावित करने का प्रयास कर रही है। जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री मनीष शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने पूरे नगर पंचायत क्षेत्र में मजबूती के साथ चुनाव लड़ा है और जनता के बीच कांग्रेस के पक्ष में सकारात्मक माहौल था। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा संभावित हार से घबराकर चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश कर रही है। प्रेस वार्ता में कांग्रेस कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष अशोक सिंह ठाकुर, कवर्धा ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष मणिकांत त्रिपाठी, प्रदेश सचिव वीरेन्द्र सिंह जांगड़े, महामंत्री गोपाल चंद्रवंशी, अ.जा. अध्यक्ष राजेंद्र मार्कण्डेय, सेव दल अध्यक्ष पदुम सेन, आकाश केशवानी, मेहुल सत्यवंशी आशीष साहू सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गणेश प्रतिमाओं के मूल स्वरूप पर जोर

■ **पीओपी मूर्तियों के विक्रय पर चेतावनी**

महासमुंद / नवप्रदेश। आगामी गणेश चतुर्थी पर्व को लेकर विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल ने प्रतिमा निर्माण को लेकर कुम्हार (प्रजापति) समाज के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। कुम्हार पारा स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित इस बैठक में विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष हर्षवर्धन चंद्राकर के नेतृत्व में समाज के सदस्यों से चर्चा कर भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं के निर्माण संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में परिषद पदाधिकारियों ने प्रतिमा निर्माताओं से आग्रह किया कि भगवान गणेश की प्रतिमाएं केवल उनके मूल एवं पारंपरिक स्वरूप में ही बनाई जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्टून, फिल्मी पात्रों अथवा अन्य अशोभनीय स्वरूपों में गणेश प्रतिमाओं का निर्माण नहीं किया जाना चाहिए। परिषद के सदस्यों ने कहा कि धार्मिक आस्था और भारतीय संस्कृति के अनुरूप प्रतिमाओं का निर्माण किया जाना आवश्यक है।

इस दौरान परिषद के सदस्य उत्तम वर्मा, चंदन नेताम, प्रदीप वर्मा एवं राहिल गुप्ता ने कुम्हार समाज के प्रतिनिधियों को बताया कि प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) से बनी प्रतिमाओं के विक्रय को लेकर शासन द्वारा प्रतिबंधात्मक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई व्यक्ति पीओपी से निर्मित प्रतिमाओं का विक्रय करते पाया गया तो इसकी सूचना प्रशासन को देकर संबंधित के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई एवं एफआईआर दर्ज कराने की मांग की जाएगी।जिलाध्यक्ष हर्षवर्धन चंद्राकर ने जानकारी देते हुए बताया कि गणेश चतुर्थी से पूर्व बजरंग दल के कार्यकर्ता विभिन्न गणेशोत्सव समितियों से संपर्क कर उन्हें भगवान गणेश की प्रतिमा विधि-विधान एवं मूल स्वरूप में स्थापित करने, अशोभनीय गीत-संगीत से परहेज करने तथा भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के अनुरूप शालीनता के साथ पर्व मनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

उन्होंने प्रतिमा निर्माताओं से यह भी आग्रह किया कि प्रत्येक प्रतिमा के नीचे निर्माता अपना नाम एवं मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से अंकित करें, जिससे आवश्यकता पड़ने पर संबंधित निर्माता की पहचान सुनिश्चित की जा सके।बैठक में कुम्हार समाज के सदस्यों ने सर्वसम्मति से सुझाव दिया कि माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष रवि चक्रधारी से भेंट कर पूरे छत्तीसगढ़ में भगवान गणेश की प्रतिमाओं का निर्माण केवल मूल स्वरूप में सुनिश्चित कराने तथा प्लास्टर ऑफपेरिस से बनी प्रतिमाओं के विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की जाए।

मूल स्वरूप में ही बनें गणेश प्रतिमाएंः बैठक में विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल ने स्पष्ट संदेश दिया कि धार्मिक आस्था के प्रतीक भगवान गणेश की प्रतिमाएं पारंपरिक स्वरूप में ही निर्मित हों। साथ ही पीओपी प्रतिमाओं के स्थान पर पर्यावरण अनुकूल मिट्टी की प्रतिमाओं को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया।

बैठक में जागेश्वर प्रजापति, मुकेश प्रजापति, उमेश प्रजापति, शंभू प्रजापति, दीपक प्रजापति, दिलीप प्रजापति, जीतू प्रजापति, रामगोपाल प्रजापति, सुरेश प्रजापति, दाऊ प्रजापति, देवानंद प्रजापति, शंभूनाथ चक्रवर्ती, राजू प्रजापति, आकाश प्रजापति, गौतम प्रजापति सहित बड़ी संख्या में कुम्हार समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

प्रदेश में जल्द शुरू होगी सीएम हेल्पलाइन 1076 शिकायतों के त्वरित निराकरण पर रहेगा फोकस

■ **कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश, 24 घंटे संचालित होगी सेवा; शिकायतों की निगरानी सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय से होगी**

महासमुंद/नवप्रदेश। प्रदेश में आम नागरिकों की शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए राज्य शासन द्वारा जल्द ही सीएम हेल्पलाइन 1076 की शुरुआत की जाएगी। इस नई व्यवस्था के माध्यम से लोगों को अपनी शिकायत दर्ज कराने, शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी प्राप्त करने तथा समस्याओं के समयबद्ध समाधान की सुविधा एक ही मंच पर उपलब्ध होगी।

इस संबंध में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सीएम हेल्पलाइन के तहत प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों का निर्धारित समयावधि में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन शासन की एक महत्वाकांक्षी और दूरदर्शी पहल है, जिसका उद्देश्य आम नागरिकों को शिकायत निवारण का एकीकृत, सुलभ और विश्वसनीय माध्यम उपलब्ध कराना है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य स्तरीय प्रशिक्षण दल के प्रमुख आर.के. शर्मा, आईटी मैनेजर सौरभ श्रीकांत सहित अन्य अधिकारियों ने पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से शिकायत प्रबंधन प्रणाली की पूरी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान ऑनलाइन शिकायत पंजीयन, विभिन्न स्तरों पर मॉनिटरिंग, शिकायतों के निस्तारण की चरणबद्ध प्रक्रिया तथा अधिकारियों की जवाबदेही से संबंधित बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

कलेक्टर लंगेह ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त प्रत्येक आवेदन और शिकायत का गंभीरता से परीक्षण कर त्वरित समाधान सुनिश्चित करना सभी विभागों की प्राथमिक जिम्मेदारी होगी। उन्होंने अधिकारियों से शिकायतों के लंबित रहने की स्थिति से बचने तथा नागरिकों को संतोषजनक समाधान उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान देने को कहा।

खेत बचाओ अभियान के तहत गांव-गांव पहुंच रहा कृषि विभाग

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में कृषि विभाग द्वारा संचालित 'खेत बचाओ अभियान' के अंतर्गत किसानों को टिकाऊ एवं वैज्ञानिक खेती के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न गांवों में कृषक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बसना एवं सरायपाली विकासखंड के ग्राम पंचायत नौगड़ी, जोगनीपाली, बालसी, भोथलडीह, सिरबोड़ा, चकरदा, बिरकोल, परसदा और कोटेनदरहा सहित अन्य गांवों में जागरूकता शिविर लगाए गए। कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, हरी खाद के उपयोग तथा रासायनिक उर्वरकों के संतुलित एवं कम प्रयोग के महत्व की जानकारी दी।

खेत बचाओ अभियान नहीं, बल्कि किसान मारो अभियान साबित हो रही है भाजपा सरकार की नीति : धनेंद्र साहू

नवापारा राजिम/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू ने भाजपा सरकार द्वारा चलाए जा रहे ÷खेत बचाओ अभियान÷ की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि यह अभियान वास्तव में खेत बचाने का नहीं, बल्कि किसानों को संकट में डालने और उनकी समस्याओं से ध्यान भटकाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खरीफ फसल का सीजन शुरू हो चुका है और किसान खेती-किसानी के कार्यों में जुट गए हैं। ऐसी स्थिति में किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं हो रही है। प्रदेश भर में किसान सोसायटियों और खाद केंद्रों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं, लेकिन उन्हें समय पर खाद नहीं मिल पा रही है। अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए सरकार अब किसानों को रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कम करने की सलाह दे रही है, जो पूरी तरह से अव्यावहारिक और किसान विरोधी है।धनेंद्र साहू ने आरोप लगाया कि

सरकार किसानों की सहकारी समितियों को पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने के बजाय बड़े पैमाने पर निजी व्यापारियों को खाद की आपूर्ति कर रही है, जिससे कालाबाजारी को बढ़ावा मिल रहा है। सरकार का दायित्व किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराना और कालाबाजारी पर रोक लगाना है, लेकिन वह अपनी जिम्मेदारियों से बचने के लिए नए-नए अभियान चला रही है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में प्रदेशभर में गौठानों का निर्माण किया गया था, जहां गोवंश संरक्षण के साथ-साथ महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा वर्मी कम्पोस्ट एवं जैविक खाद का उत्पादन किया जाता था। इससे किसानों को जैविक खेती की ओर प्रोत्साहन मिला था और रासायनिक खादों पर उनकी निर्भरता कम हो रही थी। लेकिन भाजपा सरकार आते ही भ्रष्टाचार का बहाना बनाकर सारे गौठानों को बंद कर दिया गया, जिससे जैविक खाद उत्पादन की पूरी व्यवस्था ध्वस्त हो गई और किसानों जो जैविक खाद की ओर लौट रहे थे, वह महत्वपूर्ण विकल्प समाप्त हो गया। इससे किसान वर्ग में भारी नाराजगी और निराशा का माहौल है। धनेंद्र साहू ने मांग की है कि भाजपा सरकार बहानेबाजी छोड़कर प्रदेश में खाद की कालाबाजारी पर तत्काल रोक लगाए तथा उपलब्ध समस्त खाद को निजी व्यापारियों के बजाय सहकारी समितियों और सोसायटियों के माध्यम से किसानों तक पहुंचाना सुनिश्चित करे। किसानों को समय पर और पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है, जिससे खरीफ सीजन की खेती प्रभावित न हो और किसानों को आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके।

गैंदाटोला में अवैध शराब बिक्री की चर्चा तेज

■ **समाजसेवी अनीस सोनी ने पुलिस व आबकारी विभाग से की सख्त कार्रवाई की मांग**

छुरिया / नवप्रदेश।। गैंदाटोला में कथित रूप से हो रही अवैध शराब बिक्री को लेकर समाजसेवी अनीस सोनी ने प्रशासनिक तंत्र की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए पुलिस एवं आबकारी विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि गैंदाटोला में अवैध शराब बिक्री की चर्चा लंबे समय से आम लोगों के बीच हो रही है, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आ रही है।अनीस सोनी ने कहा, ÷जब गांव के आम नागरिकों को इस संबंध में जानकारी है, तो यह मानना मुश्किल है कि जिम्मेदार विभागों तक इसकी सूचना नहीं पहुंची होगी। इसके बावजूद कार्रवाई का अभाव कई सवाल

खड़े करता है। आखिर ऐसी कौन सी वजह है कि चर्चाओं के बावजूद जांच और कार्रवाई नहीं हो रहीउन्होंने कहा कि अवैध शराब का कारोबार केवल कानून का उल्लंघन नहीं, बल्कि गांव के सामाजिक ताने-बाने और युवाओं के भविष्य के लिए भी गंभीर खतरा बनता जा रहा है। नशे की बढ़ती प्रवृत्ति से युवा वर्ग प्रभावित हो रहा है और कई परिवार इसके दुष्परिणाम भुगत रहे हैं।

समाजसेवी अनीस सोनी ने पुलिस विभाग एवं आबकारी विभाग से मांग करते हुए कहा कि गैंदाटोला तथा आसपास के क्षेत्रों में संयुक्त रूप से आकस्मिक जांच अभियान चलाया जाए ।

और संदिग्ध स्थानों पर छापेमार कार्रवाई की जाए। यदि कहीं भी अवैध शराब का कारोबार संचालित पाया जाता है तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।उन्होंने कहा, ÷कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। वहीं अवैध शराब पर रोक लगाने की जवाबदेही आबकारी विभाग की है।

कलेक्टर ने यातायात सुविधा और नागरिक मनोरंजन के नए आयाम का लिया जायजा

फोरलेन सड़कों और चौपाटी से सुंदर होगा धमतरी शहर

■ **समग्र शहरी विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल, सड़क चौड़ीकरण के साथ भविष्य की पेयजल व्यवस्था का भी रखा जा रहा ध्यान**

धमतरी/नवप्रदेश। जिले में आधुनिक एवं सुरक्षित शहरी अधोसंरचना के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने शहर की प्रमुख फोरलेन सड़क परियोजनाओं तथा कांटा तालाब परिसर में विकसित किए जा रहे चौपाटी स्थल का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की तैयारियों और प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी प्रारंभिक प्रक्रियाएं शीघ्र पूर्ण कर निर्माण कार्यों को गति देने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा रत्नाबांधा चौक से मुजगहन तक लगभग 4.4 किलोमीटर लंबाई की फोरलेन सड़क निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। परियोजना के तहत सड़क किनारे आवश्यक पेड़ों की कटिंग का कार्य शुरू हो चुका है तथा निविदा प्रक्रिया भी पूर्ण कर ली गई है। निर्माण कार्य जून माह के अंतिम सप्ताह अथवा जुलाई के प्रथम सप्ताह से तेज गति से प्रारंभ होने की संभावना है।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने सड़क निर्माण से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी लेते हुए कहा कि यह परियोजना शहर के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही सिहावा चौक से कुल्यारी तक लगभग 5 किलोमीटर लंबी सड़क को भी फोरलेन के रूप में विकसित किए जाने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं के पूर्ण होने से शहर में लगातार बढ़ रहे यातायात दबाव को कम करने में सहायता मिलेगी। नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी तथा भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप बेहतर सड़क नेटवर्क विकसित हो सकेगा।

निरीक्षण के दौरान यह भी बताया गया कि सड़क चौड़ीकरण कार्य को केवल यातायात सुविधा तक सीमित नहीं रखा गया है, बल्कि इसे दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ तैयार किया जा रहा है। प्रस्तावित फोरलेन सड़कों के दोनों ओर पाथवे का निर्माण किया जाएगा, जिससे पैदल चलने वाले नागरिकों को भी सुरक्षित और सुविधाजनक मार्ग उपलब्ध हो सके। इसके अलावा भविष्य में पेयजल पाइपलाइन विस्तार की संभावित आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए पहले से समुचित व्यवस्था की जाएगी।

न्यूज गैलरी

आंगनबाड़ी भवनों और बाउंड्रीवॉल निर्माण के लिए 48 लाख मंजूर

रायपुर/नवप्रदेश। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने कबीरधाम जिले के बोड़ला नगर पंचायत में तीन आंगनबाड़ियों के भवन तथा अटल परिसर में बाउंड्रीवॉल के निर्माण के लिए 48 लाख रुपए की प्राविधिक स्वीकृति प्रदान की है। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने संचालनालय से इनकी प्राविधिक मंजूरी के आदेश जारी कर दिए हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विकास ने बोड़ला नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक-1, वार्ड क्रमांक-9 और वार्ड क्रमांक-14 में आंगनबाड़ी भवन के निर्माण के लिए कुल 39 लाख रुपए स्वीकृत किए हैं। विभाग द्वारा अटल परिसर में बाउंड्रीवॉल के निर्माण के लिए भी 9 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं।

मॉडर्न कबड्डी को 'ग्लोबल कबड्डी' बनाने पर जोर

रायपुर/नवप्रदेश। मॉडर्न कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया की तीन दिवसीय चौथी जनरल बॉडी मीटिंग आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में हुई। बैठक में महाराष्ट्र मंडल के सभासद और खेलकूद समिति के प्रभारी ओपी कटारिया को मॉडर्न कबड्डी फेडरेशन का एक्जीक्यूटिव कमेटी मेंबर चुना गया। बैठक में मंडल के नाट्य सभासद पवन ओगले विशेष रूप से शामिल हुए। जनरल बॉडी मीटिंग मॉडर्न कबड्डी एसोसिएशन आंध्र प्रदेश की ओर से आहुत की गई थी। फेडरेशन के अध्यक्ष आनंद साहू और फाउंडर व जनरल सेक्रेटरी डॉक्टर के. रामा रेड्डी गारू ने बैठक का संचालन किया। डॉ. सीएच राजा राव वाइस प्रेसिडेंट और टेक्निकल डायरेक्टर ने मॉडर्न कबड्डी खेल के नियमों और ग्राउंड के बारे में तकनीकी जानकारी विभिन्न राज्यों के प्रेसिडेंट, सेक्रेटरी कोच और निर्णायकों को दी। तीन दिवसीय बैठक में विभिन्न सेशन की चर्चा के दौरान मॉडर्न कबड्डी को 'ग्लोबल कबड्डी' बनाने पर जोर दिया गया। इसके लिए विशेषज्ञों, फेडरेशन के पदाधिकारियों ने कई अहम सुझाव भी दिए।

रोहिणीपुरम केंद्र की महिलाओं ने सुमन कल्याणपुर को दी सुरीली श्रद्धांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल के रोहिणीपुरम केंद्र की महिलाओं ने मंगलवार, 2 जून को अधिक मास के उपलक्ष्य पर हनुमान चालीसा का पाठ कर दीपदान किया। इस अवसर पर सभी महिलाओं का स्वागत हल्दी-कुंकू से किया गया। वहीं महिलाओं ने मराठी भजनों की सुमधुर प्रस्तुतियों से बैठक को भक्तिमय बना दिया। रोहिणीपुरम केंद्र की संयोजिका साधना बहिरट ने बताया कि अधिक मास के उपलक्ष्य पर केंद्र की मासिक बैठक सभासद संध्या खंगन के निवास पर हुई। यह मासिक बैठक संध्या खंगन, सोनाली कुलकर्णी और अनिता लांगे ने आहुत की थी। स्वागत सत्कार के बाद रविवार को दिवंगत सुप्रसिद्ध पार्श्व गायिका सुमन कल्याणपुर को सभी महिला सभासद होने उनके हिंदी - मराठी गीत गाकर सुरीली श्रद्धांजलि दी। बैठक में महिलाओं ने मराठी और हिंदी भजन गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। उसके बाद सभी ने फिल्मी गीतों पर आधारित अंताक्षरी का भी लुत्फउठाया। संध्या खंगन ने जानकारी दी कि हिन्दू धर्म में अधिक मास (पुरुषोत्तम मास) के दौरान दीपदान करने का अत्यंत आध्यात्मिक और धार्मिक महत्व है। इस पवित्र माह में नियमित रूप से शाम के समय घी या तिल के तेल का दीपक जलाने और दान करने से मनुष्य के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। साथ ही दरिद्रता का नाश होता है। इसी के चलते आज की बैठक में सभी ने दीपदान किया।

अवैध शराब बिक्री करते युवक गिरफ्तार, 45 पाव देशी शराब जब्त

रायपुर/नवप्रदेश। थाना तेलीबांधा पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 45 पाव देशी शराब बरामद की

गई है, जिसकी कुल मात्रा 8.100 लीटर तथा अनुमानित कीमत 3,500 रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार 2 जून 2026 को सूचना मिली थी कि लाभांडी स्थित सूरज नगर क्षेत्र में एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेच रहा है। सूचना मिलते ही थाना तेलीबांधा की विशेष टीम का गठन कर मौके पर भेजा गया। मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंचकर पुलिस ने घेराबंदी कर छापेमार कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने सुरेश बघेल (28 वर्ष) निवासी सूरज नगर, जैतखाम के पास, थाना तेलीबांधा को पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 45 पाव देसी शोले मसाला शराब बरामद हुई। प्रत्येक पाव में 180 मिलीलीटर शराब भरी हुई थी। कुल 8.100 लीटर शराब को मौके पर जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना तेलीबांधा में अपराध क्रमांक 245/2026 दर्ज कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला कायम किया है।

निधन

महेन्द्र तिवारी

रायपुर/नवप्रेश। अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि

महेन्द्र तिवारी (पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी (क्रिकेट) एवं सेवानिवृत्त अधीक्षक, सेंट्रल एक्साइस (जीएसटी विभाग) का 65 वर्ष की आयु में दुखद निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा कल 4 जून 2026 को सुबह 9 बजे उनके निज निवास फ्लैट नं. A-404, सृष्टि प्लाजो, अवंति विहार से मारवाड़ी श्मशान घाट के लिए प्रस्थान करेगी। वे श्री योगेन्द्र तिवारी के छोटे भाई व उत्कर्ष के पिता थे।

एनओसी के इंतजार में अटकी 22 करोड़ रुपए की जल योजना

■ राजधानी के खम्हारडीह के हजारों परिवारों पर पेयजल संकट गहराया

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के खम्हारडीह क्षेत्र में पेयजल संकट लगातार गंभीर होता जा रहा है। तेजी से बढ़ती आबादी के बावजूद इलाके में जल आपूर्ति की पर्याप्त व्यवस्था नहीं हो सकी है, जिससे स्थानीय लोगों को सालभर पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में स्थिति और भी विकट हो जाती है। क्षेत्र की समस्या के स्थायी समाधान के लिए सरकार ने नगरोत्थान योजना के तहत करीब 22 करोड़ रुपये की लागत से नई पानी टंकी निर्माण और पाइपलाइन नेटवर्क विस्तार परियोजना को मंजूरी दी थी। हालांकि प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के कई महीने बाद भी यह महत्वाकांक्षी योजना जमीन पर नहीं उतर पाई है।

जानकारी के मुताबिक प्रस्तावित पानी टंकी के लिए चिन्हित भूमि महिला एवं बाल विकास विभाग के अधीन है। नगर निगम को अब तक संबंधित विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) नहीं मिल सका है। यही वजह है कि निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया और पूरी परियोजना फाइलों में अटकी हुई है। इस देरी का असर खम्हारडीह सहित आसपास के कई इलाकों के हजारों परिवारों पर पड़ रहा है। सेल्स टैक्स कॉलोनी, अवंती विहार, शंकर नगर के कुछ हिस्सों

समेत कई वार्डों में नियमित जलापूर्ति प्रभावित हो रही है। हालात संभालने के लिए नगर निगम फिलहाल पांच टैंकरों के जरिए प्रतिदिन करीब 50 ट्रिप पानी की आपूर्ति कर रहा है। इसके बावजूद कई परिवारों को निजी टैंकरों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। क्षेत्र में लगातार गिरते भूजल स्तर ने समस्या को और गंभीर बना दिया है।

नगरोत्थान योजना के तहत मार्च में परियोजना को प्रशासनिक मंजूरी मिल गई थी। इसके बाद भूमि चयन कर एनओसी के लिए संबंधित विभाग को प्रस्ताव भेजा गया। अधिकारियों ने 23 अप्रैल को भूमिपूजन की तैयारी भी कर ली थी, लेकिन अनुमति नहीं मिलने के कारण कार्यक्रम स्थगित करना पड़ा। अब मानसून की शुरुआत के साथ परियोजना में और देरी की आशंका बढ़ गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि आने वाले दिनों में एनओसी मिल भी जाती है, तब भी बारिश के दौरान नींव और अन्य प्रारंभिक निर्माण कार्य शुरू करना चुनौतीपूर्ण होगा। ऐसे में निर्माण कार्य मानसून के बाद ही रफ्तार पकड़ सकेगा, जिससे अगले गर्मी सीजन तक भी लोगों को राहत मिलने की संभावना कम नजर आ रही है। क्षेत्र की पार्षद पुष्पा रोहित साहू ने निगम प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि यदि समय रहते आवश्यक अनुमति प्राप्त कर ली जाती तो मानसून से पहले निर्माण कार्य शुरू हो सकता था। उन्होंने आशंका जताई कि अब क्षेत्रवासियों को अगले वर्ष भी जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। वहीं जलकार्य विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंह फरेंद्र ने दावा किया है कि परियोजना को जल्द शुरू करने के प्रयास जारी हैं। उनके अनुसार निगम आयुक्त ने इस संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की है तथा आवश्यक पत्राचार भी किया जा चुका है। विभाग को उम्मीद है कि जल्द ही एनओसी मिलने के बाद निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

राजनांदगांव में भी ईडी की दबिश, रिटायर्ड आईएएस के ठिकानों पर छापे, दस्तावेजों की जांच

सीजीपीएससी घोटाला में पूर्व परीक्षा नियंत्रक के घर रेड, 4 जिलों में जांच

दुर्ग भिलाई। नवप्रदेश। सीजीपीएससी भर्ती परीक्षा घोटाला मामले में ईडी ने रायपुर, दुर्ग-भिलाई और राजनांदगांव में छापेमारी की है। पूर्व परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक के रायपुर स्थित घर में कार्रवाई चल रही है। वहीं रिटायर्ड आईएएस जेके ध्रुव के भिलाई सेक्टर-10 स्थित घर पर सुबह 6 बजे से जांच जारी है। बता दें कि जेके ध्रुव सीजी-पीएससी भर्ती घोटाले में आरोपी हैं और फिलहाल जेल में हैं। इस कार्रवाई को भारतमाला घोटाला मामले में उनके कनेक्शन से भी जोड़कर देखा जा रहा है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है।

वहीं राज्यपाल के पूर्व सचिव अमृत खलखो के भिलाई तालपुरी स्थित निवास पर भी जांच चल रही है। बता दें कि उनकी बेटी नेहा का 13वीं रैंक और बेटे निखिल का 17वीं रैंक के साथ डिप्टी

कलेक्टर के पद पर चयन हुआ था। राजनांदगांव में तत्कालीन डिप्टी परीक्षा नियंत्रक ललित गणवीर के घर पर भी छापा मारा गया है। गणवीर इस मामले में पहले से ही जेल में बंद हैं। ईडी की करीब आठ अधिकारियों की टीम पहुंची हुई है। घर के अंदर दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

यह मामला 2020 से 2022 के बीच हुई भर्ती प्रक्रियाओं से जुड़ा है। आरोप है कि आयोग की परीक्षाओं और इंटरव्यू में पारदर्शिता को दरकिनार कर राजनीतिक और प्रशासनिक रसूख वाले परिवारों के उम्मीदवारों को उच्च पदों पर चयनित किया गया। इस दौरान योग्य अभ्यर्थियों की अनदेखी कर डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी और अन्य राजपत्रित पदों पर अपने नजदीकी लोगों को पद दिलवाने का खेल हुआ। प्रदेश सरकार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच सीबीआई को सौंपी। जांच एजेंसी ने छापेमारी में कई दस्तावेज और आपत्तिजनक साक्ष्य बरामद किए हैं।

टामन सिंह ने रिश्तेदारों और करीबियों को लाभ पहुंचायाः सीबीआई ने दलील दी कि, साल 2020 से 2022 के बीच आयोजित राज्य सेवा परीक्षा में बड़े स्तर पर अनियमितताएं की गईं। आरोप है कि तत्कालीन अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए रिश्तेदारों और करीबी लोगों को अनुचित लाभ पहुंचाया। जांच में सामने आया कि एक निजी कंपनी से सीएसआर मद के तहत 45 लाख रुपए एक एनजीओ को दिए गए। जिसकी अध्यक्ष सोनवानी की पत्नी थीं। इसके बदले प्रश्नपत्र लीक किए गए।

प्रश्न पत्र लीक करने में रही प्रमुख भूमिकाः सीबीआई का यह भी आरोप है कि, परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक और डिप्टी परीक्षा नियंत्रक ललित गनवीर ने अध्यक्ष के निर्देश पर उद्योगपति श्रवण गोयल को प्रश्नपत्र उपलब्ध कराए। जिन्होंने आगे यह प्रश्नपत्र अपने बेटे और बहू को दिए। दोनों का चयन डिप्टी कलेक्टर पद पर हुआ। वहीं, सोनवानी के भतीजों का चयन डिप्टी कलेक्टर और डिप्टी एसपी पद पर हुआ।

देवारपारा में गांजा सप्लाई नेटवर्क पर पुलिस की कार्रवाई, सप्लायर गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। थाना तेलीबांधा पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गांजा सप्लाई नेटवर्क से जुड़े एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 4.327 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी क्षेत्र में गांजा सप्लायर के रूप में सक्रिय था और लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 25 फरवरी 2026 को सूचना के आधार पर देवारपारा क्षेत्र में छापेमारी कर दीपक साहू (24 वर्ष) निवासी सुभाष नगर, देवारपारा को गिरफ्तार किया गया था। उसके कब्जे से 3.149 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ था। इस मामले में थाना तेलीबांधा में अपराध क्रमांक 197/2026 के तहत धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था। पूछताछ के दौरान दीपक साहू ने खुलासा किया था कि उसे गांजा आशीष वाधवानी से प्राप्त हुआ था। इसके बाद पुलिस लगातार आशीष वाधवानी की तलाश कर रही थी, लेकिन वह घटना के बाद से फरार था। इसी बीच 2 जून 2026 को मुखबिर से सूचना मिली कि आशीष वाधवानी देवारपारा स्थित जलविहार कॉलोनी के आसपास गांजा बेचने की फिराक में मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस की विशेष टीम ने मौके पर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की और आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

हिस्ट्रीशीटर अजय मोटवानी गांजा बेचते गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। थाना तेलीबांधा एवं एसीसीयू रायपुर की संयुक्त टीम ने नशे के कारोबार के खिलाफकार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर आरोपी को गांजा बेचते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2 किलो 186 ग्राम गांजा जब्त किया है, जिसकी अनुमानित कीमत 20 हजार रुपये बताई गई है।

नशामुक्ति पर कार्यशाला

रायपुर/नवप्रदेश। अंतरराष्ट्रीय धुम्रपान दिवस पर अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए महाराष्ट्र मंडल के छत्रपति शिवाजी महाराज सभागृह में नशामुक्ति को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर नशे से होने वाले स्वास्थ्यत नुकसान पर चर्चा करने के साथ इसे रोकने के लिए लोगों को जागरूक करने की बात सभी वक्ताओं ने कही। वहीं इस अवसर पर उपस्थित जनों ने खुद नशा न करने और लोगों को नशा न करने देने के लिए जागरूक करने की शपथ ली। महाराष्ट्र मंडल के मुख्य समन्वयक श्याम सुंदर खंगन ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन के समाज कल्याण विभाग की ओर से अनुदानित सियान गुड़ी, दिव्यांग बालिका विकास गृह में शासन की ओर से जारी पत्र के परिप्रेक्ष्य में नशा मुक्ति कार्यशाला लगाई गई। इस अवसर पर अजय मधुकर काले ने नशे को उत्तम समाज का सबसे बड़ा शत्रु बताते हुए कहा कि आए दिन अखबारों में नशे के बढ़ते कारोबार और उससे नुकसान को हम पढ़ते है।

आमानाका क्षेत्र से एक्टिवा चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, चोरी की वाहन बरामद

रायपुर/नवप्रदेश। एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट तथा थाना आमानाका पुलिस की संयुक्त टीम ने वाहन चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई एक्टिवा बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के पास से लगभग 40 हजार रुपये मूल्य की चोरी की वाहन जब्त की है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी नवीन चंद्रवंशी ने थाना आमानाका में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 26 मई 2026 को सरोना स्थित शराब दुकान के पास खड़ी उनकी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 केजे 4471 को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया।

अनिकेत को देखने पहुंचे 500 रंगप्रेमी

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल के सुपरहिट हिंदी नाटक 'मैं अनिकेत हूं' ने रायगढ़ में भयंकर आंधी, बारिश और ब्लैक आउट के बीच रायगढ़ के पांच सौ से अधिक रंगप्रेमी दर्शकों के दिलों में जगह बनाई। हाल ही में रायगढ़ के जिंदल ऑडिटोरियम में मंचित नाटक 'मैं अनिकेत हूं' ने दर्शकों के मन में यह सवाल छोड़ दिया कि कोर्ट रूम में अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा सामने खडे हुआ जले चेहरे वाला वह व्यक्ति आखिर कौन है अनिकेत है या शशिकांत जाधव।

नाटक 'मैं अनिकेत हूं' के निर्देशक शशि वरवंडकर ने अनिकेत की केंद्रीय भूमिका में जान फूंक दी है। कोर्ट रूम में जज के सामने अनिकेत अपने पहले ही संवाद 'ये मेरी जिंदगी को बर्बाद

करने की यह सुनियोजित और घृणित साजिश है। दो महीने पहले हुई ट्रेन दुर्घटना में बुरी तरह घायल होने के कारण मैं अपने ही लोगों के लिए करीब-करीब लापता था। इस वाक्या का फायदा उठाते हुए, जो लोग मुझे जिंदा नहीं देखना चाहते थे, उन्होंने मेरे अस्तित्व की संभावनाओं को नकारते हुए यह अफवाह फैलाई कि अब मैं इस दुनिया में नहीं रहा।

मैं अनिकेत शर्मा, अगर लौट आने पर अपने ही घर में जाता हूं तो इसमें मेरा अपराध क्या है' से दर्शकों पूरी तरह नाटक से जोड़ लेते हैं। सबसे महत्वपूर्ण और बड़ी भूमिका में शशि वरवंडकर अपनी अभिनय क्षमता से दर्शकों को पूरे 80 मिनट तक नाटक के हर एक फ्रेम में बांधे रखते हैं। वकील भारद्वाज के रोल में चेतन दंडवते, अनिकेत की पत्नी मीनाक्षी के रोल में डॉ. अनुराधा दुबे, जज के किरदार में दिलीप लांबे और डॉ. गजानन ब्रह्मानंद शिरोडकर के रूप में रंजन मोड़क अपने सधे व संतुलित अभिनय से अनिकेत के साथ नाटक में अपनी सामूहिक पकड़ को मजबूत करते हैं।

अंतरराज्यीय नाट्य प्रतियोगिता में रंगभूमि की 'टीस' रही उप विजेता, 10 नाटकों का मंचन

■ राजनांदगांव में हुई प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ सहित पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश की नाट्य संस्थाओं में एकल और एकांकिका के 10 नाटकों का हुआ मंचन

रायपुर/नवप्रदेश। राजनांदगांव में हुए अंतरराज्यीय नाट्य स्पर्धा में महाराष्ट्र मंडल की सहयोगी नाट्य संस्था 'रंगभूमि' के कलाकारों ने नाटक 'टीस' में अपने बेहतरीन अभिनय का प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रंगभूमि के कलाकार आकाश वरठी और ट्विंकल परमार ने भी क्रमशः सर्वश्रेष्ठ सह अभिनेता और सह अभिनेत्री का पुरस्कार भी अपने नाम किया। स्पर्धा भारत रत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में हुई।

'टीस' की परिकल्पना करने वाले आचार्य रंजन मोड़क ने

बताया कि स्पर्धा में एकल और एकांकी नाटक सहित कुल 10 नाटकों का मंचन हुआ। इसमें पश्चिम बंगाल से कोलकाता, मध्य प्रदेश से इंदौर, छिंदवाड़ा छत्तीसगढ़ से रायपुर, धमतरी, राजनांदगांव के नाट्य समूह ने भाग लिया। समूह नाटक में प्रथम स्थान इंदौर के 'गज फुट इंच' को प्राप्त हुआ। स्पर्धा में उप विजेता रंगभूमि के नाटक 'टीस' को और तीसरे स्थान पर छिंदवाड़ा नाट्य दल का नाटक रहा। प्रतियोगिता में निर्णायक संतोष जैन रायपुर, राजकुमार सोनी दुर्ग, शक्ति चटर्जी भिलाई, मनोज गुप्ता डोंगरगढ़ और रंजन घोष कोलकाता थे।

आचार्य मोड़क के मुताबिक नाटक के लेखक लोकेश रंजन है। निर्देशन युवा निर्देशक लोकेश साहू ने किया। नाटक में प्रांजल सिंह राजपूत (बाबूजी), आकाश वरठी (रजत), ट्विंकल परमार (मीना), प्रभात साहू (बलवंत), रंजना ध्रुव (लेखक की पत्नी), अक्षदा मातुरकर (कांता) मंच पर नजर आए। चंचल ध्रुव निर्देशक की भूमिका में रहीं। वहीं मंच व्यवस्था रिया परमार, ध्वनि और प्रकाश संयोजन नीतीश यादव ने संभाल रखी थी। बताते चलें कि हिंदी रंगमंच दिवस पर तीन अप्रैल को नाटक 'टीस' का पहली बार मंचन महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में किया गया था, जिसे काफी पसंद किया गया। रंगभूमि की इस सफलता पर महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले, उपाध्यक्ष गीता श्याम दलाल, सचिव चेतन दंडवते सहित कार्यकारिणी सदस्यों ने उन्हें बधाई देते हुए सभी कलाकारों को शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

ऑपरेशन 'नन्हे फरिश्ते' के तहत आरपीएफ ने नाबालिग बालिका को सुरक्षित बचाया

रायपुर/राजनांदगांव/नवप्रदेश। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते' के तहत राजनांदगांव रेलवे स्टेशन पर एक नाबालिग बालिका को सुरक्षित संरक्षण प्रदान कर सराहनीय कार्य किया गया। यह कार्रवाई मंडल सुरक्षा आयुक्त चेतन दिलीप राव जिचकर के निर्देशन एवं आरपीएफ पोस्ट राजनांदगांव की प्रभारी निरीक्षक तरूणा साहू के नेतृत्व में की गई। जानकारी के अनुसार 1 जून 2026 को दोपहर लगभग 1:30 बजे रेलवे सुरक्षा बल की टीम प्लेटफॉर्म गश्त कर रही थी। इस दौरान प्लेटफॉर्म नंबर-2 स्थित अक्षिता काउंटर के पास एक नाबालिग बालिका संदिग्ध एवं गुमसुम अवस्था में अकेली बैठी मिली। आरपीएफ जवानों ने बालिका से पूछताछ की, जिसमें उसने घर से बिना बताए निकलकर आने की जानकारी दी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आरपीएफ टीम बालिका को सुरक्षित रूप से रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट राजनांदगांव लेकर आई। इसके बाद उसके परिजनों से संपर्क कर पूरी घटना की जानकारी दी गई। साथ ही मामले की सूचना चाइल्ड लाइन, जीआरपी तथा स्टेशन प्रबंधन को भी दी गई।

सुविचार

रिश्ते वही सफल होते हैं जिसमें सब कुछ दोतरफा हो सम्मान, स्नेह, समर्पण, सहयोग और यहां तक की लड़ाई भी। कुछ भी एकतरफा होने से रिश्ते बोझ बन जाते हैं।

कोचिंग गंदा है पर धंधा है

एक समय था जब भारत शिक्षा का केन्द्र हुआ करता था। यहाँ की गुरू शिष्य परंपरा की पूरे विश्व में सराहना होती थी। समय बदला और अंग्रेजी शासन काल में गुरुकुलों को बंद कर मैकाले शिक्षा पद्धति लागू की गई। जिसका उद्देश्य ही भारतीय शिक्षा पद्धति की समाप्ति थी। आजादी के बाद भी यह अंग्रेजी द्वारा खींची गई लकीर के हम फकीर बने रहे। नई शिक्षा नीति बनी लेकिन उसमें इतनी विसंगतियां रही जो आजादी के सात दशकों बाद भी दूर नहीं की जा सकी। इन्हीं खामियों का अनुचित लाभ उठाने के लिए 90 के दशक से कोचिंग सेन्टरों का प्रादुर्भाव हुआ। आज स्थिति यह है कि न सिर्फ महानगरों और शहरों में बल्कि गांव कसबों में भी कुकुरमुत्तों की तरह कोचिंग सेन्टर उगते आ रहे हैं। जो छात्रों को सुनहरे भविष्य का सपना परोसकर चांदी काट रहे हैं। अब तो ऑनलाइन कोचिंग क्लास का नया गोरखधंधा शुरू हो गया है। स्वनामधारी कथित सर और मैडम इससे मोटा माल कमा रहे हैं। भले ही गंदा है पर उनका यह धंधा दिन दूनी रात चौगुनी प्रगति कर रहा है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि बहुत से ऐसे सेवा भावी शिक्षक निःशुल्क ऑनलाइन कोचिंग दे रहे हैं और उससे लाखों गरीब छात्र लाभान्वित हो रहे हैं जो तथाकथित बड़े कोचिंग सेंट्ररो की मोटी फीस नहीं भर पाते लेकिन यह भी सच है कि अधिकांश कोचिंग सेंटर लूट का केंद्र बन गए हैं। वास्तव में यह एजुकेशन माफिया है जिन्होंने पूरे एजुकेशन सिस्टम को हाईजैक करके रख लिया है। अभी नीट परीक्षा के पेपर लीक का जो मामला सामने आया है और इसके लिए जिम्मेदार जिन लोगों की गिरफ्तारी हुई है उन सभी के तार किसी न किसी कोचिंग सेंटर से जुड़े पाए गए हैं। इससे स्पष्ट है कि शिक्षा के नाम पर कितना बड़ा खेला हो रहा है और वह भी ठीक सरकार की नाक के नीचे इससे यह बात भी दीवार पर लिखी इबारत की तरह साफ नजर आती है कि एजुकेशन माफिया की पीठ पर सत्ताधारी पार्टियों के बड़े नेताओं और भ्रष्ट नौकरशाहों का हाथ होता है। कोचिंग के नाम पर शिक्षा का व्यापार करने और अधकचरा ज्ञान देने वाले इन एजुकेशन माफियाओं ने अब तो कोचिंग इंडस्ट्रीज ही खड़ी कर दी है जिसका सालाना कारोबार लगभग पचास हजार करोड रुपए हो गया है। इसमें भी हर साल 10 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है यह बात समझ से परे है कि जिस देश में हजारों लाखों सरकारी और निजी शिक्षण संस्थान हो और सरकार यहां दावा करते नहीं थकती की सरकारी शिक्षण संस्थानों में उत्कृष्ट शिक्षा दी जाती है। वहां कोचिंग सेंटरों की जरूरत ही क्यों पड़ रही है? पड़ोसी देश नेपाल में तो वहां की नई सरकार ने सभी कोचिंग सेंटर को बंद कर दिया है। किंतु भारत में कॉकरोच की तरह कोचिंग सेंटरों की संख्या में लगातार इजाफा होता जा रहा है। जो भ्रामक और फर्जी दावे करते हैं और झूठे आश्वासन देकर मासूम छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं और उनके अभिभावकों को दोनों हाथों से लूट रहे हैं। एक खबरिया चैनल पर जब इन कोचिंग सेंटरों की कारगुजरियां उजागर की गई तो पूरा एजुकेशन माफिया बौखला गया। खुद को गुणों की खान समझने वाले एक कथित सर ने तो उक्त न्यूज़ एंकर की काबिलियत पर ही बड़े अपमानजनक ढंग से सवालिया निशान लगा दिए। जिस सर को बात करने की तमीज ही ना हो और जो सड़क छाप गुंडो की भाषा बोलने से भी गुरेज ना करता हो वह छात्रों को कैसी शिक्षा देता होगा और बच्चे ऐसे अहमकों से क्या ही सिखते होंगे? दरअसल यह एजुकेशन माफिया ऐसे घुन है जो देश के पूरे एजुकेशन सिस्टम को खोखला कर रहे हैं। ऐसे लोगों को उक्त न्यूज़ एंकर को दो कौड़ी का नहीं बोलना चाहिए था। जो लोग शिक्षा की दुकान चलाकर करोड़ों रुपए की काली कमाई कर रहे हों वे भला कैसे दो कौड़ी के हो सकते हैं। बहरहाल अब जबकि कोचिंग सेंटरों की उपयोगिता को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर बहस छिड़ ही चुकी है तो इस पर अब सरकार को भी ध्यान देना चाहिए कि क्या कुछ कोचिंग सेंटर वाले सुनियोजित रूप से जेहादी सोच और वामपंथी एजेंट को आगे बढ़ने का काम तो नहीं कर रहे हैं। इन कोचिंग सेंटर वालों की काली कमाई की भी जांच होनी चाहिए। जो सही मायनों में में शिक्षक हैं और निस्वार्थ भावना से यूट्यूब के जरिए गरीब और जरूरतमंद छात्रों को निशुल्क कोचिंग दे रहे हैं उन्हें प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। लेकिन जो लोग कोचिंग के नाम पर लूट मचा रहे हैं और एजुकेशन सिस्टम पर हावी होते जा रहे हैं। पेपर लीक करने के मामले में संदिग्ध भूमिका निभा रहे हैं उनके खिलाफ तो उच्च स्तरीय जांच करा कर ऐसे एजुकेशन माफिया के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही भी की जानी चाहिए। छात्रों के अभिभावकों को भी चाहिए कि वह इन कथित सरों द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम के जाल में न फंसे। ऐसे कोचिंग सेंटर कि पहले ठोक बजा कर जांच पड़ताल कर के उसके बाद ही इसमें अपने बच्चों को भेजें।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1942 4 जून को मिडवे की लड़ाई शुरू हुई 2001 - नेपाल के नवनियुक्त नरेश दीपेन्द्र का अस्पताल में निधन, ज्ञानेन्द्र की ताजपोशी के विरोध में हिंसा भड़की, हत्याकांड की न्यायिक जांच के लिए एक आयोग गठित। 2003 - डोमीनिक गणराज्य की 18 वर्षीय सुन्दरी एमीलिया वेगा 'मिस यूनीवर्स-2003' बनीं। 2005 - लालकृष्ण आडवाणी ने कराची में मोहम्मद जिन्ना को धर्मनिरपेक्ष व्यक्ति बताया। 2006 - यूगोस्लाविया के पूर्व गणराज्य मोंटेनेग्रो ने स्वतंत्रता की घोषणा की। 2007 - चीन के उपप्रधानमंत्री हांग चू का निधन। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइस इनासियो लुला डि सिल्वा को वर्ष 2006 का जवाहरलाल नेहरू पुरस्कार प्रदान किया गया। 2008 - हरियाणा सरकार ने पारिवारिक पेंशन का लाभ 25 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों को भी देने की घोषणा की। न्यूयार्क की सीनेटर हिलेरी क्लिंटन को पछाड़ते हुए बराक ओबामा ने अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवारी हासिल की। 2011 - नए सर्वेक्षण में खुलासा हुआ है कि भारतीय लोग आर्थिक वृद्धि पर पर्यावरण रक्षा को मामूली रूप से प्राथमिकता देते हैं। अमेरिका की प्रमुख सर्वेक्षण एजेंसी 'गैलप' ने अपने ताजा सर्वेक्षण में कहा कि ज़्यादातर आबादी अर्थव्यवस्था से ज़्यादा पर्यावरण पर ध्यान केंद्रित किए हुए हैं। अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार जीतने वाले भारतीय अर्थशास्त्री डॉ. अमर्त्य सेन ने पश्चिमी देशों को भारत और चीन से सीख लेने की सलाह दी है। डॉक्टर सेन का कहना है कि पश्चिमी देशों को नए विचारों की ज़रूरत है।

जनप्रतिनिधि और अधिकारी: प्रतिद्वंद्वी नहीं, विकास के भागीदार

लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति जनता का विश्वास है। यही विश्वास जनादेश बनकर जनप्रतिनिधियों तक पहुँचता है और नीतियों के रूप में प्रशासनिक तंत्र के माध्यम से धरातल पर उतरता है। इसलिए लोकतंत्र में न जनप्रतिनिधि अकेले पूर्ण हैं और न प्रशासन। दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। यदि एक दिशा देता है तो दूसरा गति देता है। यदि एक जनता की अपेक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है तो दूसरा उन अपेक्षाओं को परिणाम में बदलता है। ऐसे में इनके बीच प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि समन्वय ही सुशासन की पहचान होना चाहिए।

देवेंद्र किशोर गुप्ता
पत्रकार

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी का नेतृत्व इसी समन्वय और संवेदनशीलता का प्रतीक है। उनकी सरलता, सहजता और जमीन से जुड़ी कार्यशैली यह संदेश देती है कि शासन का उद्देश्य पद का प्रदर्शन नहीं है बल्कि जनता की सेवा है। मुख्यमंत्री जी बार-बार यह साबित कर चुके हैं कि किसी भी सरकार की सफलता उसकी योजनाओं से नहीं, बल्कि उन योजनाओं के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचने से मापी जाती है। मेरा मानना है यही सोच आज पूरे प्रशासनिक और राजनीतिक तंत्र के लिए मार्गदर्शक बननी चाहिए।

दुर्भाग्य से कभी-कभी व्यवस्था में ऐसे हालात भी बन जाते हैं जब कुछ अधिकारी स्वयं को व्यवस्था का स्थायी केंद्र मानने लगते हैं और जनप्रतिनिधियों को केवल अस्थायी पात्र समझने की भूल कर बैठते हैं। ऐसे लोगों की यह सोच लोकतंत्र की आत्मा के विपरीत है। अधिकारी शासन व्यवस्था की रीढ़ हैं, लेकिन जनप्रतिनिधि भी जनता की आवाज़ हैं। दोनों में से किसी एक की उपेक्षा लोकतांत्रिक संतुलन को कमजोर करती है। प्रशासन का दायित्व नियमों और प्रक्रियाओं को लागू करना है, जबकि जनप्रतिनिधि जनता की अपेक्षाओं और समस्याओं को शासन तक पहुँचाने का माध्यम होते हैं। दोनों की भूमिकाएँ अलग हैं, लेकिन लक्ष्य एक ही है जनहित।

आज जब मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास और सुशासन की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है, तब यह और अधिक आवश्यक हो जाता है कि प्रशासन, जनप्रतिनिधि और संगठन के बीच बेहतर तालमेल बना रहे। अनावश्यक विवाद, अहंकार और टकराव केवल विकास की गति को धीमा करते हैं।

इसका नुकसान किसी व्यक्ति या पद को नहीं, बल्कि उस आम नागरिक को होता है जिसने व्यवस्था पर भरोसा करके अपने भविष्य की उम्मीदें उससे जोड़ी हैं। यह भी उतना ही सत्य है कि

लोकतंत्र में न कोई अधिकारी सर्वशक्तिमान है और न कोई जनप्रतिनिधि कानून से ऊपर। किसी भी मतभेद का समाधान संवाद, संवेदनशीलता और संवैधानिक प्रक्रियाओं में ही निहित है। पद की शक्ति क्षणिक होती है, लेकिन व्यवहार की छाप स्थायी। जनता उन अधिकारियों को वर्षों तक सम्मान देती है जिन्होंने अधिकार से अधिक दायित्व को महत्व दिया और उन जनप्रतिनिधियों को याद रखती है जिन्होंने सहयोग और संवाद के माध्यम से विकास का रास्ता बनाया। आखिरकार, सुशासन का अर्थ केवल योजनाएँ बनाना नहीं, बल्कि ऐसी कार्यसंस्कृति विकसित करना है जिसमें सम्मान, संवाद और जवाबदेही साथ-साथ चलें। जब प्रशासन अपनी दक्षता और ईमानदारी से योजनाओं को लागू करता है, जनप्रतिनिधि जनता की आकांक्षाओं को व्यवस्था तक पहुँचाते हैं और नेतृत्व सबको साथ लेकर चलता है, तब जाकर विकास केवल सरकारी दस्तावेज़ों में नहीं बल्कि लोगों के जीवन में दिखाई देता है।

छत्तीसगढ़ को विकसित और समृद्ध राज्य बनाने का सपना किसी एक व्यक्ति, एक विभाग या एक पद से पूरा नहीं होगा। यह सपना तभी साकार होगा जब व्यवस्था से जुड़े सभी लोग स्वयं को सत्ता का केंद्र नहीं, बल्कि जनता के विश्वास का संरक्षक मानेंगे। याद रखना होगा कि इतिहास पदों को नहीं, जनसेवा की भावना को याद रखता है। और यही भावना सुशासन की सबसे बड़ी पहचान है।

बहुमंजिला पार्किंग को लेकर जन सुनवाई जरूरी

युजवेंद्र सिंह
अधिवक्ता, दुर्ग

दुर्ग के एक सजग नागरिक और अधिवक्ता होने के नाते शहर के विकास, प्रशासन की कार्यप्रणाली और सार्वजनिक संपत्तियों के संधारण (रखरखाव) को लेकर ये चिंताएं बेहद गंभीर और विचारणीय हैं। दुर्ग नगर क्षेत्र के नागरिक की रूप में मेरे द्वारा उठाए गए बिंदु–जैसे केवल उद्घाटन पट्टिकाओं तक सीमित रहना, संपत्तियों का सही प्रबंधन न होना, अतिक्रमण और रखरखाव का अभाव–किसी भी जीवंत लोकतंत्र में स्थानीय प्रशासन को आईना दिखाने के लिए आवश्यक हैं।

इंदिरा मार्केट में प्रस्तावित बहुमंजिला (मल्टीलेवल) पार्किंग बनाम ओपन (खुली) पार्किंग के विषय पर विश्लेषण व्यावहारिक धरातल पर एक बड़ा प्रश्न खड़ा करता है। इस पर दोनों पक्षों के पहलुओं को इस तरह समझा जा सकता है:

बहुमंजिला पार्किंग और मेरी/नागरिक की चिंताएं

सकारात्मक पक्ष: इंदिरा मार्केट जैसे घने और व्यावसायिक क्षेत्र में जमीन की उपलब्धता सीमित होती है। ऐसे में वर्टिकल (ऊपर की ओर) निर्माण ही कम जगह में अधिक वाहनों को समाहित करने का एकमात्र तकनीकी विकल्प बचता है ताकि सड़कों पर लगने वाले जाम से मुक्ति मिल सके।

नकारात्मक पक्ष (जिसकी ओर मेरे/नागरिक द्वारा ध्यान आकर्षित किया):

यदि पूर्व के अनुभवों की तरह इस बहुमंजिला इमारत का भी संधारण ठीक से नहीं हुआ, तो यह केवल असामाजिक तत्वों, गंदगी और अवैध कब्जों का केंद्र बनकर रह जाएगी। ऐसी बड़ी परियोजनाओं में भारी बजट खर्च होता है, और यदि इसका लाभ जनता को न मिलकर अव्यवस्था के रूप में सामने आए, तो यह वास्तव में "नया सिरदर्द" साबित हो सकता है।

खुली पार्किंग का विकल्प

सकारात्मक पक्ष: जैसा कि एक सुझाव है, खुली पार्किंग में रख-रखाव का खर्च बेहद कम होता है, सुरक्षा और निगरानी रखना आसान होता है, और इसमें किसी बड़े ढांचे के अभाव के कारण बंद कमरों या कोनों में होने वाली गंदगी या अवैध गतिविधियों की संभावना न्यूनतम हो जाती है।

चुनौती:

मुख्य चुनौती यह है कि इंदिरा मार्केट जैसे व्यस्त क्षेत्र में क्या इतनी बड़ी खुली भूमि उपलब्ध है जो भविष्य की बढ़ती गाड़ियों की संख्या को संभाल सके?

समाधान का मार्ग:

एक नागरिक और विधिक दृष्टिकोण-

प्रशासन की इस उदासीनता और आने वाली कार्यप्रणाली को सुधारने के लिए कुछ ठोस कदम उठाए जा सकते हैं:-

पीपीपी (Public Private Partnership) मॉडल की मांग:

यदि नगर निगम बहुमंजिला पार्किंग बनाता है, तो इसके संचालन और रखरखाव का जिम्मा किसी पेशेवर निजी एजेंसी को कड़े नियमों के साथ दिया जाना चाहिए, ताकि निगम की उदासीनता का असर इस पर न पड़े।

स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों की भागीदारी:

योजना को अंतिम रूप देने से पहले इंदिरा मार्केट के व्यापारी संघ और स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों के साथ एक जन-सुनवाई या बैठक होनी चाहिए, ताकि धरातल की समस्याओं को नक्शे में शामिल किया जा सके।

अतिक्रमण और संधारण के लिए आरटीआई (RTI) व जनहित याचिका (PIL):

पिछले 25 वर्षों में जिन संपत्तियों का संधारण नहीं हुआ या जहाँ अवैध कब्जे हुए हैं, उनकी जानकारी सूचना के अधिकार के तहत मांगकर प्रशासन पर विधिक दबाव बनाया जा सकता है। शहरों का विकास केवल सीमेंट और कंक्रीट के ढांचे खड़े करने से नहीं, बल्कि उनके दीर्घकालिक प्रबंधन से होता है। नागरिकों की सजगता दुर्ग नगर निगम के लिए एक महत्वपूर्ण फीडबैक है। एक जागरूक नागरिक के तौर पर, क्या हमे इस विषय में नगर निगम आयुक्त या महापौर या निकायों के उच्चाधिकारियों को कोई औपचारिक सुझाव-पत्र या ज्ञापन सौंपने का विचार किया जाना चाहिए है?

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

आसमां की न ज़िम्मेदारी है, इसलिए चांदनी कुंवारी है। मौत से दोस्ती का ग़म ये मिला, ज़िन्दगी,ज़िन्दगी से हारी है। बंदरों की कहानी हमसे है पर, एक ईश्वर ही तो मदारी है। सांसों की तीर हम चलाते पर, परदे के पीछे इक शिकारी है । भाग्य हर वक़्त साथ देता नहीं, मेरी कल आज तेरी बारी है। वे हवाओं के घर में रहते हैं, ये चरागों की होशियारी है। तुम पहाड़ों को जीत ख़ुश हो , दानी ये धरती तो हमारी है।

- डॉ संजय दानी

कर्म का थप्पड़ इतना भारी और भयंकर होता हैं कि हमारा जमा हुआ पुण्य कब खत्म हो जाये पता भी नहीं चलता, पुण्य ख़त्म होने पर समर्थ राजा को भी भीख मांगनी पड़ती हैं..! इसलिये कभी किसी के साथ छल कपट करके, किसी की आत्मा को दुःखी ना करे!

- रमेश अग्रवाल

उठ गए हिमालय से ऊँचे विस्तृत आकाश नही पर बन पाये... हुए समन्दर से गहरे न नीर लचीले बन पाये.... रफ़्तार पवन सी तेज़ तरक्की की मन का संगीत न सुन पाये... बनना प्रभु तो चाह लिया अवगुण अवमान न कर पाये...

- मधुलिका शुक्ला

'रिश्ते' और 'रास्ते' के बीच, एक अजीब रिश्ता होता है। कभी 'रिश्तों' से 'रास्ते' मिल जाते है, और कभी 'रास्तों' में 'रिश्ते' बन जाते हैं! इसीलिए चलते रहिये और रिश्ते निभाते रहिये खुशियाँ तो चन्दन की तरह होती हैं, दूसरे के माथे पे लगाओ तो अपनी उंगलियाँ भी महक जाती हैं.....

- पितांबर श्रीवास्तव

किसी का होना और किसी का साथ होना, दो बिल्कुल अलग बातें हैं। कुछ लोग हमारी ज़िंदगी में मौजूद तो होते हैं, मगर हमारी खुशियों, तकलीफ़ों और संघर्षों से उनका कोई रिश्ता नहीं होता। और कुछ लोग दूर होकर भी हर मुश्किल में हमारे साथ खड़े रहते हैं। रिश्तों की गहराई दूरी से नहीं, साथ निभाने से मापी जाती है। क्योंकि ज़िंदगी में सबसे बड़ी नेमत किसी का होना नहीं, किसी का सच्चा साथ होना है। **- रेनु सिंघल**

जिस प्रकार कमल का फूल कीचड़ और गंदे पानी से ऊपर उठकर पूरे तालाब को सुगंध और सौंदर्य से भर देता है। फिर कीचड़ और पानी उसे छू भी नहीं पाते, ठीक। उसी तरह हमारा जन्म हुआ है। हमे सभी बुराइयों से ऊपर उठकर। अपने ज्ञान से इस समाज का मार्गदर्शन करना चाहिए।

- कमलकांत डोंगरे

नेता सिर्फ नाटकबाज ही नही मानसिक बिमार भी होते है जिन्हे वर्षो तक 200 पुलिस कर्मी अत्याधुनिक हथियारो से लैस के बीच चलने की होती है वह सुरक्षा घेरा कम होते है विक्षिप्त हो जाते है और हर हथकंडा अपनाते है ताकि पुनः सुरक्षा घेरा मिले। अंडे की चोट कोई प्राणघातक नही होता है ऐसे मे जब व्यक्ति हैलमेट पहना हो।

- एडवोकेट अरूण कुमार गुप्ता

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा मध्यान बाद तक प्रत्येक कार्यो में उदासीनता दिखाएंगे परन्तु धार्मिक कार्यो के प्रति आकर्षित रहेंगे।

वृषः आज का दिन आपके लिए मिला जुला रहेगा। दोपहर तक लगभग सभी कार्यो में विलंब होगा जो कार्य करेंगे उनके पूर्ण होने में भी संशय बना रहेगा।

मिथुनः आज दिन के मध्यान तक का समय सामान्य बना रहेगा लेकिन इसके बाद कही से अशुभ समाचार मिलने से परेशान रहेंगे। इसके बाद का समय श्रम साध्य रहेगा।

कर्कः आज का दिन पूर्वार्ध आपके लिए धन वृद्धि कारक रहेगा। कार्य क्षेत्र पर आज अधिकारियो का प्रोत्साहन मिलने से उन्नति के मार्ग खुलेंगे। व्यवसाय में लाभ पाने के लिए थोड़ा परिश्रम करना पड़ सकता है।

सिंहः आज दिन की शुरुआत आलस्य प्रमाद से होगी ध्यान रहें कार्यो को लेकर टालमटोल की प्रवृति हानि करा सकती है। दोपहर के समय से स्थिति बेहतर होने लगेगी।

कन्याः आज का दिन आपके लिए आनंद दायक रहेगा। आप आज प्रत्येक कार्य को देखभाल कर ही करेंगे जिससे सफलता का प्रतिशत अधिक रहेगा। नौकरी व्यवसाय में आज मध्यान तक किया परिश्रम का फल संध्या के समय सम्मान एव धन लाभ के रूप में मिल जाएगा।

तुलाः आज आप मध्यान तक जितना परिश्रम करेंगे इसके बाद के समय उससे पूर्ण संतुष्ट रहेंगे धन लाभ भी होने के साथ भविष्य में आय के मार्ग भी बनेंगे। आज का दिन प्रेम-प्रसंगों में भी यादगार अनुभूति कराएगा।

वृश्चिकः आज का दिन भी आपके लिए लाभदायी रहेगा बीते कल के अधूरे कार्य आज पूर्ण होने से धन की आमद होगी।

धनुः आज आप दिन के आरंभिक भाग में अनुकूल परिस्थितियों का जमकर लाभ उठायेंगे। आज आपके स्वाभाव में नरमी रहने से परिजनों के साथ चल रहे मतभेद सामान्य होंगे।

मकरः आज का दिन भी शुभ फलों की प्राप्ति कराएगा लेकिन आज चोटादि का भी भय है जोखिम ना लें वाहन से सतर्क रहें। सेहत में थोड़ा उतार चढ़ाव बना रहेगा।

कुंभः आज दिन के मध्यान तक आप सेहत को लेकर परेशान रहेंगे। शारीरिक स्फूर्ति गायब रहेगी। अधिकांश कार्यो में देरी होगी। दोपहर बाद आकस्मिक लाभ के समाचार मिलने से उत्साह वृद्धि होगी। विरोधी आपकी प्रगति से ईर्ष्या करेंगे शेयर सट्टे में आज किया निवेश निकट भविष्य में लाभ कराएगा।

मीनः आज दोपहर तक अपने सभी कार्य पूर्ण करने का प्रयास करें इसके बाद परिस्थिति कलहकारी बनेगी जिसका भला करने का सोचेंगे उसी का व्यवहार आपको आहत करेगा।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) असम के करीमगंज जिले का नया नाम क्या है जिसे हाल ही में राज्य मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी है?

2) किस संस्थान ने दर्द रहित इंजेक्शन के लिए सुई रहित शॉक सिरिंज विकसित की है?

3) टेली-मैनस पहल किस क्षेत्र से संबंधित है?

4) गोवा को पूर्ण राज्य का दर्जा निम्नलिखित में से किस तिथि को प्रदान किया गया था, जिसे प्रतिवर्ष गोवा राज्य स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है?

5) हाल ही में खोजी गई नई कैस्केड मेंढक प्रजाति 'एमोलॉप्स कमल' (Amolops kamal) निम्नलिखित में से किस राज्य में पाई गई है?

उत्तरमाला-(1) श्रीभूमि जिला (2) आईआईटी बॉम्बे (3) मानसिक स्वास्थ्य (4) 30 मई, 1987 (5) नागालैंड

पहेली

शब्द सामर्थ्य -58



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 57 का हल

मौत पर कांग्रेस ने उठाए सवाल : लापरवाही का आरोप, मामले की जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला चिकित्सालय में 1 जून को 22 वर्षीय सिकल सेल एनीमिया पीड़ित युवती की मौत मामले में कांग्रेस ने जिला प्रशासन के खिलाफमोर्चा खोल दिया है। पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया है कि युवती को समय पर ब्लड उपलब्ध नहीं कराया गया, जिसके कारण उसकी जान चली गई। मामले ने तब और तूल पकड़ा जब जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग शहर के अध्यक्ष और पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने अपर कलेक्टर योगिता देवांगन को ज्ञापन सौंपा। इसमें स्वतंत्र जांच और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई। कांग्रेस द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित युवती को नियमों के अनुसार निशुल्क ब्लड उपलब्ध कराया जाना चाहिए था। आरोप है कि लगभग 48 घंटे तक ब्लड की व्यवस्था नहीं हो सकी, जिसके चलते युवती की हालत लगातार बिगड़ती गई और अंततः उसकी मौत हो गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा है कि अगर समय पर रक्त उपलब्ध हो जाता, तो शायद युवती की जान बचाई जा सकती थी। इस घटना के बाद जिला अस्पताल की रक्त उपलब्ध कराने की व्यवस्था और आपातकालीन

स्वास्थ्य सेवाओं पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। घटना सामने आने के बाद जिला अस्पताल प्रशासन ने एक आंतरिक जांच समिति गठित की है। हालांकि, कांग्रेस ने इस जांच की निष्पक्षता पर सवाल खड़े किए हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि अस्पताल प्रशासन के अधीन गठित समिति से निष्पक्ष जांच की उम्मीद कम है। इसलिए, जिला प्रशासन के स्तर पर एक स्वतंत्र एवं पारदर्शी जांच समिति बनाई जानी चाहिए ताकि वास्तविक तथ्य सामने आ सकें और दोषियों की जवाबदेही तय हो सके। कांग्रेस ने जिला प्रशासन के समक्ष कई महत्वपूर्ण मांगें रखी हैं। इनमें युवती की मौत की स्वतंत्र जांच, दोषी चिकित्सकों और कर्मचारियों पर कार्रवाई, रक्त उपलब्धता व्यवस्था की समीक्षा, नसबंदी प्रकरण की पुनः जांच, मॉर्च्युरी में नया डीप फ्रीजर और अस्पताल की समस्त स्वास्थ्य सुविधाओं का विशेष ऑडिट शामिल है। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए जवाबदेह और प्रभावी व्यवस्था लागू करने की मांग भी की गई है।

सिविल सर्जन डॉ. आशीषन मिंज ने कहा है कि मामले की प्रशासनिक जांच के लिए टीम गठित कर दी गई है। जांच में जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है और रिपोर्ट आने के बाद कई महत्वपूर्ण तथ्यों पर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

आंदोलन की चेतावनी

कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि मामले में निष्पक्ष जांच और ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी एवं जनसंगठन व्यापक जनआंदोलन, धरना-प्रदर्शन और लोकतांत्रिक आंदोलन शुरू करने बाध्य होंगे।

दोषियों पर हो कठोर कार्रवाई: मुकेश साहू

दुर्ग शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री मुकेश साहू ने जिला अस्पताल दुर्ग में उपचार के दौरान 20 वर्षीय युवती दीपिका की मृत्यु को प्रदेश की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था एवं अस्पताल प्रबंधन की घोर लापरवाही का परिणाम बताया है। उन्होंने कहा कि यदि समय पर रक्त उपलब्ध कराया जाता तो युवती की जान बचाई जा सकती थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार दीपिका को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल दुर्ग में भर्ती कराया गया था। जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसके शरीर में रक्त की अत्यधिक कमी बताई और तत्काल रक्त चढ़ाने की आवश्यकता जताई। इसके बावजूद अस्पताल प्रबंधन द्वारा रक्त उपलब्ध नहीं कराया गया तथा परिजनों को स्वयं डोनर की व्यवस्था करने के लिए कहा गया। अपनी बेटी की जान बचाने के लिए पिता लगातार डोनर की तलाश करता रहा था, लेकिन अस्पताल प्रशासन ने अपनी जिम्मेदारी निभाने के बजाय उसे असहाय छोड़ दिया। उन्होंने इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने, दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा प्रदान करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने इस घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री से तत्काल इस्तीफा देने की मांग की है।

न्यूज गैलरी

50 हजार रिश्वत मांगने पर दो एसआई सस्पेंड

दुर्ग। जिले में रिश्वत मांगने के मामले में 2 एसआई सस्पेंड हुए हैं। पुरानी भिलाई थाने में पदस्थ सब इंस्पेक्टर तुलसीराम साहू ने एक महिला को ड्रग्स केस में गिरफ्तार किया और छोड़ने के लिए बेटी से 50 हजार की डिमांड की थी। घूस मांगने का ऑडियो वायरल होने के बाद एसएसपी ने तुलसीराम साहू और साथ देने वाले खुर्सीपार में पदस्थ देव लाल साहू को निलंबित कर रक्षित केंद्र दुर्ग अटैच किया है। बेटी का आरोप है कि साइबर क्राइम वालों ने भी उससे 2 लाख मांगे थे। पुलिस के मुताबिक, पुरानी भिलाई थाना में दर्ज केस (क्रमांक 288/2026, एनडीपीएस एक्ट) से जुड़े मामले में आरोपी पक्ष से कथित रूप से पैसों की मांग किए जाने का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। शुरुआती जांच में वायरल ऑडियो के आधार पर दोनों अधिकारियों की मिलीभगत पाई गई। स्ढ्ढ तुलसीराम साहू ने रिश्वत मांगी और खुर्सीपार में पदस्थ स्ढ्ढ देव लाल साहू ने भी साथ दिया। जो कि विभागीय नियमों के विपरीत होने पर स्स्क्क विजय अग्रवाल ने निलंबन की कार्रवाई की।

अवैध कब्जा एवं अतिक्रमण को हटाने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

कुम्हारी। कुम्हारी नगर विकास मंच ने नपा मुख्य अधिकारी नेतराम चंद्राकर को एक ज्ञापन सौंपा जिसमे स्टेशन चौक से महामाया मंदिर जाने वाले मार्ग पर स्थित रूपनगर बस्ती में हुए अतिक्रमण को शीघ्र हटाने की मांग की गई है। ज्ञात हो कि उक्त मार्ग को अवैध कब्जामुक्त कराकर सड़क चौड़ीकरण करने के लिए नगर वासियों एवं कुम्हारी नगर विकास मंच द्वारा जन समस्या निवारण शिविर में आवेदन भी दिया था जिसके तहत मार्ग के एक तरफ का अवैध अतिक्रमण तोड़कर सड़क में पानी सिंचाई किया जा रहा था जिसपर वही के दो युवकों द्वारा ठेकेदार से दुर्व्यवहार किया गया। इस घटना को लेकर ठेकेदार एवं नपा अधिकारी द्वारा इसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई गई। पुलिस ने घटना को संज्ञान में लेते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है वहीं दूसरा युवक फरार है। इसी घटना को लेकर कुम्हारी नगर विकास मंच सहित नगरवासियों ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी को ज्ञापन सौपा है साथ ही पुलिस विभाग से दोषियों पर कठोर कार्यवाही की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में कुम्हारी भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिन्हा, राजकुमार सिंह, पीएन दुबे, उमाकांत साहू, रामबिहारी मिश्रा, उमेश शुक्ला, शंकर लाल मंढरिया, हरिदास वैष्णव, गोल्डी गोस्वामी, लोकेश साहू, अश्वनी देशलहरे, अश्वनी साहू, सुरेश पाण्डेय, ओमप्रकाश मार्कण्डेय एवं दीपक चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

निर्माणाधीन सियान सदन का किया निरीक्षण

जामुल। नगर पालिका क्षेत्र जामुल में वरिष्ठ जन एवं बुजुर्गों को अतिशीघ्र सियान सदन का सौगात मिलने वाला है। निर्माणाधीन सियान सदन का निरीक्षण करते हुए नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि हमारे नपा जामुल में प्रत्येक वर्ग के लिए आवश्यकतानुसार अध्यक्ष निधी से विकास कार्य जारी है। वार्ड 18 के सुरडुंग मोड़ पर वरिष्ठ जन एवं बुजुर्गों के लिए यह सियान सदन बनाया जा रहा है। आज भौतिक समय में एक उम्र के बाद हर कोई सुबह या शाम को खुले रूप में सैर करने निकलते हैं। तो कहीं कहीं बीच में बैठकर आपसी चर्चाएं भी होती है। जिसको ध्यान में रखते हुए बड़े बुजुर्गों को टहलने के पश्चात थोड़ा आराम की आवश्यकता होती है। यही जरूरत को दृष्टिगत रखते हुए सियान सदन का निर्माण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका के उप अभियंता सचिन भागवत उपस्थित थे।

बरसात पूर्व निर्माण कार्य पूर्ण करें : आयुक्त

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-03 क्षेत्र का निरीक्षण कर चंद्रा मौर्या अंडरब्रिज, प्रस्तावित वेंडर जोन, सर्विस रोड एवं अवैध कब्जों की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों को सभी निर्माणाधीन कार्य बरसात से पूर्व पूर्ण कराने तथा प्रस्तावित विकास कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने चंद्रा मौर्या अंडरब्रिज में चल रहे सीमेंट कंक्रीट सड़क निर्माण कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि बारिश शुरू होने से पहले सड़क निर्माण का कार्य हर हाल में पूरा किया जाए। अंडरब्रिज के समीप स्थित कॉम्प्लेक्स के पीछे विकसित किए जा रहे प्रस्तावित वेंडर जोन का निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वेंडर जोन बनने से स्थानीय फुटपाथ एवं ठेला व्यवसायियों को व्यवस्थित और सुरक्षित व्यापारिक स्थान उपलब्ध होगा, जिससे उनकी आजीविका को मजबूती मिलेगी। इसके बाद आयुक्त ने चंद्रा मौर्या चौक से जोन 3 कार्यालय तक बन रही सर्विस रोड का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों गुणवत्ता युक्त सड़क निर्माण पूर्ण कराने के निर्देश देते हुए कहा कि इससे क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध होगी और आवागमन सुगम बनेगा।

बेहतर विद्युत आपूर्ति और किसानों को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने के निर्देश

विद्युत व्यवस्था को लेकर मंत्री गजेन्द्र ने ली समीक्षा बैठक

दुर्ग/नवप्रदेश। प्रदेश के केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने आज दुर्ग पीडब्लूडी सभागार में दुर्ग एवं बेमेतरा जिले के सर्किल विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक लेकर विद्युत व्यवस्था की विस्तृत जानकारी लिए। बैठक में वर्तमान विद्युत आपूर्ति, बिजली कटौती की स्थिति तथा आगामी खरीफएवं खेती-किसानी सीजन की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री गजेन्द्र यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भीषण गर्मी के दौरान आमजन को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा अनावश्यक बिजली कटौती में कमी लाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि आगामी खरीफसीजन को ध्यान में

रखते हुए किसानों को पर्याप्त एवं सुचारु विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए आवश्यक रखरखाव कार्य, ट्रांसफार्मर उपलब्धता तथा विद्युत वितरण व्यवस्था को मजबूत बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा शासन की योजनाओं को अमल करने कहा गया। बैठक में उपस्थित अधिकारियों से विभिन्न क्षेत्रों की विद्युत व्यवस्था की बिंदुवार जानकारी ली गई। इस दौरान दुर्ग, पाटन, कुम्हारी, अहिवारा, धमधा एवं बेमेतरा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित विद्युत समस्याओं एवं सुझावों को मंत्री श्री यादव के समक्ष रखा। मंत्री श्री यादव ने संबंधित अधिकारियों को सभी समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने तथा जनता की शिकायतों के प्रति संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

मंत्री यादव ने कहा कि आमजन एवं किसानों को बेहतर विद्युत सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। प्रदेश सरकार ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है तथा जनप्रतिनिधियों के सुझावों के अनुरूप आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे।

बैठक में दुर्ग जिपं. अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, बेमेतरा जिपं. अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी, दुर्ग जिपं उपाध्यक्ष पवन शर्मा, जनपद पंचायत के अध्यक्षगण, कार्यपालक निदेशक दुर्ग क्षेत्र संजय खंडेलवाल, एसई जे जगन्नाथ, आरके मिश्रा उपस्थित रहे।

फार्म हाउस में मिला संदिग्ध हालत में शव

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई-3 थाना क्षेत्र के रिंगनी स्थित एक फार्म हाउस में रहने वाले नीलकंठ साहू का शव मंगलवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। बुधवार सुबह सुपेला अस्पताल में पोस्टमॉर्टम किया गया। शुरुआती जांच में सामने आया है कि सोमवार रात नीलकंठ का अपनी पत्नी और वहां रहने वाले अन्य लोगों से विवाद हुआ था। फिलहाल पुलिस पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, जिसके बाद मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। पुलिस के अनुसार, नीलकंठ साहू अपनी पत्नी और बच्चों के साथ फार्म हाउस परिसर में रहता था। उसकी पत्नी सावित्री वहां केयरटेकर का काम करती थी। बताया जा रहा है कि सोमवार रात इलाके में बिजली चली गई थी, जिसके बाद नीलकंठ पास में रहने वाले पड़ोसी अमर प्रसाद यादव के घर सोने चला गया था। इसी दौरान वहां उसकी पत्नी के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया और फार्म हाउस के चौकीदार राजकुमार को भी मौके पर बुलाया गया। इसके बाद लोगों ने नीलकंठ को वापस अपने घर जाने के लिए कहा। फार्म हाउस संचालक शेख हारून ने बताया कि नीलकंठ वहां काम नहीं करता था। रात में सभी लोग साथ बैठकर खाना-पीना कर रहे थे और इसी दौरान विवाद शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि पति-पत्नी के बीच कहासुनी हुई थी और वहां मौजूद कुछ अन्य लोगों के साथ भी झगड़ा हो गया।

सहकारी समितियों में खाद-बीज का अग्रिम उठाव, नगदी ऋण वितरण शुरू

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के कार्यक्षेत्र जिला दुर्ग, बालोद, बेमेतरा अंतर्गत 67 कृषि शाखाओं से सम्बद्ध 311 प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों के माध्यम से खरीफ 2026 हेतु खाद, बीज, नगदी ऋण वितरण का कार्य प्रारंभ हो चुका है। किसानों की सुविधा हेतु खाद एवं बीज की पर्याप्त उपलब्धता समितियों में करा दी गयी है। एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत किसान खाद-बीज का अग्रिम उठाव कर रहें है। समितियों में खाद-बीज भंडारण एवं वितरण की सतत समीक्षा उप संचालक कृषि जिला दुर्ग एवं बैंक के अधिकारियों द्वारा की जा रही है। समितियों में किसानों के मांग अनुसार आर-ओ- जारी कर खाद का भंडारण जिला विपणन अधिकारी दुर्ग से समन्वय स्थापित कर कराया जा रहा है। वर्तमान में खाद, बीज का अग्रिम उठाव एवं ऋण वितरण में किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं है।

जेईई एडवांस्ड में मैत्री विद्या निकेतन का शानदार प्रदर्शन

■ **अथर्व ठाकुर ने हासिल की 299 रैंक एवं राज्य में प्रथम स्थान**

भिलाई/नवप्रदेश। मैत्री विद्या निकेतन अपने विद्यार्थियों की जेईई एडवांस्ड 2026 में उल्लेखनीय उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करता है। इस सफलता की अगुवाई करते हुए अथर्व ठाकुर ने अखिल भारतीय रैंक (ढ्ढक्र) 299 प्राप्त करने के साथ-साथ राज्य में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।

प्राचार्या, मैत्री विद्या निकेतन, डॉ. सजिता थम्बी ने अथर्व की कड़ी मेहनत, लगन और समर्पण की सराहना करते हुए इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई दी। उन्होंने अथर्व के माता-पिता एवं परिवारजनों को भी हार्दिक शुभकामनाएँ दीं, जिन्होंने उन्हें भावनात्मक सहयोग, प्रेरणा तथा घर में सकारात्मक वातावरण प्रदान कर उनकी तैयारी को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही, उन्होंने विद्यालय के सभी शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं निरंतर सहयोग की भी प्रशंसा की।

मैत्री एजुकेशनल एंड कल्चरल एसोसिएशन के निदेशक एस. सजीव ने कहा कि मैत्री विद्या निकेतन के विद्यार्थी स्थापना काल से ही इंजीनियरिंग, चिकित्सा तथा अन्य प्रतिष्ठित क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश के नामी संस्थानों में प्रवेश प्राप्त करते रहे हैं। किंतु इस वर्ष विद्यालय के लिए यह विशेष गर्व का विषय है कि जेईई एडवांस्ड परीक्षा का राज्य टॉपर मैत्री विद्या निकेतन से है।

इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले अन्य विद्यार्थियों में मोनीश कुमार साहू, मयंक ठाकुर एवं आदित्य कैमल शामिल हैं।

मेका की अध्यक्षा के. राजम सुधाकरन, निदेशक एस. सजीव एवं एस. साजन, प्राचार्या डॉ. सजिता थम्बी, उप-प्राचार्या डॉ. बीना सजीव, प्रधानाध्यापिका निशी साजन तथा विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारीगणों ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य और शैक्षणिक जीवन के अगले चरण में निरंतर सफलता की कामना की। सफलता उन्हीं को मिलती है जो बड़े सपने देखने का साहस रखते हैं, कठिन परिश्रम करते हैं और निरंतर प्रयासरत रहते हैं। हमें अपने इन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों पर गर्व है।

बिना बिल्डिंग परमिशन नहीं मिलेगा नल कनेक्शन

■ **महापौर अलका बाघमार ने ली समीक्षा बैठक, साफ-सफाई, पेयजल, सड़क, नाली एवं प्रकाश व्यवस्था के मुद्दों पर हुई विस्तृत चर्चा**

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 1 से 10 तक के विकास कार्यों एवं जनसमस्याओं की समीक्षा को लेकर महापौर अलका बाघमार ने शुक्रवार शाम डाटा सेंटर में बैठक आयोजित की। बैठक में एमआईसी सदस्य, संबंधित वार्डों के पार्षद एवं निगम अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान वार्डवार समस्याओं एवं आवश्यक विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में महापौर ने वार्ड क्रमांक 1 से 10 तक के पार्षदों से बारी-बारी उनके क्षेत्रों की समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। पार्षदों ने साफ-सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सड़क एवं नाली निर्माण, पाइपलाइन विस्तार, पाइपलाइन लीकेज, बोर रिपेयरिंग, सुलभ शौचालयों की मरम्मत, प्रकाश व्यवस्था तथा नालियों की सफाई से संबंधित मुद्दों को प्रमुखता से रखा। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बिना बिल्डिंग परमिशन किसी भी नए नल कनेक्शन की अनुमति ना दे। उन्होंने कहा कई स्थानों पर निजी नल कनेक्शन होने के बावजूद सार्वजनिक नल चालू हैं, जिससे अनावश्यक जल व्यय हो रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस पर तत्काल कार्रवाई करने निर्देश दिए। बैठक में वित्त विभाग प्रभारी नरेंद्र बंजारे, लीना दिनेश देवांगन, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, निलेश अग्रवाल, गोविंद्र देवांगन, रंजीता पाटिल, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, प्रकाश चंद थवानी, मोहमद सलीम सिद्दीकी, सहायक अभियंता गिरीश दीवान मौजूद थे।

सांसद ने किया स्वच्छताग्राही दीदियों का सम्मान

भिलाई/नवप्रदेश। जामगांव (र) स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में सुशासन शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों एवं हितग्राहियों की समस्याओं के निराकरण एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्रदान करने हेतु सभी विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। शिविर में हजारों की संख्या में ग्रामीण जनों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति लोगों में उत्साह देखने को मिला। शिविर में कुल 2373 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान सांसद विजय बघेल जी का भी आगमन हुआ। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी ली तथा हितग्राहियों को संबोधित करते हुए सामग्रियों

का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को आवास की चाबियों का वितरण किया गया। स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वच्छताग्राही दीदियों को सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मनरेगा के तहत ग्रामीणों को जॉब कार्ड वितरित किए गए तथा 100 दिवस का रोजगार पूर्ण कर चुके श्रमिकों को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित की गई। महिला स्व-सहायता समूहों को महिला कोष से ऋण वितरण किया गया तथा लखपति दीदियों का सम्मान किया गया। शिक्षा विभाग द्वारा प्रतिभाशाली एवं होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सुशासन शिविर का उद्देश्य शासन की योजनाओं एवं सेवाओं को आमजन तक सरल, सुगम एवं प्रभावी रूप से पहुंचाना है। शिविर के सफल आयोजन से ग्रामीणों में संतोष एवं उत्साह का वातावरण देखने को मिला।

बीएसपी में 'समन्वय-2026' का शुभारंभ: दो दिवसीय सम्मेलन में देशभर की 100 से अधिक विक्रेता कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल

10.2 एमटीपीए विस्तार परियोजना के लिए वेंडर मीट सम्मेलन आयोजित

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) की उत्पादन क्षमता को वर्तमान 6.8 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) से बढ़ाकर 10.2 एमटीपीए करने की प्रस्तावित विस्तार परियोजना के सफल क्रियान्वयन हेतु बीएसपी के परियोजना विभाग द्वारा 03 जून 2026 को भिलाई निवास में दो दिवसीय विक्रेता सहयोग सम्मेलन (वेंडर मीट) 'समन्वय-2026' का शुभारंभ किया गया। ÷भविष्य के विस्तार हेतु सहभागिता का सुदृढ़ निर्माण÷ विषय पर आधारित यह सम्मेलन प्रौद्योगिकी प्रदाताओं, ईपीसी एजेंसियों, सलाहकारों,

उपकरण निर्माताओं, सेवा भागीदारों तथा परियोजना हितधारकों के बीच समन्वित सहयोग को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन निदेशक प्रभारी बीएसपी चित्त रंजन महापात्र ने किया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक ए.के. चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम, पवन कुमार, पी.के. सरकार, अरुण कुमार, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ. विनीता द्विवेदी, कार्यवाहक कार्यपालक निदेशक आर.बी. गहरवार, व मुख्य महाप्रबंधकों सहित सेल निगमित कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारीगण, विभागाध्यक्ष, एवं संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। दो दिवसीय सम्मेलन में देशभर की 100 से अधिक विक्रेता कंपनियों के 200 से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ गणमान्य अतिथियों द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

संबोधन में निदेशक प्रभारी महापात्र ने कहा कि भारत सरकार ने वर्ष 2030-31 तक देश की इस्पात उत्पादन क्षमता को 300 मिलियन टन तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसके अनुरूप देश के प्रमुख इस्पात उत्पादक व्यापक विस्तार पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सेल ने वर्ष 2030 तक अपनी उत्पादन क्षमता को 35 मिलियन टन तक बढ़ाने की परिकल्पना की है, जिसमें भिलाई इस्पात संयंत्र की क्षमता को 6.8 एमटीपीए से बढ़ाकर 10.2 एमटीपीए करना एक महत्वपूर्ण घटक है। उन्होंने कहा कि भारत की तीव्र गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था से इस्पात की मांग में अभूतपूर्व वृद्धि कर रही हैं, जिससे इस्पात उद्योग के लिए व्यापक अवसर उत्पन्न हो रहे हैं। उन्होंने विस्तार परियोजना के क्रियान्वयन में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी, डिजिटल प्रणालियों तथा सुरक्षित कार्य-पद्धतियों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। पूर्ववर्ती विस्तार परियोजनाओं से प्राप्त अनुभवों का उल्लेख करते हुए उन्होंने सभी हितधारकों से चुनौतियों का सामूहिक रूप से सामना करते हुए आगामी परियोजना को सफलतापूर्वक पूर्ण करने का आह्वान किया। उन्होंने प्रतिभागियों से सम्मेलन के दौरान उभरती प्रौद्योगिकियों, नवाचारी कार्यान्वयन पद्धतियों, लॉजिस्टिक्स अनुकूलन तथा सहयोगात्मक समाधानों पर सार्थक विचार-विमर्श करने कहा।

न्यूज गैलरी

नवागढ़ के ग्राम पंचायत खेड़ा में समाधान शिविर आज

बेमेतरा/नवप्रदेश। सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत 04 जून को जनपद पंचायत नवागढ़ के ग्राम पंचायत खेड़ा के शास. हाई स्कूल मैदान में समाधान शिविर आयोजित किया गया है। ग्राम खेड़ा कलस्टर में ग्राम खटई, तेन्दुआ, मुडपार, बोटेबोड़, बेवरा, खेडा, संबलपुर, बेलटुकरी, गनियारी, अमोरा, मेहना, घोरहा, पुटपुरा, बुंदेला, बिनैका, गिधवा, नगधा, धनौरा, कंवराकांपा, गोढ़ीकला, नेउर, रूसे, रमपुरा ग्राम पंचायत के लिए यह शिविर आयोजित किया गया है। शिविर का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे निर्धारित किया गया है। समाधान शिविर में विभिन्न योजनाओं से पात्र अनेक हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। शिविर में प्राप्त आवेदनों का यथासंभव निराकरण किया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। शिविर में शासन द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं, सेवाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने ग्रामीण जनों को शिविर में उपस्थित होकर शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

समय सीमा में काम नहीं हुआ या परेशानी आ रही तो करें 1076 में शिकायत

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। शिकायत व समस्या का त्वरित रूप से निराकरण कर राहत पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा अनुरूप 1076 सीएम हेल्पलाइन प्रारम्भ की जा रही हैं। कलेक्टर कुलदीप शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एवं ब्लॉक लेवल के अधिकारियों के लिए वीडियो कांफ्रेंस से सीएम हेल्पलाइन 1076 एवं शिकायत प्रबंधन प्रणाली के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि सीएम हेल्पलाइन त्वरित शिकायत निवारण हेतु एकीकृत मंच है तथा यह गुड गवर्नेंस की दिशा में राज्य शासन का एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसके माध्यम से नागरिकों की शिकायतों, सुझावों एवं समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सीएम हेल्पलाइन प्रणाली पाँच प्रमुख स्तंभों शिकायत ट्रैकिंग, समयबद्ध निवारण, नागरिक फीडबैक, पारदर्शिता एवं जवाबदेही तथा कुशल निगरानी पर आधारित है। प्रत्येक दर्ज शिकायत को 12 अंकों का विशिष्ट टोकन क्रमांक प्रदान किया जाएगा, जिसके माध्यम से शिकायतकर्ता हर चरण में अपनी शिकायत की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर सकेगा।

सीएम हेल्पलाइन में आवेदन पत्र देने के 4 माध्यम : सीएम हेल्पलाइन में आवेदन पत्र देने के 4 माध्यम है, इसमें 1076 डायल कॉल, पोर्टल, वाट्सअप पेज, मुख्यमंत्री के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर शामिल है। इसमें जो आवेदन लिख नहीं पाते उनके लिए कॉल बैक करने का अनुरोध का भी विकल्प है, जिससे उनको कॉल बैक कर उनके आवेदन को दर्ज किया जाएगा।

महिलाओं के नाम संपत्ति पंजीयन में छूट मिलने से रजिस्ट्रेशन में 70% की वृद्धि

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने महिलाओं के नाम पर होने वाले भूमि रजिस्ट्रेशन शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट एवं 12 प्रतिशत उपकार को समाप्त करने का निर्णय लिया है। है। शासन की इन रियायतों के चलते महिलाओं के नाम पर संपत्ति खरीद और पंजीयन में जिले ने उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की जिसमें ग्रामीण क्षेत्र की तुलना में शहरी क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी अधिक देखी गई है। जिला पंजीयक कार्यालय से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2026 में जिले के पांचों उप पंजीयक कार्यालयों में महिलाओं के पक्ष में कुल 309 दस्तावेज पंजीकृत हुए थे। छूट मिलने के बाद मई 2026 में बढ़कर 445 पहुंच गई जो अप्रैल माह की तुलना में लगभग 70 प्रतिशत की वृद्धि है।केवल बलौदाबाजार उप पंजीयक कार्यालय में अप्रैल 2026 में 78 और मई 2026 में बढ़कर 119 हो गया। पलारी में अप्रैल 2026 में 40 दस्तावेज बढ़कर मई 2026 में 56, सिमगा में 56 से बढ़कर 99, कसडोल में 24 से बढ़कर 50 तथा भाटापारा में 111 से बढ़कर 121 दस्तावेज हो गए। यह वृद्धि दर्शाती है कि महिलाओं को दी गई पंजीयन शुल्क छूट का लाभ बड़ी संख्या में परिवार उठा रहे हैं। शहरी क्षेत्र बलौदाबाजार और भाटपारा के आकड़ों में अधिक वृद्धि देखी गई है। जिला पंजीयक विनोज कोचे ने बताया कि राज्य शासन की इस पहल का सीधा लाभ महिलाओं को मिल रहा है। संपत्ति खरीदने की लागत कम होने से परिवार अब महिलाओं के नाम पर जमीन और मकान पंजीकृत कराने के लिए प्रोत्साहित हो रहे हैं। इससे महिलाओं की आर्थिक भागीदारी और संपत्ति में अधिकार मजबूत हो रहा है।

पिरदा मोड़ के पास सड़क हादसा मां-बेटे सहित दो घायल

महासमुंद/नवप्रदेश। राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर पिरदा मोड़ के पास हुए सड़क हादसे में बाइक सवार मां-बेटे समेत दो लोग घायल हो गए। घटना की रिपोर्ट पर तुमगांव पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को वार्ड क्रमांक 10, ग्राम बरभांठा निवासी ललित राय ने बताया कि वह 1 जून को अपनी बुआ के घर भोरिंग से वापस अपने गांव बरभांठा लौट रहा था। उसकी बाइक पर उसकी मां विमला बाई और बहन धान बाई भी सवार थीं। सुबह करीब 8.30 बजे पिरदा मोड़ से लगभग 500 मीटर आगे पहुंचने पर पीछे से आ रही बाइक क्रमांक सीजी 06 एचसी 2738 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही तीनों सड़क पर गिर पड़े। हादसे में ललित राय और उसकी मां विमला बाई को चोटें आईं। घटना के बाद घायल पक्ष ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

निर्माणाधीन गौधाम का गौ सेवा आयोग अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल ने किया निरीक्षण

रामरूप दास एवं पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा भी थे साथ

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल एवं महात्यागी रामरूप दास ने नपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के साथ निर्माणाधीन गौधाम का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर निर्माण कार्यों की प्रगति का अवलोकन करते हुए गौधाम को शीघ्र प्रारंभ करने तथा इसे गौसेवा एवं गौसंरक्षण का एक आदर्श केंद्र बनाने के संबंध में आवश्यक चर्चा भी की।

निरीक्षण के दौरान गौधाम में उपलब्ध कराई जाने वाली व्यवस्थाओं, गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए किए जाने वाले प्रयासों तथा इसके प्रभावी संचालन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने गौधाम को क्षेत्र में गौसेवा का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनाने तथा समाज की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उपस्थितजनों ने कहा कि गौवंश की सेवा एवं संरक्षण हमारी संस्कृति, परंपरा और मानवीय संवेदनाओं का महत्वपूर्ण आधार है तथा इसके संवर्धन एवं संरक्षण हेतु समाज के सभी वर्गों के सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं।

इस अवसर श्री विशेषर सिंह पटेल ने कहा कि गौसंरक्षण केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सामाजिक जीवन से जुड़ा एक महत्वपूर्ण दायित्व है। राज्य शासन गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर कार्य कर रही है और गौधामों की स्थापना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। महात्यागी महाराज रामरूप दास ने कहा कि गौमाता भारतीय संस्कृति, धर्म और आध्यात्मिक परंपरा की आधारशिला हैं। गौसेवा केवल एक सामाजिक कार्य नहीं, बल्कि यह सेवा, करुणा और संवेदनशीलता का प्रतीक है। जिस समाज में गौवंश का सम्मान और संरक्षण होता है, वहां समृद्धि, सद्भाव और सकारात्मकता का वातावरण विकसित होता है। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि नगर पालिका द्वारा निर्माणाधीन गौधाम को शीघ्र प्रारंभ करने के लिए आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं। हमारा उद्देश्य इसे एक सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं आदर्श गौधाम के रूप में विकसित करना है, जहां गौवंश के संरक्षण, उपचार और देखभाल की समुचित व्यवस्था उपलब्ध हो।

उन्होंने कहा कि गौधाम प्रारंभ होने से क्षेत्र में गौसंरक्षण को मजबूती मिलेगी तथा सामाजिक एवं धार्मिक दृष्टि से भी इसका व्यापक सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेगा। गौवंश की सेवा एवं संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

सेप्टिक टैंकों की वैज्ञानिक सफाई के लिए जिले में विकसित हुई आधुनिक व्यवस्था

ग्रामीण स्वच्छता को मिलेगा नया आयाम

■ ढोलिया में शुरू हुआ फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट

बेमेतरा/नवप्रदेश। स्वच्छ एवं स्वस्थ ग्रामीण परिवेश के निर्माण की दिशा में जिला बेमेतरा ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत ग्राम पंचायत ढोलिया में फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) की शुरुआत की है। इस आधुनिक सुविधा के माध्यम से अब ग्रामीण क्षेत्रों में सेप्टिक टैंकों की सुरक्षित, वैज्ञानिक एवं पर्यावरण अनुकूल सफाई सुनिश्चित की जा सकेगी।

हर 3 से 4 वर्ष में कराएं सेप्टिक टैंक की सफाई

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के दिशा-निर्देशों के अनुसार सेप्टिक टैंक की प्रत्येक 3 से 4 वर्षों में नियमित सफाई कराना स्वास्थ्य सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता व्यवस्था के लिए अत्यंत आवश्यक है। इससे खुले में गंदगी फैलने की समस्या कम होगी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ वातावरण का निर्माण होगा।

मात्र 1700 रुपये में मिलेगी सुरक्षित सफाई की सुविधा

इस व्यवस्था के तहत ग्रामीण मात्र 1700 रुपये के न्यूनतम शुल्क पर अपने घर के सेप्टिक टैंक की सुरक्षित एवं वैज्ञानिक तरीके से सफाई करा सकेंगे। प्रशिक्षित कर्मियों द्वारा अपशिष्ट का संग्रहण कर उसे ढोलिया स्थित फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट में वैज्ञानिक तरीके से उपचारित किया जाएगा।

स्वच्छ गांव, स्वस्थ जीवन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

जिला प्रशासन ने जिलेवासियों से इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा है कि सुरक्षित स्वच्छता प्रबंधन केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामुदायिक स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण से भी जुड़ा हुआ विषय है। ढोलिया में स्थापित फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट ग्रामीण स्वच्छता को नई दिशा देने के साथ-साथ स्वच्छ, स्वस्थ और सतत विकास की अवधारणा को भी मजबूती प्रदान करेगा।

गांव-गांव तक पहुंचेगी योजना की जानकारी

जिला पंचायत में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेमलता पद्माकर ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, स्वच्छ भारत मिशन के समन्वयकों एवं ग्राम पंचायतों के सरपंच-सचिवों को निर्देशित किया कि इस सुविधा की जानकारी प्रत्येक ग्रामीण तक पहुंचाई जाए। उन्होंने पंचायत भवनों, सार्वजनिक स्थलों एवं प्रमुख चौक-चौराहों पर दीवार लेखन के माध्यम से संपर्क नंबर एवं आवश्यक जानकारी प्रदर्शित करने के निर्देश दिए, ताकि ग्रामीण आसानी से इस सेवा का लाभ प्राप्त कर सकें।

जिलेभर में चलाया जाएगा जागरूकता अभियान

जिले की कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देशानुसार तथा जिला पंचायत बेमेतरा की मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेमलता पद्माकर के मार्गदर्शन में इस सुविधा के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता के लिए विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य ग्रामीणों को सुरक्षित स्वच्छता प्रबंधन के प्रति जागरूक करना तथा वैज्ञानिक अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा देना है।

मुनादी और घर-घर संपर्क से बढ़ेगी जागरूकता

ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक लोगों तक जानकारी पहुंचाने के लिए कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराने तथा स्वच्छता समूह की महिलाओं द्वारा घर-घर संपर्क कर लोगों को सेप्टिक टैंक की नियमित सफाई के महत्व के बारे में जागरूक करने की रणनीति बनाई गई है।

एनएचएम महासम्मेलन सीएमएचओ डॉ. नवरत्न को दिया गया आमंत्रण

गरियाबंद/नवप्रदेश। आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी गरियाबंद डॉ. यू. एस. नवरत्न सर से छ.ग.प्रदेश एन.एच.एम कर्मचारी संघ के जिला और ब्लॉक् के प्रतिनिधि मंडल ने सौजन्य भेट की और 13 जुन 2026 के रायपुर मे महासम्मेलन में एन एच एम कर्मचारियों के शामिल होने के कारण उक्त तिथि अवकाश की सुचना दी साथ ही महासम्मलेन मे आने का सादर निमंत्रण दिया।

उन्होंने निमंत्रण सहर्ष स्वीकार किया साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने में 100% सहयोग एवम सहभागिता देने तथा कार्यक्रम के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी। ज्ञात हो कि विगत वर्ष एक महीने से अधिक चले अनिश्चित कालीन आंदोलन के दौरान एन एच एम कर्मचारियों के कुछ मांगो के पुर्ण होने और नियमितीकरण, ग्रेड पे सहित अन्य लंबित मांगो के आदेश और क्रियान्वयन के लिए एन एच एम कर्मचारी संघ 13 जुन 2026 को एक प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन का आयोजन मुख्यमन्त्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य और स्वास्थ्य मंत्री माननीय श्री श्याम बिहारी जायसवाल के अध्यक्षता मे* बूढ़ा तालाब रायपुर के पास बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम मे आयोजन क़र रहें हैं।

भाजपा सोशल मीडिया की प्रथम बैठक संपन्न

गरियाबंद/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी सोशल मीडिया जिला गरियाबंद की प्रथम बैठक भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय गरियाबंद में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिला संगठन महामंत्री अमित चिमनानी विधायक रोहित साहूए भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय एवं भाजपा जिला महामंत्री आशीष शर्मा उपस्थित रहे।

इस अवसर पर वक्ताओं ने सोशल मीडिया की संगठनात्मक भूमिका केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी प्रचार.प्रसार तथा डिजिटल माध्यमों के जरिए संगठन को मजबूत बनाने पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से पार्टी की विचारधारा उपलब्धियों एवं जनहितकारी कार्यों को जन.जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखाए सोशल मीडिया टीम की कार्ययोजना तथा संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने व्हाट्सएपए फेसबुकए एक्सए इंस्टाग्राम एवं अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रुळंतपइंदकठश्रच् हैशटैग का नियमित उपयोग करने तथा संगठन की डिजिटल उपस्थिति को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

तालाबों को केनाल के माध्यम से जोड़ने का काम शुरू

■ नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

भटगांव/नवप्रदेश। नगर पंचायत भटगांव के किसान सभा के वर्षों पुरानी मांग पर अंडबंधा तालाब के गहरी करण के साथ विभिन्न तालाबों को केनाल के माध्यम से जोड़ने की स्वीकृति नगर पंचायत भटगांव को प्राप्त हुई है।

उल्लेखनीय है कि किसान संघ भटगांव द्वारा लगातार मांग की जाती थी कि मुख्य सिंचाई हेतु निर्मित प्रबंध तालाब का गहरीकरण करना व किसानों के व्यापक हित को देखते हुए और अंडबंधा से बड़ा तालाब, झलवा तालाब, दर्री, दांतारा, बुधुबन गस्तिहा , लामी को जोड़ने हेतु केनाल बनाया जाए जिससे किसानों को सही समय पर कृषि कार्य हेतु सिंचाई जल की आपूर्ति की जा सके इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे ने बताया कि किसान संघ के अथक प्रयास और मांग पर अंडबधा तालाब के गहरी करण हेतु शासन से प्रशासकीय एवं वृत्त स्वीकृती हो चुकी है एवं निविदा की प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है साथ ही किसानों के कृषि कार्य पर सही समय पर सिंचाई हेतु पानी की आपूर्ति करने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा तालाबों से तालाबों को जोड़ने केनाल निर्माण हेतु अपने निधि से पर्याप्त राशि उपलब्ध करने की बात की है. दोनों ही कार्य शीघ्र प्रारंभ किए जाएंगे नगर पंचायत भटगांव के परिसर द्वारा सर्वसम्मति से इन दोनों विषयों के लिए प्रस्ताव पारित किया गया है। नगर पंचायत के पार्षदों ने किसान संघ को उनके प्रयास के लिए धन्यवाद दिया। उक्त दोनों मांग बहुत लंबे समय से किया जा रहा था जो साकार होते दिख रहा है, जिससे किसानों के चेहरे पर खुशी की लहर दिखाई दे रहा है. वहीं इस तालाबों के गहरीकरण व केनाल निर्माण कार्य का भूमिपूजन नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे के कर कमलों से किया गया।

नैनो डीएपी और नैनो यूरिया ने बदली खेती की तस्वीर

■ नवागढ़ के किसान छत्रदास कुर्रे ने साझा किया सकारात्मक अनुभव

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिले के किसान आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों को अपनाकर खेती को अधिक लाभकारी बना रहे हैं। इसी कड़ी में विकासखंड नवागढ़ के ग्राम सोनकापारा निवासी प्रगतिशील किसान छत्रदास कुर्रे ने अपनी फसल में नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया का उपयोग कर उल्लेखनीय परिणाम प्राप्त किए हैं। कुर्रे बताते हैं कि उन्होंने पारंपरिक उर्वरकों के साथ नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया का संतुलित उपयोग किया, जिससे फसल की बढ़वार बेहतर हुई, पौधे अधिक स्वस्थ एवं मजबूत बने तथा उत्पादन में भी वृद्धि देखने को मिली। इसके साथही उर्वरक की लागत में कमी आने से खेती की लाभप्रदता बढ़ी है।

उन्होंने बताया कि नैनो उर्वरकों के उपयोग से फसल को आवश्यक पोषक तत्व प्रभावी रूप से प्राप्त हुए, जिससे पौधों का समुचित विकास हुआ। कम मात्रा में अधिक प्रभाव मिलने के कारण उर्वरक उपयोग की दक्षता भी बढ़ी है। इसके अतिरिक्त मिट्टी के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा तथा पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिला।

छत्रदास कुर्रे ने अन्य किसानों से भी अपील करते हुए कहा कि वे आधुनिक कृषि तकनीकों और संतुलित पोषण प्रबंधन को अपनाएं। नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया जैसे नवाचार किसानों की लागत कम करने, उत्पादन बढ़ाने तथा टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया के उपयोग से पोषक तत्वों की उपलब्धता बेहतर होती है, उर्वरकों की उपयोग दक्षता बढ़ती है तथा कम मात्रा में अधिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है। इससे किसानों की आय बढ़ाने और पर्यावरण-अनुकूल कृषि को प्रोत्साहन देने में सहायता मिल रही है।

देश के सम्मानों में शामिल पद्म पुरस्कार 2027 के लिए नामांकन आमंत्रित

योग्य एवं पात्र व्यक्तियों के नाम 10 जुलाई तक ऑनलाइन पोर्टल पर करें दर्ज

बेमेतरा/नवप्रदेश। भारत सरकार द्वारा देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्म श्री पुरस्कार-2027 के लिए नामांकन एवं अनुशंसा प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। इन प्रतिष्ठित पुरस्कारों के लिए नामांकन प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन माध्यम से संचालित की जा रही है। भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार पद्म पुरस्कार श्रृंखला के अंतर्गत वर्ष 2027 के लिए नामांकन प्रस्ताव 31 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

जिले के योग्य व्यक्तियों के नामांकन हेतु अपील

जिला प्रशासन ने बेमेतरा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट एवं विशिष्ट योगदान देने वाले योग्य एवं पात्र व्यक्तियों के नामांकन प्रस्ताव भेजने की अपील की है। शिक्षा, साहित्य, कला, विज्ञान, सामाजिक सेवा, चिकित्सा, खेल, लोककला, कृषि, उद्योग, पर्यावरण संरक्षण तथा अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले व्यक्तियों के नाम प्रस्तावित किए जा सकते हैं।

10 जुलाई तक जमा करनी होगी ऑनलाइन आवेदन की प्रति : निर्धारित पात्रता एवं मापदंडों के अनुरूप स्पष्ट अनुशंसा सहित नामांकन प्रस्ताव पोर्टल पर ऑनलाइन भरते हुए उसकी प्रति कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बेमेतरा (छत्तीसगढ़) में 10 जुलाई 2026 तक अनिवार्य रूप से जमा करनी होगी।

संचालनालय को भेजी जाएगी नामांकित व्यक्तियों की जानकारी : प्राप्त नामांकन प्रस्तावों की जानकारी नियमानुसार संकलित कर संचालनालय को प्रेषित की जाएगी। इसलिए इच्छुक व्यक्ति, संस्थाएं एवं जनप्रतिनिधि निर्धारित समय-सीमा के भीतर पात्र व्यक्तियों के नामांकन प्रस्ताव प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं पद्म पुरस्कार

पद्म पुरस्कार भारत सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण एवं विशिष्ट सेवाओं के लिए प्रदान किए जाने वाले देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं। इन पुरस्कारों के माध्यम से समाज, राष्ट्र निर्माण एवं मानवता की सेवा में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाता है। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र के योग्य एवं प्रेरणादायी व्यक्तित्वों की पहचान कर उनके नामांकन प्रस्ताव समय-सीमा के भीतर प्रस्तुत करें।

स्वच्छता: ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जनपद पंचायत में हुई बैठक

सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन और स्वच्छ ग्रामीण परिवेश निर्माण पर जोर

बेमेतरा/नवप्रदेश। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जनपद पंचायत बेमेतरा में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में ब्लॉक कॉर्डिनेटर, स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्राम पंचायतों के सचिव उपस्थित रहे। बैठक में भारत के सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के शत-प्रतिशत पालन पर विशेष बल देते हुए सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छता गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित करने के निर्देश दिए गए।

घर-घर कचरा संग्रहण और स्त्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण पर विशेष जोर : बैठक में सभी ग्राम पंचायतों को घर-घर से नियमित कचरा संग्रहण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही ग्रामीणों से अपील की गई कि वे अपने घरों से निकलने वाले कचरे को प्रारंभिक स्तर पर ही अलग-अलग श्रेणियों में पृथक करें। इससे स्वच्छता समूहों को कचरे की छंटाई में सुविधा होगी तथा अपशिष्ट प्रबंधन की प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित एवं प्रभावी बन सकेगी।

दुकानों में डस्टबिन रखना होगा अनिवार्य : नए नियमों के तहत सभी दुकानदारों को अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि कचरा खुले में न फैले और स्वच्छ वातावरण बना रहे। बैठक में बताया गया कि हरे रंग के डस्टबिन में गीला कचरा, नीले डस्टबिन में सूखा कचरा तथा लाल डस्टबिन में सेनेटरी नेपकिन एवं अन्य जैविक अपशिष्ट रखा जाना है। वहीं ई-वेस्ट, बैटरी एवं एक्सपायरी दवाइयों को अलग से सुरक्षित रखने के निर्देश भी दिए गए।

फिकल स्लज प्रबंधन एवं सेप्टिक टैंक की वैज्ञानिक सफाई पर चर्चा

बैठक में सेप्टिक टैंक की सुरक्षित सफाई एवं फिकल स्लज प्रबंधन को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। ग्राम पंचायत डोलिया में स्थापित फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट में सेप्टिक टैंक अपशिष्ट के वैज्ञानिक निष्पादन के निर्देश दिए गए। बताया गया कि ग्रामीण न्यूनतम शुल्क जमा कर अपने घरों के सेप्टिक टैंक की सुरक्षित एवं प्रशिक्षित कर्मियों द्वारा सफाई करा सकते हैं, जिससे पर्यावरण संरक्षण एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य को लाभ मिलेगा।

अवैज्ञानिक तरीके से मल अपशिष्ट निपटान पर होगी कार्रवाई: बैठक में बताया गया कि कई स्थानों पर खुले में सेप्टिक टैंक की सफाई कर मल अपशिष्ट का अवैज्ञानिक निष्पादन किया जाता है, जो स्वास्थ्य एवं पर्यावरण दोनों के लिए गंभीर खतरा है। ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। ग्राम पंचायतों को निर्देशित किया गया कि पंचायत भवनों में आवश्यक मोबाइल नंबर एवं संपर्क जानकारी स्पष्ट रूप से अंकित की जाए, ताकि ग्रामीण आवश्यक सेवाओं एवं शिकायतों के लिए आसानी से संपर्क कर सकें।

गांवों में कहीं भी कचरे का ढेर नहीं दिखना चाहिए

अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि गांवों में किसी भी स्थान पर कचरे का ढेर दिखाई नहीं देना चाहिए। मिश्रित कचरा देने वाले परिवारों को समझाइश देकर पृथक कचरा संग्रहण की आदत विकसित करने तथा स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।

बरसात से पहले पालिका ने कसी कमर, नालियों की सफाई अभियान जारी

- **बरसात पूर्व बड़े नाला-नालियों की सफाई शुरू**
- **नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने सफाई व्यवस्था को लेकर दिये कड़े निर्देश**

कवर्धा/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा आगामी वर्षाऋतु को ध्यान में रखते हुए शहर में बरसात पूर्व नाला-नालियों की साफ-सफाई किया जा रहा है।

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष बरसात के दौरान जलभराव की समस्या को रोकने के लिए पूर्व तैयारी के रूप में नाला-नालियों की सफाई कार्य कराया जाता है इस वर्ष भी शहर के सभी प्रमुख नालों, नालियों की सफाई का कार्य समयबद्ध तरीके से कराया जा रहा है। सफाई के दौरान निकाले जा रहे कचरे को तत्काल उठाये जाने हेत निर्देशित किया गया है। ताकि

लोगों को समस्याओं का सामना करना ना पड़े। बारिश का पानी बिना किसी रुकावट के नालों के माध्यम से बाहर निकल सके तथा सड़कों, गलियों एवं अन्य रिहायशी क्षेत्रों में बरसात के पानी का भराव न हो। इसके लिए सफाई कार्यों की नियमित निगरानी भी की जा रही है

बरसात के समय ना हो परेशानी-च्रदप्रकाश चंद्रवंशी

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने सफाई अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि प्रतिदिन वार्ड एवं शहर के प्रमुख मार्गो के नालियों की सफाई करें ताकि लोगों को बरसात के समय बरसाती पानी से परेशानियों का सामना करना ना पड़ें। साफ सफाई में लापरवाही किसी तरह से ना करे। वार्ड के नागरिकों, शहर के प्रमुख स्थानों पर साफ सफाई के दौरान लोगों से चर्चा कर सहयोग लें। ताकि सफाई कार्य सुनियोजित ढंग से हो सके। साफ-सफाई के दौरान नालियों के उपर बने चबुतरा को हटाया जाकर सफाई करें। नालियों के उपर स्लैब को हटाये जाने हेतु निर्देशित किया एवं नाली के उपर चबुतरा निर्माण किये जाने वाले के खिलाफ कार्यवाही करने भी निर्देशित किया।

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश ने की अपील

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कवर्धा शहर के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ एवं जलभराव मुक्त बनाए रखने मे लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने लोगों से नालियों एवं सार्वजनिक स्थानों पर कचरा, प्लास्टिक एवं अन्य सामग्री सड़क पर नहीं फेंकने का निवेदन किया। नगर पालिका परिषद कवर्धा शहरवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा वर्षाऋतु के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए लगातार कार्य कर रही है।

न्यूज गैलरी

सुशासन तिहार में जिले को बड़ी सौगात

आजादी के 78 साल बाद रोशन होंगे दूरस्थ मजराटोले

खैरागढ़/नवप्रदेश। सुशासन तिहार पर जिले के लिए उपलब्धि सामने आई है। जिला प्रशासन और विद्युत विभाग के समन्वित प्रयासों से जिले के 10 दूरस्थ एवं अब तक विद्युत सुविधा से वंचित मजराटोलों के विद्युतीकरण के लिए प्रशासनिक मिल गई है। निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद इन क्षेत्रों में इसी सत्र के दौरान तेजी से विद्युतीकरण कार्य प्रारंभ कर पूर्ण किया जाएगा। आजादी के 78 वर्षों बाद जिले के ऐसे दूरस्थ वनांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पहली बार बिजली पहुंचने का मार्ग प्रशस्त हुआ है, जहां अब तक अंधेरा ही ग्रामीणों की नियति बना हुआ था। मुख्यमंत्री मजराटोला विद्युतीकरण योजना के तहत साल्हेवारा वनांचल क्षेत्र के निजामडीह, तुमड़ादाह, बलरामपुर, कोहकझोरी, संजारी-टाटीघाट, झिलमिली एवं गाताभर्री, घाघरा, लमरा, रिहाडबरा तथा टिनगीपुर जैसे गांवों के मजराटोलों में विद्युत नेटवर्क का विस्तार किया जाएगा। बिजली उपलब्ध होने से बच्चों की पढ़ाई, किसानों की सुविधाएं, छोटे व्यवसाय और शासकीय सेवाओं की पहुंच में उल्लेखनीय सुधार होगा। लंबे समय से बिजली की मांग कर रहे ग्रामीणों का सपना अब साकार होगा। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए जिला प्रशासन के साथ साथ विद्युत मंडल अधिकारी लगातार प्रयासरत रहे । कलेक्टर इंद्रजीत चन्द्रवाल विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह के नेतृत्व में विभागीय प्रक्रियाओं को गति मिली और वर्षों से लंबित विद्युतीकरण प्रस्तावों को स्वीकृति दिलाने में सफलता प्राप्त हुई। सुशासन तिहार के दौरान मिली सौगात से इन मजराटोलों में जगमगाती रोशनी के साथ विकास की नई किरण भी पहुंचेगी।

समय-सीमा बैठक में जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

खैरागढ़/नवप्रदेश। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों तथा जनसमस्याओं के निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा विभागीय कार्यों में अपेक्षित गति बनाए रखने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि 1 जून से सभी शासकीय फाइलों का संचालन ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा, जिससे प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं कार्यकुशलता बढ़ेगी। उन्होंने सभी विभागों को ई-ऑफिस व्यवस्था का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्माणाधीन आवासों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने तथा पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ समय पर उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया।

जालबांधा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को मिला एनक्यूएएस प्रमाणन

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जालबांधा ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक एनक्यूएएस प्रमाणन प्राप्त किया है। यह उपलब्धि ग्रामीण क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जालबांधा स्वास्थ्य केंद्र ने स्वच्छता, मरीजों की सुरक्षा, उपचार की गुणवत्ता, रिकॉर्ड संधारण, संक्रमण नियंत्रण तथा मरीज हितैषी सेवाओं के क्षेत्र में राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह प्रमाणन हासिल किया है। अब क्षेत्रवासियों को अधिक व्यवस्थित, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य केंद्र में सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए गए, जिनका सकारात्मक परिणाम एनक्यूएएस प्रमाणन के रूप में सामने आया है। संस्था प्रभारी डॉ. मोहम्मद असलम के नेतृत्व में ग्रामीण चिकित्सा सहायक भारती वर्मा, लैब टेक्निशियन रामनिवास बंजारे, फील्ड स्टाफ मितानिनों, जीवन दीप समिति, ग्राम पंचायत जालबांधा एवं पवनतरा के जनप्रतिनिधियों के सहयोग से यह उपलब्धि संभव हो सकी। यह उपलब्धि जिले में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। जिले के अन्य स्वास्थ्य संस्थानों को भी राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के अनुरूप विकसित करने के प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।

जिला दंडाधिकारी का आदेश, कबीरधाम सहित चार जिलों की सीमाओं से किया गया निष्कासित

आदतन अपराधी धर्मेंद्र जांगड़े एक वर्ष के लिए जिलाबदर

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए पंडरिया निवासी आदतन अपराधी एवं गुंडा बदमाश धर्मेंद्र जांगड़े के विरुद्ध जिलाबदर का आदेश जारी किया है।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कबीरधाम द्वारा पारित आदेश के अनुसार धर्मेंद्र जांगड़े पिता राजकुमार जांगड़े, निवासी घोघरापारा, पंडरिया को आगामी एक वर्ष की अवधि के लिए कबीरधाम जिले सहित सरहदी जिले खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, बेमेतरा एवं मुंगेली की सीमाओं से निष्कासित किया गया है।पुलिस अधीक्षक कबीरधाम के माध्यम से थाना पंडरिया द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 एवं 5(ख) के तहत यह कार्रवाई की गई। जांच के दौरान यह पाया गया कि धर्मेंद्र जांगड़े के विरुद्ध वर्ष 2014 से अब तक विभिन्न आपराधिक एवं प्रतिबंधात्मक प्रकरण दर्ज हैं। कई बार कार्रवाई होने के बावजूद उसके व्यवहार में सुधार नहीं आया तथा उसके कृत्यों से क्षेत्र में भय और अशांति का वातावरण निर्मित हो रहा था।

जिला दंडाधिकारी ने अपने आदेश में कहा

कि लोक व्यवस्था एवं जनसुरक्षा को बनाए रखने के लिए उक्त व्यक्ति के विरुद्ध कठोर कार्रवाई आवश्यक है। इसी आधार पर उसे निर्धारित अवधि के लिए संबंधित जिलों की सीमाओं से बाहर रहने का आदेश दिया गया है।

गुंडा बदमाश सूची में भी शामिल

पुलिस के अनुसार धर्मेंद्र जांगड़े का नाम वर्ष 2023 से थाना पंडरिया की गुंडा बदमाश सूची में दर्ज है। इसके बावजूद उसके आपराधिक गतिविधियों में कमी नहीं आई, जिसके चलते जिलाबदर की कार्रवाई की गई।

दर्ज प्रमुख आपराधिक प्रकरण

अपराध क्रमांक 64/2014, थाना पंडरिया - धारा 294, 323, 506, 34 आईपीसी

अपराध क्रमांक 314/2022, थाना पंडरिया - धारा 294, 323, 506, 34 आईपीसी

अपराध क्रमांक 264/2023, थाना पंडरिया - धारा 294, 323, 506, 34 आईपीसी

अपराध क्रमांक 09/2024, थाना भोरमदेव - धारा 3(2) जुआ प्रतिषेध अधिनियम

प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां

धर्मेंद्र जांगड़े के विरुद्ध वर्ष 2021 से 2024 के बीच धारा 107, 110, 151 सीआरपीसी तथा बीएनएसएस के तहत कई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की जा चुकी हैं।

पुलिस प्रशासन की इस कार्रवाई का पंडरिया क्षेत्र के नागरिकों ने स्वागत करते हुए इसे कानून-व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।

ओवर स्पीडिंग और ड्रंक एंड ड्राइव पर कार्रवाई के लिए चलेगा विशेष अभियान

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले में सडक़ दुर्घटनाओं पर नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को पूर्ण सुरक्षित बनाने कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल की अध्यक्षता में जिला सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक में सडक़ सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, दुर्घटना नियंत्रण, आवारा पशुओं की समस्या तथा वर्षाकालीन सुरक्षा उपायों सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा कर दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर चंद्रवाल ने रात्रिकालीन समय में ओवर स्पीडिंग करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए तो दूसरी ओर जिले में स्पीड डिटेक्शन कैमरे स्थापित करने के प्रस्ताव तैयार करने कहा ।

कलेक्टर ने सडक़ सुरक्षा नियमों का पालन करना अनिवार्य बताते शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए ।

बैठक में बरसात के दौरान आवारा पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम पर चर्चा मे कलेक्टर ने पशुपालन विभाग को शहरी गौठान की स्थापना प्रक्रिया प्रारंभ करने, कांजी हाउस एवं गौधामों की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए।

सडक़ सुरक्षा जनजागरूकता बढ़ाने के लिए विद्यालय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने कहा। बैठक में प्रधानमंत्री सडक़ दुर्घटना सहायता योजना के अंतर्गत प्रकरणों के समयबद्ध सत्यापन, हिट एंड रन मामलों में पीड़ितों को शीघ्र सहायता उपलब्ध कराने तथा ई-डीएआर प्रणाली के प्रभावी संचालन को सुनिश्चित करने पुलिस एवं यातायात विभाग को निर्देश प्रदान दिए गए।

राधा-कृष्ण चरित्र कथा में बही भक्ति और प्रेम की अविरल धारा

राधे-राधे के जयघोष से गुंजायमान हुआ श्री नारायण धाम, कथा श्रवण कर भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

राजनांदगांव/नवप्रदेश। संस्कारधानी राजनांदगांव में श्री सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा आयोजित 16 दिवसीय पुरुषोत्तम मास श्री नारायण महामहोत्सव के तृतीय दिवस भक्ति, प्रेम और अध्यात्म का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्री नारायण धाम स्थित श्री सत्यनारायण धर्मशाला, कामठी लाइन में आयोजित राधा-कृष्ण चरित्र कथा में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। कथा के दौरान पूरा परिसर ÷राधे-राधे÷ के जयघोष और भक्ति रस से सराबोर रहा।

श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के विष्णु लोहिया, नरेंद्र गोयल एवं संतोष सिंघल ने बताया कि पुरुषोत्तम मास के अवसर पर आयोजित इस महोत्सव में प्रतिदिन धर्म, अध्यात्म, संस्कार और सेवा की अविरल धारा प्रवाहित हो रही है, जिसका लाभ लेने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

कथा प्रारंभ पूर्व हुआ व्यासपीठ का स्वागत

राधा-कृष्ण चरित्र कथा प्रारंभ होने से पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष सूरज बुद्धदेव एवं अखिल भारतवर्षीय खंडेलवाल महासभा के राष्ट्रीय युवा संयोजक शरद खंडेलवाल कथा स्थल पहुंचे। उन्होंने व्यासपीठ पर विराजमान पंडित अर्पित भाई शर्मा का पुष्पहार एवं श्रीफल भेंटकर स्वागत किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर विजय हरिहरनो, अशोक लोहिया एवं हरीश अग्रवाल ने भी पंडित अर्पित भाई शर्मा का सम्मानपूर्वक स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

कथा के मार्मिक प्रसंगों ने किया भाव-विभोर

-व्यासाचार्य पंडित अर्पित भाई शर्मा ने अपने ओजस्वी एवं भावपूर्ण कथावाचन में राधा-कृष्ण की दिव्य लीलाओं, प्रेम, समर्पण और भक्ति के अद्भुत प्रसंगों का वर्णन किया। कथा के दौरान कई ऐसे मार्मिक क्षण आए जब श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं और भक्ति भाव अश्रुधारा बनकर बह निकला।

अरकार में सुशासन तिहार, कई समस्याओं का मौके पर निदान

- **जनसमस्या निवारण शिविर में शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हुए ग्रामीण एवं हितग्राही**

गुरुर/नवप्रदेश। सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत आज गुरूर विकासखण्ड के ग्राम अरकार में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्राम पंचायत अरकार सहित अरकार कलस्टर में शामिल आसपास के ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

अरकार में आयोजित शिविर में अपर कलेक्टर श्री चंद्रकांत कौशिक, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता संजय साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती लक्ष्मी साहू, जनपद सदस्य श्री नरेश मदन साहू, डॉ. हरिकृष्ण गंजीर, श्री झालेन्द्र साहू, श्री हेमंत गुरूपंच, श्रीमती संतोषी साहू, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि श्री तुमेश्वर पाण्डेय, ग्राम पंचायत अरकार के सरपंच श्री खेमलाल देवांगन एवं अन्य अतिथियों के द्वारा ग्रामीणों एवं हितग्राहियों को कृषि विभाग अंतर्गत बीज

वितरण, केसीसी पंजीयन, मत्स्य पालन प्रसार योजना अंतर्गत जाल, स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत वय वंदन एवं निक्षय पोषण किट का वितरण किया गया। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास निर्माण पूर्णता प्रमाण पत्र का वितरण किया। इसके अलावा शिविर में राज्य शासन के निर्देशानुसार दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने हेतु मेडिकल बोर्ड लगाया गया था। इस दौरान मेडिकल बोर्ड में शामिल विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा शिविर में दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने पहुँचे दिव्यांगजनों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी बनाया गया। शिविर में अतिथियों के द्वारा नन्हें-मुन्हें बच्चों को स्वादिष्ट खीर खिलाकर उनका अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। इसके अलावा गर्भवती माताओं को सुपोषण किट भेंटकर उनके गोदभराई के रस्म को पूरा किया गया। इस मौके पर विभिन्न विभागों के द्वारा शिविर में आज अपने-अपने विभागों से संबंधित कुल आवेदन एवं उनके निराकरण की स्थिति के अलावा आम नागरिकों को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी।

ग्राम अरकार में आयोजित शिविर में आज विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 827 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें से 596 आवेदनों को मौके पर निराकरण सुनिश्चित किया गया। शिविर में अतिथियों के द्वारा ग्राम पलारी निवासी श्री कृष्णकुमार बंजारे का भैंस विद्युत दुर्घटना में मृत्यु होने पर 32 हजार 800 रूपये का चेक प्रदान भी किया गया। जनसमस्या निवारण शिविर को संबोधित करते हुए जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता संजय साहू ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को जनसमस्या निवारण शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने को कहा।

श्रीमती साहू ने शिविर में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को आम जनता से प्राप्त आवेदनों का पूरी तत्परता एवं संवेदनशीलता के साथ निराकरण करने को कहा। इस अवसर पर श्रीमती सुनीता साहू ने बाल विवाह को सामाजिक बुराई के साथ-साथ सामाजिक अपराध बताते हुए शिविर में उपस्थित सभी लोगों को बाल विवाह के रोकथाम के कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती लक्ष्मी साहू ने भीषण गर्मी के उपरांत भी शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति पर सराहना व्यक्त की।

सौगात: प्लिंथ अपग्रेडेशन एवं उन्नयन कार्य का लोकार्पण, जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए विकसित की गई मजबूत अधोसंरचना

जिला चिकित्सालय प्रदेश में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में रहे अग्रणी: रमन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज 6 करोड़ 42 लाख 70 हजार रूपए की लागत से जिला चिकित्सालय के प्लिंथ अपग्रेडेशन एवं उन्नयन कार्य का लोकार्पण तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय का शिलान्यास किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज स्वास्थ्य क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए 3 करोड़ 56 लाख 70 हजार रूपए की लागत से निर्मित जिला चिकित्सालय भवन के ऊंचाई विस्तार कार्य का लोकार्पण किया गया है तथा 2 करोड़ 86 लाख रूपए की लागत से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कार्यालय के नवीन भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया है। उन्होंने कहा कि शहर में स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए मजबूत अधोसंरचना है। राजनांदगांव जिला चिकित्सालय एवं शासकीय मेडिकल कालेज से स्वास्थ्य सेवाएं लेने वाले मरीजों की प्रतिक्रिया सकारात्मक रही है। जिला प्रशासन द्वारा इसके लिए सक्रियता एवं सजगता से कार्य किया जा रहा है। यह टीम के लिए उपलब्धि है। शिशु मृत्यु दर एवं मातृ मृत्यु दर सबसे बड़ी चुनौती है। जिसके खिलाफ राजनांदगांव जिले में लड़ाई लड़ी जा रही है। जिसके अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। मातृ मृत्यु दर के आंकड़े राज्य के औसत से कम है, यह एक सुखद

संकेत है। जिला चिकित्सालय को और भी स्वास्थ्य सुविधाओं से लैस किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में राजनांदगांव का जिला चिकित्सालय अग्रणी रहे। उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालय में छत की मरम्मत कराने, लिफ्ट का सुधार कार्य कराने, डीएमएफ मद से 2 स्त्री रोग विशेषज्ञ, डेंटल एक्स-रे मशीन, सेपरेटर मशीन की व्यवस्था की जाएगी। राज्य के बजट से यहां की अन्य दिक्कतों को दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने कहा कि जिला चिकित्सालय का आज एक नया स्वरूप देख रहे हैं और आज यह नये कलेवर के साथ जिलेवासियों को मिला है। जिला चिकित्सालय के डॉक्टर एवं नर्स तत्परता के साथ स्वास्थ्य सेवाएं दे रहे है। यहां जिला चिकित्सालय में ऊंचाई विस्तार एवं उन्नयन की आवश्यकता थी, जिसकी पूर्ति की गई है। जिला चिकित्सालय में सुविधाओं की निरंतर बढ़ोत्तरी की जा रही है। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने कहा कि जिला चिकित्सालय की टीम का यह दायित्व है कि समय पर मेहनत करते हुए सही दिशा एवं आयामों में कार्य करें। जिला पंचायत सीइओ सुश्री सुरूचि सिंह ने जिला चिकित्सालय के प्रतिवेदन का वाचन किया। उन्होंने बताया कि जिले में हाई रिस्क प्रेगनेंसी वाली महिलाओं की निरंतर मानिटरिंग की जा रही है। मातृ मृत्यु दर में कमी आयी है।

इस अवसर पर महापौर श्री मधुसूदन यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, पूर्व सांसद श्री अभिषेक सिंह, समाजसेवी श्री कोमल सिंह राजपूत, समाजसेवी श्री गौतम पारख, जीवनदीप समिति से श्री गुरमुख दास, श्री राजेश श्यामकर, श्री भागचंद, श्री अरविंद, श्री कांति कुमार फुले, श्री आनंद साहू, श्री संदीप भट्टाचार्य, श्रीमती रेखा मेश्राम, श्रीमती खेमीन यादव, श्री अकरम कुरैशी, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ. पंकज लुका,सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या नागरिक उपस्थित थे।

अपराध नियंत्रण की दिशा में पुलिस की पहल, आने वाले मुसाफिरों का तैयार हो रहा डिजिटल डेटाबेस

विभिन्न प्रणालियों के जरिए बाहरी व्यक्तियों और संदिग्धों पर रखी जा रही पैनी नजर

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले की सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने और अपराधों पर प्रभावी रोकथाम के लिए गरियाबंद पुलिस द्वारा एक विशेष सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जिले के सभी थाना क्षेत्रों में बाहर से आने वाले मुसाफिरों, श्रमिकों और संदिग्ध व्यक्तियों की व्यापक चेकिंग कर उनका एक विस्तृत डिजिटल डेटाबेस तैयार किया जा रहा है। इस डेटा को सीधे अत्याधुनिक प्रणालियों में संधारित (अपलोड) किया जा रहा है।

हाईटेक प्रणालियों से कसी जा रही नकेल - जिले में आया हुआ कोई बाहरी व्यक्ति देश के किसी अन्य राज्य में किसी अपराध में संलिप्त तो नहीं रहा है। उसकी जानकारी तैयार किया जा रहा है। संदिग्धों की पूरी प्रोफाइल, आपराधिक रिकॉर्ड और गतिविधियों की जानकारी को ऑनलाइन दर्ज किया जा रहा है। इसके जरिए गरियाबंद पुलिस देश भर के थानों के लाइव डेटा से जुड़कर संदिग्धों की पहचान कर रही है।

मकान मालिकों और व्यापारियों के लिए निर्देश : पुलिस प्रशासन ने जिले के सभी नागरिकों, विशेषकर मकान मालिकों,

होटल-लॉज संचालकों और ठेकेदारों को सख्त हिदायत दी है कि वे अपने यहाँ किसी भी बाहरी किरायेदार, मुसाफिर या श्रमिक को रखने से पहले उनकी सूचना संबंधित थाने में अनिवार्य रूप से दें। नागरिक स्वयं भी छत्तीसगढ़ पुलिस के नागरिक सेवा पोर्टल के माध्यम से किरायेदारों और घरेलू सहायकों का ऑनलाइन पुलिस वेरिफिकेशन करा सकते हैं।

उद्देश्य : भयमुक्त और सुरक्षित गरियाबंद

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखना, चोरी, धोखाधड़ी जैसी घटनाओं को रोकना और किसी भी बाहरी अपराधी को जिले में छिपने का मौका न देना है। गरियाबंद पुलिस की इस हाईटेक पहल से न केवल अपराधियों में खौफ पैदा होगा, बल्कि आम जनता को एक सुरक्षित माहौल मिलेगा।

÷गरियाबंद पुलिस सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। आधुनिक तकनीक के समन्वय से अपराधियों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

अंतिम व्यक्ति तक पहुँचा न्याय और अधिकार : शिवरतन शर्मा

भाटापारा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन के संकल्प को धरातल पर उतारने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में बुधवार क़ो भाटापारा विकासखंड के ग्राम पंचायत बिजराडीह में सुशासन तिहार के अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा ने हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के लाभ वितरित किए। शिवरतन शर्मा ने अपने हाथों से पात्र ग्रामीणों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर राष्ट्रीय परिवार सहायता और मुख्यमंत्री पेंशन योजना के स्वीकृति पत्र, पात्र परिवारों को नए राशन कार्ड और प्रधानमंत्री आवास योजना के स्वीकृति प्रमाण पत्र, सहित अन्य योजनाओं के हितग्राहियो क़ो सामग्री का वितरण किया।

न्यूज गैलरी

किरण इवेंट फ्यूजन के समर कैंप में पहुंचे सेंट्रल सिंधी पंचायत के पदाधिकारी

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर पालिका कन्या शाला में किरण इवेंट

फ्यूजन के सौजन्य से 25 मई से 5 जून तक चल रहे निःशुल्क समर कैंप में पूज्य सेंट्रल सिंधी पंचायत के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष अनिल गिदवानी के नेतृत्व में वहां पहुंचकर समर कैंप के कार्यक्रमों यथा नृत्य प्रशिक्षण,गायन , संगीत,मेहंदी पेंटिंग एवं रंगोली प्रशिक्षण की कक्षाओं का अवलोकन किया और बच्चों का उत्साह वर्धन किया। सेंट्रल सिंधी पंचायत के सचिव अजय मंधान ने बताया कि प्रशिक्षक टीम,शिक्षक गण एवं प्रायोजक सिख समाज एवं संचालक अरुण बंटी छाबड़ा को उनके इस समाज सेवा के बेहतरीन कार्य में,अभूतपूर्व योगदान के लिए साधुवाद दिया। गिदवानी ने आगे कहा कि ग्रीष्मकालीन छुट्टियाँ केवल आराम करने के लिए नहीं होतीं, बल्कि कुछ नया सीखने, अपनी प्रतिभा को पहचानने और अपने सपनों को नई उड़ान देने का अवसर भी होती हैं।

तोषगांव में अवैध महुआ शराब के साथ अधेड़ गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बसना पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने ग्राम तोषगांव के तालाब किनारे से एक अधेड़ व्यक्ति को अवैध महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम तोषगांव में एक व्यक्ति बड़ी मात्रा में महुआ शराब लेकर बिक्री की फिराक में घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और तोषगांव निवासी कुंजराम अजगला (47 वर्ष) को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से लगभग 21 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। पुलिस ने शराब को जब्त कर आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

शादी की बात करने पहुंची महिला से मारपीट, चार के खिलाफ मामला दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। सरायपाली थाना क्षेत्र में शादी की बात को लेकर एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार भट्टीपारा निवासी रीता श्रीवास ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह 1 जून को शादी संबंधी चर्चा करने के लिए सूरज यादव के घर गई थी। रात करीब 10 बजे वह सूरज यादव के साथ बातचीत कर रही थी। इसी दौरान सूरज यादव, उसकी मां दिवाली यादव, बनीता यादव तथा एक अन्य महिला वहां पहुंच गए।आरोप है कि सभी ने एक राय होकर महिला के साथ गाली-गलौज की और मारपीट शुरू कर दी। घटना से पीड़िता को चोटें आईं।

नल-जल योजना के पाइप चोरी करने वाले 8 आरोपी गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के भंवरपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ललितपुर में नल-जल योजना के तहत स्थापित पानी टंकी से लोहे के पाइप चोरी करने वाले आठ आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई चार नग लोहे की पाइप, जिसकी कीमत लगभग 50 हजार रुपये बताई गई है, बरामद की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम ललितपुर में नल-जल योजना के तहत पानी टंकी निर्माण एवं पाइप फिटिंग का कार्य कराया जा रहा था। इस संबंध में ठेकेदार सुनील अग्रवाल ने 2 जून को भंवरपुर चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 8 एवं 9 मई की मध्यरात्रि अज्ञात चोरों ने पानी टंकी में लगे छह लोहे के पाइप तथा एक गेट वॉल्व, कुल लगभग 90 हजार रुपये मूल्य की सामग्री चोरी कर ली। मामले की जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि घटना की रात कुछ युवकों ने पानी टंकी के पास रहने वाले एक व्यक्ति से पाना-पेंचिस मांगा था। इस आधार पर पुलिस ने संदेहियों से पूछताछ की।

सुबह 9:30 बजे बंद हो जाएंगे परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार, सुरक्षा के लिए जैमर व उड़नदस्ता दल तैनात

डीएलएड परीक्षा आज,19 केंद्रों पर 4849 अभ्यर्थी होंगे शामिल

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) रायपुर द्वारा आयोजित प्री डीएलएड-2026 प्रवेश परीक्षा गुरुवार 4 जून को जिला मुख्यालय महासमुंद में आयोजित होगी। परीक्षा एक पाली में सुबह 10 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक संपन्न होगी। जिले के 19 परीक्षा केंद्रों में कुल 4849 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

परीक्षा की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बुधवार को पर्यवेक्षकों एवं केंद्राध्यक्षों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, नोडल अधिकारी सृष्टि चंद्राकर सहित सभी पर्यवेक्षक एवं केंद्राध्यक्ष उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रवेश द्वार पर व्यापम के निर्देशानुसार सघन जांच की जाए तथा किसी भी प्रतिबंधित सामग्री को अंदर ले जाने की अनुमति न दी जाए। उन्होंने परीक्षा संचालन, प्रश्नपत्र वितरण और बैठक व्यवस्था में समय पालन पर विशेष ध्यान देने को कहा। साथ ही केंद्रों में पेयजल एवं प्राथमिक उपचार जैसी मूलभूत सुविधाएं

उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने बताया कि नकल और अनुचित साधनों के उपयोग को रोकने के लिए सभी अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग, वीडियोग्राफी तथा कड़ी निगरानी की व्यवस्था की गई है। परीक्षा केंद्रों के आसपास पुलिस पेट्रोलिंग दल भी सक्रिय रहेगा। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

405 वीक्षक और तीन सदस्यीय उड़नदस्ता दल तैनात

व्यापम के निर्देशानुसार परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए तीन सदस्यीय उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। जिले के 19 परीक्षा केंद्रों में कुल 405 वीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा मोबाइल फोन, वाई-फाई एवं अन्य संचार उपकरणों को निष्क्रिय करने के लिए प्रत्येक परीक्षा कक्ष में जैमर लगाने की व्यवस्था भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड द्वारा की गई है। प्रत्येक केंद्र में जैमर संचालन के लिए एक कर्मचारी तथा सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिसकर्मियों की तैनाती भी की गई है।

ड्रेस कोड का करना होगा पालन

व्यापम द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले वस्त्र पहनकर परीक्षा में शामिल होना होगा। काले, गहरे नीले, हरे, मैरून, बैंगनी सहित अन्य गहरे रंग के कपड़े पहनने पर प्रतिबंध रहेगा। धार्मिक अथवा सांस्कृतिक पोशाक पहनने वाले अभ्यर्थियों को अतिरिक्त सुरक्षा जांच के लिए पहले पहुंचना होगा। फुटवियर के रूप में केवल चप्पल पहनने की अनुमति होगी तथा कान में किसी भी प्रकार के आभूषण पहनना प्रतिबंधित रहेगा।

सुबह 9:30 बजे के बाद नहीं मिलेगा प्रवेश

कलेक्टर ने अभ्यर्थियों को समय का विशेष ध्यान रखने की सलाह देते हुए बताया कि परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार परीक्षा प्रारंभ होने से 30 मिनट पूर्व अर्थात सुबह 9:30 बजे बंद कर दिए जाएंगे। इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

मोबाइल, स्मार्ट वॉच और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर प्रतिबंध

परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, ब्लूटूथ डिवाइस, कैलकुलेटर, पर्स, पाउच, स्कार्फ बेल्ट, टोपी तथा किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक एवं संचार उपकरण ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र के सभी पृष्ठों का एक तरफा प्रिंट तथा आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस या पैन कार्ड जैसे फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र नहीं होने पर परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

उत्तर पुस्तिका में उत्तर अंकित करने के लिए केवल नीले अथवा काले बॉल प्वाइंट पेन का उपयोग किया जा सकेगा। साथ ही अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र सुरक्षित रखने की सलाह दी गई है, क्योंकि

त्रिकोणीय प्रेम प्रसंग में युवक की हत्या, चंद घंटों में आरोपी गिरफ्तार

■ पुलिस ने सुलझाई हत्या की गुत्थी, साक्ष्य मिटाने का भी किया गया था प्रयास

महासमुंद/नवप्रदेश। पुलिस ने एक युवक की हत्या के मामले का खुलासा करते हुए वारदात के आरोपी को घटना के चंद घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि त्रिकोणीय प्रेम प्रसंग के चलते आरोपी ने अपने ही मित्र की हत्या कर दी और सबूत छिपाने का प्रयास किया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 1 जून 2026 को चौकी भंवरपुर को सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम झालउड़ेला निवासी मोंगरे भोई (30 वर्ष) का शव गांव के रविशंकर पटेल की बाड़ी में स्थित बोर के पास संदिग्ध अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई।

फॉरेंसिक टीम की सहायता से घटनास्थल का निरीक्षण करने पर मृतक के सिर में गंभीर चोट के निशान मिले। उसके गले में चादर का टुकड़ा लिपटा हुआ था तथा शरीर पर संघर्ष के स्पष्ट निशान पाए गए। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम की प्रारंभिक रिपोर्ट में चिकित्सक ने मृत्यु को हत्यात्मक बताया।

इसके बाद चौकी भंवरपुर पुलिस ने धारा 103(1) बीएनएस में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान पता चला कि घटना से पहले मृतक की अंतिम बातचीत गांव के वेद प्रकाश पटेल (25) से हुई थी। पुलिस को जानकारी मिली कि वेद प्रकाश ने ही मृतक को अपने घर बुलाया था। जब पुलिस पूछताछ के लिए उसके घर पहुंची तो वह फरार मिला, जिससे संदेह और गहरा गया।

हम वनवासी नहीं, आदिवासी हैं, गृह मंत्री के बयान पर आदिवासी समाज में नाराजगी

पहचान और अस्तित्व से जुड़ा बताया मुद्दा

कुरूद/नवप्रदेश। आदिवासी सामुदायिक भवन केनाल रोड कुरूद में गृह मंत्री द्वारा आदिवासी समाज को संबोधित करते हुए ÷वनवासी÷ शब्द के प्रयोग पर आदिवासी समाज ने आपत्ति जताते हुए कड़े शब्दों में निंदा की है। समाज के पदाधिकारियों एवं बुद्धिजीवियों ने इसे केवल शब्दों का विवाद नहीं, बल्कि आदिवासी समुदाय की ऐतिहासिक पहचान, अस्मिता, संस्कृति और संवैधानिक अधिकारों से जुड़ा अत्यंत संवेदनशील विषय बताया है।

आदिवासी समाज का कहना है कि ÷आदिवासी÷ शब्द देश के मूल निवासियों की पहचान का प्रतीक है, जो हजारों वर्षों से अपनी विशिष्ट संस्कृति, भाषा, परंपरा, रीति-रिवाज और प्रकृति आधारित जीवनशैली के साथ अस्तित्व में हैं। ऐसे में उन्हें ÷वनवासी÷ कहकर संबोधित करना उनकी मूल पहचान और इतिहास को कमजोर करने का

प्रयास प्रतीत होता है।

समाज के नेताओं ने कहा कि संविधान में अनुसूचित जनजातियों को जो अधिकार और संरक्षण प्राप्त हैं, वे उनके ऐतिहासिक एवं सामाजिक अस्तित्व की मान्यता का प्रमाण हैं। आदिवासी समुदाय का संबंध केवल जंगलों से नहीं, बल्कि इस देश की सभ्यता, संस्कृति और विकास यात्रा से भी रहा है। इसलिए किसी भी सार्वजनिक मंच से ऐसे शब्दों का प्रयोग करने से पहले संवेदनशीलता बरतना आवश्यक है। आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि ÷वनवासी÷ शब्द आदिवासियों की व्यापक पहचान को सीमित कर देता है, जबकि ÷आदिवासी÷ शब्द उनके मूल निवासी होने की ऐतिहासिक सच्चाई को दर्शाता है।

पहचान पर चोट बर्दाश्त नहीं

आदिवासी समाज ने स्पष्ट किया कि यह मामला किसी राजनीतिक मतभेद का नहीं, बल्कि समुदाय के सम्मान और अस्तित्व का है। समाज का मानना है कि आदिवासी शब्द को बदलने या उसकी जगह अन्य शब्दों को स्थापित करने का कोई भी प्रयास आदिवासी समुदाय की ऐतिहासिक पहचान को कमजोर करने वाला कदम माना जाएगा। इसलिए देश के सभी जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों से अपेक्षा है कि वे आदिवासी समाज की भावनाओं और संवैधानिक पहचान का सम्मान करें।

यही कारण है कि देशभर में आदिवासी समाज लंबे समय से अपनी पहचान और अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करता रहा है।

सुशासन तिहार में कांग्रेस का प्रदर्शन: मटकी फोड़कर जताया विरोध, भाजपा सरकार के खिलाफ लगाए नारे

■ पानी, पेंशन, खाद, बिजली कटौती और अवैध कारोबार के मुद्दे पर गरमाया माहौल

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। रायपुर जिले के गोबरा नवापारा में सुशासन तिहार शिविर के दौरान कांग्रेसियों ने विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। हाथों में तख्तियां और खाली मटकियां लेकर पहुंचे प्रदर्शनकारियों ने भाजपा सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेसियों और कुछ महिलाओं ने विरोध में शिविर पर खाली मटकी फोड़कर अपनी नाराजगी जाहिर की।

खाली मटकी फोड़कर जताया जल संकट का दर्द : पेयजल समस्या को लेकर महिलाओं ने खाली मटकियां लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद कई महिलाओं ने आयोजन स्थल पर ही मटकी फोड़कर प्रशासन के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया। स्थिति को बिगड़ता देख पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने तत्काल मोर्चा संभाला। प्रदर्शनकारियों को शिविर स्थल से हटाने का प्रयास किया गया, जिसके चलते कुछ देर तक बहस और नारेबाजी का दौर चलता रहा। हालांकि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में रही और किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई।

एसडीएम के आश्वासन के बाद खत्म हुआ विरोध : प्रदर्शनकारियों का कहना था कि जब तक उनकी समस्याओं पर ठोस आश्वासन नहीं मिलेगा, तब तक विरोध जारी रहेगा। बाद में अभनपुर एसडीएम रवि सिंह ने प्रतिनिधिमंडल से चर्चा कर उनकी मांगों और शिकायतों पर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

मूलभूत सुविधाओं को लेकर फूटा आक्रोश

प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि शहर में पेयजल संकट, वृद्धावस्था पेंशन वितरण में देरी, किसानों को खाद की समस्या, लगातार बिजली कटौती और अवैध कारोबार जैसे गंभीर मुद्दों पर प्रशासन और सरकार ध्यान नहीं दे रही है। प्रदर्शन के दौरान ''जनता को मूलभूत सुविधाएं दो'', ''पानी दो, जवाब दो'' और ''बिजली-पानी-खाद की समस्या दूर करो'' जैसे नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। हाथों में तख्तियां लिए कार्यकर्ता सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शिविर स्थल तक पहुंच गए। अचानक हुए विरोध प्रदर्शन से कार्यक्रम में कुछ समय के लिए अव्यवस्था की स्थिति बन गई।

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन '1076' का धनेन्द्र साहू ने किया स्वागत

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष धनेन्द्र साहू ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी द्वारा आज प्रदेश की जनता के लिए '1076' मुख्यमंत्री हेल्पलाइन सेवा की शुरुआत की गई है।

सरकार का यह दावा कि इस हेल्पलाइन के माध्यम से स्वयं मुख्यमंत्री सीधे जनता की समस्याओं को सुनेंगे, एक स्वागत योग्य कदम है। परंतु, इस महत्वपूर्ण योजना की आधिकारिक घोषणा में कई ऐसे व्यावहारिक पहलुओं को छोड़ दिया गया है, जो पूर्व में भी जनहित की योजनाओं की विफलता का कारण बनते रहे हैं। 'नागरिक सरोकार मंच' इस नई व्यवस्था के सुचारू संचालन को लेकर सरकार के समक्ष कुछ अत्यंत गंभीर और जन-हितैषी प्रश्न उठाता है। धनेन्द्र साहू ने कहा कि घोषणा में सबसे बड़ी कमी समय की स्पष्टता का न होना है। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा यह जानकारी साझा नहीं की गई है कि मुख्यमंत्री प्रतिदिन अथवा सप्ताह में कितने बजे से कितने बजे तक, या कुल कितने घंटे/मिनट जनता के लिए फोन पर स्वयं उपलब्ध रहेंगे। एक मुख्यमंत्री के पास प्रशासनिक और शासकीय कार्यों की भारी व्यस्तता होती है, ऐसे में 24 घंटे उनका फोन पर उपलब्ध रहना असंभव है। अतः सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि आम नागरिक किस समय कॉल करें ताकि उनकी बात सीधे मुख्यमंत्री से हो सके, अन्यथा यह हेल्पलाइन भी केवल एक सामान्य कॉल सेंटर बनकर रह जाएगी जहां अधिकारी सिर्फशिकायत दर्ज करते हैं।

पेज 1 का शेष...

रेत माफियाओं को राज्यपाल की...

का वैज्ञानिक अध्ययन कराया जाए और आवश्यकता पड़ने पर विशेषज्ञ संस्थानों की सहायता ली जाए। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों से सर्वे एवं तकनीकी अध्ययन कराया जा सकता है।

छह मंजिला होटल में आग...

की आशंका जताई जा रही है।

नियमों की धज्जियां उड़ाकर चल रहा था मौत का खेल

लाइसेंस 6 कमरों का, बना दिए 25 कमरे

जांच में सामने आया है कि 'फ्लरिश स्टे' गेस्टहाउस को 'बेड एंड ब्रेकफास्ट' कॉन्सेप्ट के तहत सिर्फ6 कमरे संचालित करने का लाइसेंस मिला था। लेकिन लालच में आकर होटल प्रबंधन ने नियमों को ताक पर रखकर 25 कमरे बना दिए थे।

धुएं से घुट गया दमः मैक्स अस्पताल मैक्स हेल्थकेयर के ग्रुप मेडिकल डायरेक्टर डॉ. संदीप बुधिरजा ने मेडिकल बुलेटिन जारी कर बताया, अस्पताल में कुल 39 मरीजों को लाया गया था, जिनमें से 18 मरीजों को मृत अवस्था में ही लाया गया था। शुरुआती जांच में मौत की वजह 'एस्फिक्सिएशन' (जहरीले धुएं के कारण दम घुटना) पाई गई है। कुछ लोग गंभीर रूप से झुलसे भी हैं। बचे हुए मरीजों में से 15 इस समय आईसीयू में हैं, जिनमें से 8 की हालत बेहद नाजुक है और वे वेंटिलेटर पर हैं।

ममता की टीएमसी टूटी, 58...

नेता विपक्ष के चयन से जुड़े प्रस्ताव पर फर्जी हस्ताक्षर का आरोप लगने के बाद ऋतब्रत बनर्जी और संदीपन साहा को पार्टी से बाहर कर दिया गया था।

हॉर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिका-ईरान...

आने की आशंका है। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स ने दावा किया है कि केशम द्वीप पर हुए अमेरिकी हमले के जवाब में उसने कुवैत और बहरीन में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। ईरान के मुताबिक, अमेरिकी नौसेना के पांचवें बेड़े के मुख्यालय, सैन्य एयरबेस और हेलीकॉप्टरों पर मिसाइलों और ड्रोन से ताबड़तोड़ हमले किए गए।

8 जून से रायपुर में दौड़ेंगी...

पहला रूट टाटीबंध चौक से शास्त्री चौक होते हुए रेलवे स्टेशन तक रहेगा, जबकि दूसरा रूट रेलवे स्टेशन से पचपेड़ीनाका होते हुए भाठागांव स्थित इंटरस्टेट बस टर्मिनल (आईएसबीटी) तक संचालित होगा। टाटीबंध से रेलवे स्टेशन तक यात्रा के लिए यात्रियों को 25 रुपये किराया देना होगा। सिटी बस प्रोजेक्ट के प्रभारी प्रदीप यादव ने बताया कि दोनों रूटों पर चार-चार बसें तैनात की जाएंगी। बसों का संचालन सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक करने की योजना है। आवश्यकता के अनुसार समय में बदलाव किया जा सकेगा। यात्रियों की सुविधा के लिए हर 15 से 20 मिनट के अंतराल में बस उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

पांच जून को मिलेगा परमिट

पायलट प्रोजेक्ट का संचालन भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के अधीन कार्यरत काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर (सीईईडब्ल्यू) एजेंसी करेगी।

यात्री स्वीकृति और वित्तीय व्यवहार्यता का होगा आकलन

अनन्या झा के अनुसार पायलट प्रोजेक्ट का उद्देश्य यह समझना है कि रायपुर जैसे शहर में मिनी बसें कितनी उपयोगी हैं, उनका संचालन और वित्तीय मॉडल कितना व्यवहारिक है तथा नागरिक इस सेवा को किस हद तक स्वीकार करते हैं। इसके आधार पर भविष्य की सार्वजनिक परिवहन योजनाएं तैयार की जाएंगी।

किराया संरचना

छत्तीसगढ़ राजपत्र के अनुसार मिनी बसों का किराया इस प्रकार निर्धारित किया गया है–

- 0 से 4 किमी तक : 15 रुपये
- 4 से 8 किमी तक : 20 रुपये
- 8 से 12 किमी तक : 25 रुपये

हालांकि राजपत्र में 0 से 4 किमी के लिए 13 रुपये किराया निर्धारित है, लेकिन छुट्टे की समस्या को देखते हुए ऑपरेटर 15 रुपये वसूलेंगे। टाटीबंध से रेलवे स्टेशन की दूरी लगभग 15.6 किमी होने के कारण इस रूट पर अधिकतम 25 रुपये किराया तय किया गया है।

भारत समेत दुनियाभर में तीन...

सरकार तुरंत एक्शन में आ गई है। केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने सभी राज्यों को जिला स्तर पर 'एक्शन प्लान' लागू करने का सख्त निर्देश दिया है।

स्थिति क्यों है चिंताजनक

6 डिग्री तक उबला समंदरः वैज्ञानिकों के अनुसार, प्रशांत महासागर की सतह के नीचे का पानी सामान्य से 6 डिग्री सेल्सीयस से ज्यादा गर्म हो चुका है। यही गर्मी अल नीनो को खतरनाक रफ्तार दे रही है।

पटना में खान सर की...

टाउन डीएसपी राजेश रंजन ने इसकी पुष्टि की है। टाउन डीएसपी के मुताबिक, रोशन आनंद और उसके दोनों सहयोगियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

खान सर ने हमले का आरोप ज्ञान बिंदु के डायरेक्टर और कोचिंग के कर्मियों पर लगाया है। इस घटना के बाद बिहार शिक्षा विभाग ने कोचिंग नीति बनाए जाने की घोषणा की है। अगले 3 महीने के भीतर कोचिंग नीति तैयार की जाएगी। इसके तहत सभी कोचिंग संस्थानों के लिए एक 'मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट' तैयार किया जाएगा।

मौसमः जून में बदलता मौसम, तेज गर्मी के बाद बारिश की उम्मीद, तापमान में भी गिरावट

जगदलपुर-बस्तर में मानसून की दस्तक के संकेत, गर्मी से जल्द राहत के आसार

■ **मौसम विभाग का अलर्ट, गरज-चमक, अंधड़ और वज्रपात की संभावना**

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर में जून माह की शुरुआत के साथ मौसम का मिजाज तेजी से बदलने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार जून का महीना बस्तर में मानसून आगमन का प्रमुख संकेतक माना जाता है और आने वाले दिनों में लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल सकती है।

मौसम के बदलते स्वरूप और दक्षिण-पश्चिम मानसून की सक्रियता ने जगदलपुर-बस्तर में बारिश की उम्मीदों को मजबूत कर दिया है। मौसम विभाग के रिकॉर्ड बताते हैं कि सामान्यतः 10 से 20 जून के बीच जगदलपुर क्षेत्र में मानसून की एंट्री होती है, जिससे तापमान में धीरे-धीरे गिरावट और उमस के बीच राहत महसूस होने लगती है।

जगदलपुर के जलवायु अभिलेखों के अनुसार जून माह में औसत अधिकतम तापमान 33.3 डिग्री सेल्सियस और औसत न्यूनतम तापमान 23.9 डिग्री सेल्सियस रहता है। इस दौरान औसतन 234.9 मिमी वर्षा तथा लगभग 10 दिन बारिश दर्ज होती है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार माह के पहले 10 से 12 दिन प्रायः भीषण गर्मी रहती है, लेकिन इसके बाद मानसून की गतिविधियों से वातावरण में तेजी से बदलाव आता है। मौसम विभाग के रिकॉर्ड बताते हैं कि जगदलपुर में जून माह का सर्वाधिक तापमान 45.5 डिग्री सेल्सियस 5 जून 2003 को दर्ज किया गया था, जबकि 24 घंटे में सर्वाधिक 259.7 मिमी वर्षा 17 जून 1974 को रिकॉर्ड हुई थी।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून के दक्षिण-पश्चिम एवं दक्षिण-पूर्व अरब सागर, लक्षद्वीप, केरल, तमिलनाडु तथा बंगाल की खाड़ी के कई हिस्सों में अगले 24 घंटे के भीतर आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन रही हैं। इसका असर आगामी दिनों में छत्तीसगढ़ और विशेष रूप से बस्तर संभाग के मौसम पर भी देखने को मिल सकता है।

प्रदेश में 4 जून को एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना जताई गई है। साथ ही कहीं-कहीं अंधड़ और वज्रपात की चेतावनी भी जारी की गई है। अधिकतम तापमान में हल्के उतार-चढ़ाव के बावजूद किसी बड़े परिवर्तन की संभावना फिलहाल नहीं जताई गई है।

जून माह के पिछले वर्षों के आंकड़े भी मौसम के बदलते पैटर्न की ओर संकेत करते हैं। वर्ष 2024 में जून के दौरान अधिकतम तापमान 39.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जबकि वर्ष 2025 में यह 37 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रहा। इसी तरह 24 घंटे की सर्वाधिक वर्षा वर्ष 2024 में 67.6 मिमी और 2025 में 39.3 मिमी रिकॉर्ड हुई, जो मानसूनी गतिविधियों की तीव्रता में उतार-चढ़ाव को दर्शाती है।

अनुकूल परिस्थितियां बन रही

मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए अरब सागर और बंगाल की खाड़ी के कई हिस्सों में अनुकूल परिस्थितियां बन रही हैं। पश्चिमी विक्षोभ और ऊपरी हवा के चक्रीय परिसंचरण का असर भी मौसम पर पड़ रहा है। उनके अनुसार प्रदेश में 4 जून को कुछ स्थानों पर हल्की बारिश, गरज-चमक, अंधड़ और वज्रपात की संभावना बनी हुई है, जबकि तापमान में हल्के उतार-चढ़ाव के अलावा विशेष बदलाव की उम्मीद नहीं है।

जून में जगदलपुर का मौसम, राहत और सतर्कता दोनों

जून में जगदलपुर-बस्तर में तेज गर्मी के बाद अचानक मौसम बदलना सामान्य माना जाता है। दोपहर की तपिश के बीच शाम या रात में बादल,गरज-चमक और तेज हवाओं की स्थिति बन सकती है। ऐसे में किसानों,यात्रियों और खुले स्थानों पर काम करने वाले लोगों को मौसम विभाग की चेतावनियों पर नजर रखने की सलाह दी जा रही है।

जगदलपुर के जून मौसम के खास रिकॉर्ड

जगदलपुर में जून माह के मौसम रिकॉर्ड कई बार चौंकाने वाले रहे हैं। उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार 5 जून 2003 को अधिकतम तापमान 45.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था, वहीं 10 जून 1986 को न्यूनतम तापमान 14.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वर्ष 2013 में जून के दौरान 590.1 मिमी मासिक वर्षा रिकॉर्ड हुई, जबकि 17 जून 1974 को महज 24 घंटे में 259.7 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो आज भी महत्वपूर्ण रिकॉर्ड के रूप में दर्ज है।

गोंडवाना समाज सेवा समिति जिला कार्यकारिणी का विस्तार हुआ

नगरी/नवप्रदेश। गोंडवाना समाज सेवा समिति जिला धमतरी की महत्वपूर्ण बैठक दिनांक 01 जून को केकती सेंटर दुगली आयोजित की गईथी, जिसमें समाज के संगठनात्मक विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से श्री श्रवण मरकाम को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। संरक्षक मंडल में श्रीमती अंबिका मरकाम, रामप्रसाद मरकाम, डॉ. लक्ष्मी ध्रुव, मयाराम नागवंशी एवं बिन्दा नेताम को दायित्व सौंपा गया।

तहसील अध्यक्ष के रूप में श्री टिकेश्वर ध्रुव नगरी, श्री रामजी नेताम मगरलोड एवं श्री कृष्णा मरकाम धमतरी को मनोनीत किया गया। जिला उपाध्यक्ष साधुराम नेताम, मनोज साक्षी एवं ईश्वर मंडावी , भावसिंह कोर्राम को सचिव, रूपसाय नेताम को सहसचिव, आर. डी. नेताम कोषाध्यक्ष ,डोमार सिंह ध्रुव को प्रवक्ता की जिम्मेदारी प्रदान की गई।

बैठक में जिला कार्यकारिणी सदस्यों एवं सलाहकार मंडल के सदस्यों का चयन किया गया। नवगठित कार्यकारिणी ने समाज के शैक्षणिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं संगठनात्मक विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया।

जिला अध्यक्ष श्री श्रवण मरकाम ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि संगठन की मजबूती, समाज में जागरूकता एवं युवा पीढ़ी को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सभी पदाधिकारी सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

बैठक के अंत में समाज के वरिष्ठजनों का आभार व्यक्त किया गया तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने हेतु सभी सदस्यों से सहयोग की अपील की गई।उक्त बैठक में तसीलअध्यक्ष टिकेश्वर ध्रुव, रामप्रसाद मरकाम, मयाराम नागवंशी,परदेशीराम कोमरे,बुधराम साक्षी, उपाध्यक्ष भगवान सिंह नेताम,जितेंद्र कुंजाम, शोभीराम नेताम,जवाहर मरकाम,हरक मंडावी,सुखराम मरकाम,नारायण मरकाम,सचिव शत्रुघन साक्षी,सहसचिव सुरेंद्र नेताम,श्याम सुंदर नेताम, संतोष नेताम,राजू कावडे,दलगंजन मरकाम,महिला प्रभाग अध्यक्ष सतरूपा तमोवंशी सहित बड़ी संख्या में जिला के विभिन्न तहसील से सामाजिक जन उपस्थित थे।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल अमलेश्वर तहसील पाटन जिला-दुर्ग

-: आम-सूचना :-

जारी दिनांक 01.06.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम अमलेश्वर पहनं 03 रा.नि.म. अमलेश्वर तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ0ग0) स्थित भूमि के संबंध मे आवेदक श्री/श्रीमती प्रदयुम्न कुमार, पिता-अंजनी कुमार निवासी ग्राम अमलेश्वर, के द्वारा आवेदित भूमि खसरा नं0 618/26 रकबा 0.0580 हे. ग्राम अमलेश्वर प0ह0नं0 03 रा.नि.म. अमलेश्वर तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ0ग0) के भूमि का सीमांकन / बटांकन/बंदोबस्त त्रुटि सुधार/ नक्शा त्रुटि सुधार / अभिलेख दुरूस्ती / स्थल जांच हेतु माननीय न्यायालय अविअ (राजस्व) / नायब तहसीलदार / तहसीलदार तहसील पाटन जिला दुर्ग के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत माननीय न्यायालय के आदेश दिनांक 01/06/2026 के परिपालन मे आवेदित भूमि के सीमांकन हेतु स्थल निरीक्षण एवं सीमांकन कार्य मेरे द्वारा दिनांक 15/06/2026 को समय 12:00 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त आवेदित भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियो अथवा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि नियत दिनांक के पूर्व जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे उक्त उपर उल्लेखित नियत तिथि एवं समय के पूर्व कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल अमलेश्वर अथवा संबंधित ग्राम के पटवारी कार्यालय मे अपने उक्त भूमि से संबंधित दस्तावेज रजिस्ट्री पेपर, किसान किताब या अन्य सुसंगत दस्तावेज सहित स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रसुतुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा / आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा। सो सूचना जाने।

मुहर

राजस्व निरीक्षक
अमलेश्वर तह. पाटन

नाम-परिवर्तन

मैं विजय कुमार (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र/सुपुत्री / पिता सुखरू स्वंय का नाम विजय कुमार पाली पिता सुखरू राम पाली, उम्र 61 वर्ष, निवासी-105, डबरापारा भिलाई-3, तहसील-भिलाई-3, जिला-दुर्ग (छ.ग.) ने अपना नाम विजय कुमार पिता सुखरू (पुराना नाम) से बदल कर विजय कुमार पाली पिता सुखरू राम पाली (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
विजय कुमार पिता सुखरू राम
निवासी-105, डबरापारा
भिलाई-3, तहसील-भिलाई-3,
जिला-दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका निर्मला बाई पिता/पति दशरथ सिंह निवासी बघेरा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा स्वयं निर्मला बाई आ. दशरथ सिंह की जन्म/मृत्यु दिनांक 01.07.1965 को हो जाने पर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 22.06.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03.06.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
जिला दुर्ग (छ.ग.)

तिरुपति रक्सौल के मध्य नई ट्रेन सेवा शुरू

भाटापारा/नवप्रदेश। जिस तरह देश में सोने चांदी पेट्रोल डीजल के भाव बढ़ते जा रहे है वैसे ही भाटापारा में नहीं रुकने वाली ट्रेनों की संख्या में भी बढ़ोतरी होती जा रही है और ये आंकड़ा 50 को पार करते हुए 52 तक जा पहुंचा है,क्षेत्र की जनता को समझ नहीं आ रहा है कि भाटापारा शहर के साथ लगातार हो रहे इस अन्याय को जवाबदार जनप्रतिनिधि कैसे बर्दाश्त कर रहे है।पिछले 7 वर्षो से भाटापारा में किसी भी ट्रेन का स्टॉपेज नहीं मिला है। तिरुपति से रक्सौल के मध्य 17433/17434 ट्रेन की सुविधा चालू की गई है।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-74/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका अनिता पिता/पति नारायण निवासी ग्राम कसारीडीह दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम सिकोला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 50/6 रकबा 0.2020 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लिकेट ऋणपुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति बैंको द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 09.06.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19.05.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का रा.प्र.कं./अ-6/ वर्ष 2025-26 में आवेदिका/आवेदक रविशंकर प्रसाद आ. स्व. शीतल प्रसाद निवासी शांति नगर पो. सुपेला भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 45 रा.नि.मं. कोहका व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 7236 रकबा 0.0100 हे. है। जो भूमिस्वामी शीतल प्रसाद आ. स्व. मैनेजर प्रसाद के नाम पर दर्ज है। जिसमें भूमिस्वामी शीतल प्रसाद आ. स्व. मैनेजर प्रसाद की मृत्यु दिनांक 12.12.2017 को फौत हो जाने के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर उसके वैध वारिसानो का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।।

अतः उपरोक्त भूमि फौती नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 16.06.2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या आने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदक पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाईनगर (छ.ग.)

सीसीपीएल सीजन 3 में हरीश करेंगे लाईव कामेंट्री

कुरुद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग सीजन 3 में हरीश देवांगन लाइव छत्तीसगढ़ी कामेंट्री करेंगे जिसके लिए छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ ने पूरे छत्तीसगढ़ से छत्तीसगढ़ी कामेंट्री के लिए आवेदन आमंत्रित किया था जिसमें अपनी खेल उपलब्धियां व 2 मिनट का ऑडियो कमेंट्री भेजना था सी एस सी एस की निर्णायक ज्यूरी द्वारा हरीश देवांगन स्पोर्ट टीचर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाठागांव व अंपायर छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ को अधिकृत कामेंट्री के लिए चयन किया गया!

अंतरराष्ट्रीय स्तर की कामेंट्री पर विभिन्न प्रकार की बोली और भाषा को प्रोत्साहित करने के लिए अलग-अलग भाषाओं में कामेंट्री की जाती है ठीक सी सी पी एल सीजन 3 में भी अपनी छत्तीसगढ़ी बोली भाषा की मिठास को छत्तीसगढ़ की 3 करोड़ जनता , पूरे भारतवर्ष तथा पूरी दुनिया में छत्तीसगढ़ी बोली की मिठास को परोसने के लिए आखो देखा हाल सुनाने के लिए एक अभिनव पहल छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की ओर से किया गया है जिस प्रकार एक खिलाड़ी के प्रदर्शन को अपने शब्दों में पीरोकर खेल प्रेमी जनता के बीच पहुंचना एक कमेंटेटर का कर्तव्य होता है ठीक उसी तरह सी सी पी एल में भी छत्तीसगढ़ के सभी उदयमान खिलाड़ियों को एक प्लेटफार्म तैयार कर उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर आई पी एल, रणजी ट्रॉफी, ईरानी ट्रॉफी के लिए तैयार करने का एक स्वर्णिम मंच होता है। जहां से आईपीएल के ओनर अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन आई पी एल की टीमों के लिए करते हैं। इस आयोजन का पूरा श्रेय छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के चेयरमैन बलदेव सिंह भाटिया ,विजय शाह जी और छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के समस्त पदाधिकारी को जाता है।

नाम-परिवर्तन

मैं जीत कुंवर (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) पत्नि गणेश राम साहू, निवासी म.नं.-98, वार्ड नं. 3, सिरसा खुर्द पो. जेवरा सिरसा, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) ने अपना नाम जीत कुंवर से बदल कर जितेन्द्री साहू (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ती
जीत कुंवर पत्नि गणेश राम साहू
निवासी म.नं.- 98, वार्ड नं. 3,
सिरसा खुर्द पो. जेवरा सिरसा,
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम परिवर्तन/सूचना

मैं किर्तन बाई जोशी (KIRARTAN BAI JOSHI) पति श्री शत्रुहन जोशी, उम्र 62 वर्ष, निवासी-112, जोशी पारा, पोटिया मेड़ेसरा, तह. धमधा व जिला दुर्ग (छ.ग) की हूं मैं अपना पुराना नाम किर्तन बाई जोशी (KIRARTAN BAI JOSHI) को बदलकर नया नाम किर्तनबाई (KIRTANBAI) रख लिया है ।

शपथकर्ती
किर्तन बाई जोशी
पति श्री शत्रुहन जोशी
निवासी-112, जोशी पारा,
पोटिया मेड़ेसरा, तह. धमधा
व जिला दुर्ग (छ.ग)

नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं प्रीति जैन, अरूण कुमार जैन निवासी, एच नं. 33, वार्ड नं. 30, जैन गली, पारा दुर्ग (छ.ग.) यह शपथ करती हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम प्रीति जैन, को त्याग कर नया नाम प्रीती जैन रख लि हूं अतः आज से मुझे समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम प्रीती जैन से ही जाना पहचाना जावे।

शपथकर्ती
प्रीती जैन
एच नं. 33, वार्ड नं. 30,
जैन गली, पारा दुर्ग (छ.ग.)

Public Notice U/s 72 of The Indian Partnership Act, 1932

Notice is hereby given to the general public that pursuant to reconstitution of the Partnership firm "M/s. Tridymite Ventures" executed on 12.11.2025, Shri Nitin Jain S/o Jai Chand Jain, aged about - 34 years, R/o- MIG-61, Vaishali Nagar, Ram Nagar, Supela, Bhilai, District Durg 490023 (C.G) had retired unanimously AND Smt. Versha Sarnaik W/o Praveen Kumar Sarnaik, aged about - 56 years, R/o- 780, Ward No. 11, Near Dushera Maidan, Shanti Nagar, Bhilai, District 490023 (C.G) and at Present residing at Flat No. E2/21, CHPL, Chouhan Town, Junwani, Tehsil Durg, District Durg 490020 (C.G) has joined in the partnership firm.

The business of the firm is carried on by the continuing partners namely, 1) 1) Palash Sarnaik S/o Praveen Kumar Sarnaik and 2) Smt. Versha Sarnaik under the same firm name. The retiring partner shall not be responsible for any acts, dealings, or transactions of the firm conducted after the execution of above mentioned reconstitution deed.

For M/s. Tridymite Ventures
PARTNER Palash Sarnaik

कार्यालय कलेक्टर, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)
(आदिवासी विकास शाखा)

Phone No. 07856-252441, Fax No. 07856-252441, Email: actd.dantewada@gov.in

क्रमांक / 794 /आ.वि./निर्माण/2026-27 — दन्तेवाड़ा, दिनांक 27.05.2026

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना
(ई-निविदा सूचना)

कार्यालयीन पत्र क्रमांक 791/आ.वि./निर्माण/2026-27 दंतेवाड़ा दिनांक 27.05.2026 द्वारा निम्न दर्शित कार्यो का ई-प्रोक्योरमेन्ट में ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की गई है। जिसका विवरण निम्नानुसार है -

1. ई निविदा प्रारंभ तिथि - 02.06.2026 11.00 बजे से
2. ऑनलाइन ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 24.06.2026 05.00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र की चालान एवं अमानत राशि (एफ.डी.आर.) एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि (स्पीड पोस्ट से) - 29.06.2026 05.00 बजे तक
4. ई- निविदा खोलने की तिथि - 01.07.2026 11.00 बजे

स. क्र.	ऑनलाईन निविदा क्रमांक	कार्य का नाम / स्थान का नाम	निविदा की राशि (लाख में)
1	191754	50 सीटर आदिवासी बालक आश्रम बोदली का भवन निर्माण कार्य	162.76
2	191755	50 सीटर आदिवासी कन्या आश्रम समेली का भवन निर्माण कार्य	162.76
3	191756	50 सीटर आदिवासी बालक आश्रम नहाड़ी का भवन निर्माण कार्य	162.76
4	191757	50 सीटर आदिवासी बालक आश्रम बुरगुम का भवन निर्माण कार्य	162.76
5	191758	50 सीटर आदिवासी बालक आश्रम पोटाली का भवन निर्माण कार्य	162.76
6	191759	50 सीटर आदिवासी बालक आश्रम कौरगॉव का भवन निर्माण कार्य	162.76
7	191760	50 सीटर आदिवासी बालक आश्रम मुस्तलनार का भवन निर्माण कार्य	162.76
8	191761	50 सीटर आदिवासी बालक आश्रम गुमलनार का भवन निर्माण कार्य	162.76

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेन्ट वेबसाईट -https://eproc.cgstate.gov.in पर में देखे जा सकते है।

जी- 262701155/8

सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकास, दंतेवाड़ा

नाम-परिवर्तन

मैं रूपोतीन बाई (RUPOTIN BAI) (पुराना नाम जिसे बदला जाना है) पति स्व. तनुलाल साहू (TANULAL SAHU) उम्र 55 वर्ष, निवासी- मकान नं. 217, मेन रोड नेवई भाठा, वार्ड नं. 64, पूरई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) जिसे अब तक रूपोतीन बाई (RUPOTIN BAI) पति स्व. तनुलाल साहू (TANULAL SAHU) ने अपना नाम बदल कर रूपा देवी साहू (RUPA DEVI SAHU) पति स्व. तनुलाल साहू (TANULAL SAHU) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ती
रूपोतीन बाई
पति स्व. तनुलाल साहू
निवासी- मकान नं. 217,
मेन रोड नेवई भाठा, वार्ड नं. 64,
पूरई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.)

समाधान शिविर में जनसमस्याओं का मौके पर निराकरण

महासमुंद। नगर पालिका परिषद महासमुंद के वार्ड क्रमांक 20 स्थित लोहिया चौक शेड में आयोजित समाधान शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने अपनी समस्याएं और मांगें रखीं। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा शामिल हुए। उन्होंने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण कर प्राप्त आवेदनों एवं उनके निराकरण की स्थिति की जानकारी ली तथा अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर

Email -sepwdkanker.2010@rediffmail.com / se.kanker@nic.in, Fax No. 07868-224040

- ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना -

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित **सड़क / भवन कार्य हेतु दिनॉक 22.06.2026** समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएँ आमंत्रित की जाती है -

क्र.	एन.आई. टी.नंबर	टेण्डर नंबर	कार्य का नाम	अनुमानित लागत
1	2	3	4	5
01	20	191954	लोक निर्माण विभाग संभाग, कांकेर अंतर्गत विभिन्न मार्गो में डब्ल्यू.एम.एम. पेंच मरम्मत कार्य।	30.00 लाख
02	21	191957	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र.-02 नारायणपुर (ओरछा) अंतर्गत विभिन्न मार्गो में डब्ल्यू. एम.एम. इमलशन पेंच मरम्मत कार्य।	25.00 लाख
03	22	191958	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र.-01 नारायणपुर अंतर्गत विभिन्न मार्गो में डब्ल्यू. एम. एम. इमलशन पेंच मरम्मत कार्य।	25.00 लाख
04	23	191959	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र.-01 नारायणपुर अंतर्गत आवासीय / गैरआवासीय भवनों का साधारण मरम्मत कार्य।	19.00 लाख
05	24	191960	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र.-02 नारायणपुर (ओरछा) अंतर्गत आवासीय / गैरआवासीय भवनों का साधारण मरम्मत कार्य।	11.00 लाख

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञिप्त, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेव पोर्टल एवं विभागीय बेवसाईट **https://eproc.cgstate.gov.in** से डाऊनलोड की व देखी जा सकती है।

नोट:- CONTRACTOR SUBMIT THE CERTIFICATE REGARDING MACHINERIES & PLANTS AS PER ANNEXURE-G-7(d) (स.क्र.01 से 03)

(निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा एवं निविदाकारों द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारों का मोबाईल न. एवं ई-मेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें।)

डाउनलोड करने की अंतिम तिथि - 22.06.2026 है।

नोटः- प्रथम आमंत्रण

जी- 262701164/1

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल कांकेर

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-बलौदाबाजार
जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

Office Phone. :- 07727-296695 Email ID :- ee-res.abhanpur@nic.in

// ई-निविदा (जोनल) आमंत्रण सूचना क्र.-04 & 05//

क्रमांक/1327/निविदा/ग्रा.यां. से. /2026-27 — बलौदाबाजार, दिनांक 02/06/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत विद्युत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा प्रतिशत दर पर निम्नांकित दिनांक तक ऑनलाईन ई-निविदा (जोनल) आमंत्रित की जाती है -

सिस्टम टेंडर नं.	कार्य का विवरण	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)	ऑनलाईन निविदा आमंत्रण की अंतिम तिथि
1	2	3	4
वि.ख.-भाटापारा 192017 (द्वितीय बार)	वि.ख भाटापारा के अन्तर्गत राशि रू. 30.00 लाख तक के लागत का आंतरिक विद्युतीकरण कार्य ।	40.00	11.06.26
वि.ख.-बिलाईगढ़ 192092 (प्रथम बार)	वि.ख बिलाईगढ़ के अन्तर्गत राशि रू. 30.00 लाख तक के लागत का आंतरिक विद्युतीकरण कार्य।	40.00	16.06.26

2/ निविदा की सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट -2.10 एवं निविदा दस्तावेज परिशिष्ट-2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी बेबसाइट http://eproc.cgstate.gov. in में अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 02.06.2026 से देखी जा सकती है।

जी- 262701182/4

(योगेश कुमार खाण्डे)
कार्यपालन अभियंता
ग्रा.यां. सेवा संभाग-बलौदाबाजार
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

रायपुर में विकसित होगा विश्वस्तरीय हॉस्पिटैलिटी एवं वेलनेस सेंटर

n क्वींस क्लब ऑफइंडिया के उन्नयन हेतु पीपीपी मॉडल पर प्रस्तावित परियोजना

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल द्वारा राजधानी रायपुर स्थित क्वींस क्लब ऑफ इंडिया के विकास, संचालन एवं रख-रखाव के लिए लाइसेंस आधार पर पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के तहत एजेंसी नियुक्त करने की महत्वपूर्ण परियोजना प्रस्तावित की गई है। यह पहल रायपुर को एक आधुनिक एवं प्रीमियम हॉस्पिटैलिटी तथा वेलनेस डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगी।

परियोजना के तहत क्लब परिसर में स्क्वैश कोर्ट, टेनिस कोर्ट, जिम, स्विमिंग पूल, बैडमिंटन हॉल, बिलियर्ड रूम तथा टेबल टेनिस हॉल जैसी आधुनिक खेल

एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं विकसित एवं संचालित की जाएंगी। साथ ही वर्तमान अधोसंरचना का व्यापक आधुनिकीकरण एवं नवीनीकरण भी किया जाएगा। वित्त, आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि यह परियोजना रायपुर को एक नए प्रीमियम हॉस्पिटैलिटी हब के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे राज्य में निजी निवेश को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तथा गुणवत्तापूर्ण शहरी अधोसंरचना विकास को नई गति प्राप्त होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्वींस क्लब ऑफ इंडिया की विशेष आवास योजना के अंतर्गत सांसद एवं विधायक वर्ग के 108 सदस्यों की विशेष सदस्यता पूर्ववत जारी रहेगी। परियोजना के क्रियान्वयन के दौरान वर्तमान सदस्यों के हितों एवं सुविधाओं का पूर्ण संरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने बताया कि परियोजना को लाइसेंस, डेवलप, ऑपरेट एवं ट्रांसफर मॉडल के तहत विकसित किया जाएगा। प्रस्तावित योजना के अनुसार क्लब की मौजूदा सुविधाओं का बेहतर संचालन एवं प्रबंधन सुनिश्चित किया जाएगा तथा टेनिस कोर्ट क्षेत्र के रिक्त भूभाग पर लगभग 61 कमरों वाले आधुनिक आवासीय एवं हॉस्पिटैलिटी ब्लॉक का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि परियोजना में लगभग 25 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। इससे अत्याधुनिक सुविधाओं का विकास होने के साथ-साथ दीर्घकालिक राजस्व सृजन, आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि तथा रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। परियोजना की लाइसेंस अवधि 20 वर्ष निर्धारित की गई है, जिसमें अतिरिक्त 10 वर्ष तक विस्तार का प्रावधान रहेगा।

न्यूज गैलरी

राज्यपाल रमेन डेका से मुख्य सचिव ने की सौजन्य भेंट

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका से आज यहां लोकभवन में प्रदेश के मुख्य सचिव श्री विकास शील ने सौजन्य भेंट की। भेंट के दौरान मुख्य सचिव ने राज्य में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति से राज्यपाल को अवगत कराया।

कृष्णपुर जलाशय योजना के नवीनीकरण के लिए 2.73 करोड़ स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग ने सूरजपुर जिले के विकासखण्ड रामानुजनगर की कृष्णपुर जलाशय योजना के नवीनीकरण कार्य के लिए 2 करोड़ 73 लाख 29 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। योजना के प्रस्तावित कार्यों के पूर्ण होने के बाद क्षेत्र के किसानों को कुल 151 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इससे खरीफऔर रबी फसलों का रकबा बढ़ेगा और किसानों की आय में वृद्धि होगी। जल संसाधन विभाग ने योजना के कार्यों के लिए मुख्य अभियंता, हसदेव गंगा कछार, जल संसाधन विभाग, अंबिकापुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी है। विभाग ने कार्य को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। कृष्णपुर जलाशय के नवीनीकरण कार्य से क्षेत्र में जल भंडारण क्षमता बढ़ेगी और भू-जल स्तर में भी सुधार होगा।

सुशासन तिहार में खारीबहार शिविर में मिले 679 आवेदन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेशभर में संचालित सुशासन तिहार 2026 के तहत आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण और शासकीय योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का अभियान निरंतर जारी है। इसी क्रम में जशपुर जिले के फरसाबहार विकासखंड अंतर्गत ग्राम खारीबहार क्लस्टर में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 13 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर के दौरान ग्रामीणों से कुल 679 आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निराकरण के लिए विभागीय अधिकारियों द्वारा आवश्यक कार्रवाई की गई। शिविर में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को सामग्री एवं प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 15 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए, जिससे उन्हें गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा।

बलरामपुर जिले में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता

रायपुर/नवप्रदेश। बलरामपुर-रामानुजगंज जिला में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। फ्यूल-गैस जैसी कोई इमरजेंसी नहीं है। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि जिले में निर्बाध रूप से इंधन की आपूर्ति हो रही है, किसी भी नागरिक को कोई परेशानी नहीं हो रही है। जिले में किसी भी प्रकार की ईंधन या गैस की किल्लत नहीं है तथा उपभोक्ताओं को नियमित रूप से आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। जिला प्रशासन खाद्य शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में संचालित सभी गैस एजेंसियों के पास घरेलू एवं व्यावसायिक एलपीजी गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उपभोक्ताओं को नियमानुसार नियमित वितरण किया जा रहा है और कहीं भी आपूर्ति बाधित नहीं हुई है। इसी प्रकार भारतीय तेल निगम , हिंदुस्तान पेट्रोलियम एवं भारत पेट्रोलियम सहित विभिन्न तेल कंपनियों के पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है। मुख्य डिपो से ईंधन के टैंकर लगातार जिले में पहुंच रहे हैं, जिससे आपूर्ति व्यवस्था निर्बाध रूप से संचालित हो रही है।

सिम्स बिलासपुर में जटिल पेल्विस सर्जरी सफल, सड़क दुर्घटना में घायल युवक को मिला नया जीवन

रायपुर/नवप्रदेश। सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए एक युवक की जटिल पेल्विस (श्रोणि) और हिप जॉइंट सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम देकर सिम्स बिलासपुर के चिकित्सकों ने उसे नया जीवन दिया है। आधुनिक तकनीक और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम के समन्वित प्रयास से की गई इस सर्जरी को चिकित्सा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार बिलासपुर निवासी अजय पटेल 19 अप्रैल 2026 को बिल्हा क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें तत्काल उपचार के लिए सिम्स बिलासपुर में भर्ती कराया गया, जहां जांच में उनकी दाहिनी पेल्विस में सेंट्रल हिप डिसलोकेशन और एसीटैबुलम फ्रैक्चर जैसी गंभीर चोटों की पुष्टि हुई। यह स्थिति अत्यंत जटिल मानी जाती है क्योंकि इसमें हिप जॉइंट अपनी सामान्य स्थिति से हट जाता है और उसे सहारा देने वाली श्रोणि की हड्डी भी क्षतिग्रस्त हो जाती है। वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. तरुण सिंह ठाकुर की देखरेख में मरीज का विस्तृत परीक्षण किया गया। इसके बाद विभागाध्यक्ष डॉ. बेन के मार्गदर्शन में विशेषज्ञ टीम ने सर्जरी की विस्तृत योजना तैयार की। 28 अप्रैल 2026 को डॉक्टरों की टीम ने ओपन रिडक्शन एंड इंटरनल फिक्सेशन (ओआरआईएफ) के साथ राइट एसीटैबुलर रिपेयर एवं हिप जॉइंट की जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक की।

साय सरकार की पहल से महिलाओं के नाम संपत्ति रजिस्ट्री में 70 फीसदी वृद्धि

n बलौदाबाजार जिले में दिखने लगा असर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में उठाए गए कदमों के जमीन पर सकारात्मक परिणाम दिखने लगे हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर महिलाओं के नाम होने वाली भूमि व संपत्ति की रजिस्ट्री (पंजीयन) शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट देने और 12 प्रतिशत उपकर को पूरी तरह समाप्त करने के निर्णय से बड़ा बदलाव आया है। शासन की इस बड़ी रियायत के चलते बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में महिलाओं के नाम पर संपत्ति खरीदने और पंजीयन कराने की होड़ सी मच गई है। आंकड़ों के मुताबिक, ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में शहरी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है।

रजिस्ट्री शुल्क में कटौती का लाभ उठाने में जिले के सभी क्षेत्र आगे रहे हैं, जिनमें शहरी इलाकों का प्रदर्शन सबसे बेहतर रहा। उप पंजीयक कार्यालय केवल बलौदाबाजार में अप्रैल 2026 में 78 और मई 2026 में बढ़कर 119 हो गया। इसी प्रकार पलारी में अप्रैल 2026 में 40 दस्तावेज बढ़कर मई 2026 में 56, सिमगा में 56 से बढ़कर 99, कसडोल में 24से बढ़कर 50 तथा भाटापारा में 111 से बढ़कर 121 दस्तावेज हो गए। यह वृद्धि दर्शाती है कि महिलाओं को दी गई पंजीयन शुल्क छूट का लाभ बड़ी संख्या में परिवार उठा रहे हैं। शहरी क्षेत्र बलौदाबाजार और भाटापारा के आकड़ों में अधिक वृद्धि देखी गई है।

जिला पंजीयक श्री विनोद कोचे ने बताया कि राज्य शासन की इस नीति का सीधा और त्वरित लाभ महिलाओं को मिल रहा है। संपत्ति खरीद की लागत काफी कम हो जाने से अब परिवार स्वेच्छा से महिलाओं के नाम पर जमीन और मकान पंजीकृत कराने के लिए प्रोत्साहित हो रहे हैं।

एक महीने में रजिस्ट्री मामलों में 70 प्रतिशत की भारी वृद्धि

जिला पंजीयक कार्यालय से प्राप्त आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, यह छूट लागू होने के बाद मात्र एक महीने के भीतर महिलाओं के पक्ष में होने वाली रजिस्ट्रियों में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई है। अप्रैल 2026 जिले के पांचों उप पंजीयक कार्यालयों में महिलाओं के नाम पर कुल 309 दस्तावेज पंजीकृत हुए थे। मई 2026 यह संख्या बढ़कर 445 पहुंच गई, जो अप्रैल की तुलना में लगभग 70 प्रतिशत की शानदार बढ़ोतरी को दर्शाती है।

छत्तीसगढ़ में बाल संरक्षण की नई मिसाल

रायगढ़ में पहली बार समुदाय-आधारित फोस्टर केयर के तहत बालक को मिला पारिवारिक संरक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। बच्चों के सर्वोत्तम हितों की रक्षा और उन्हें सुरक्षित पारिवारिक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले ने एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। जिले में पहली बार समुदाय-आधारित फोस्टर केयर प्लेसमेंट सफलतापूर्वक संपन्न किया गया, जिसके तहत एक जरूरतमंद बालक को विधिवत उसी समुदाय के एक योग्य फोस्टर पालक परिवार की देखरेख में सौंपा गया। यह पहल इसलिए विशेष महत्व रखती है क्योंकि बालक और फोस्टर पालक दोनों एक ही सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिवेश से जुड़े हैं। इससे बच्चे को न केवल परिवार जैसा स्नेह और सुरक्षा मिलेगी, बल्कि वह अपने समुदाय, संस्कृति और सामाजिक पहचान से भी जुड़ा रहेगा। बाल अधिकारों और बाल संरक्षण के क्षेत्र में इसे एक महत्वपूर्ण और संवेदनशील कदम माना जा रहा है। इस ऐतिहासिक प्लेसमेंट प्रक्रिया को जिला बाल कल्याण समिति रायगढ़ के मार्गदर्शन में पूर्ण किया गया। समिति के अध्यक्ष गेवेश नायक तथा सदस्यों लक्ष्मी प्रसाद पटेल, निवेदिता पटनायक एवं रूपलाल चौहान ने मामले का विस्तृत परीक्षण कर सभी आवश्यक दस्तावेजों और विधिक प्रावधानों का सत्यापन किया तथा फोस्टर केयर प्लेसमेंट को स्वीकृति प्रदान की।

ऑपरेशन 'निश्चय' के तहत खरोरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 4 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। थाना खरोरा पुलिस ने 'ऑपरेशन निश्चय' के तहत अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से कुल 346 पौवा देशी शराब तथा परिवहन में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल जब्त की है। पुलिस अधीक्षक श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत शुक्ला के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) वीरेन्द्र चतुर्वेदी के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई।

पुलिस को 3 जून 2026 को मुखबिर से खरोरा, भैंसा और अमसेना क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर थाना खरोरा पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर घेराबंदी कर छापेमार कार्रवाई की।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने हितेन्द्र यादव उर्फ छोटू यादव (24 वर्ष) निवासी देवारपारा, खरोरा को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 47 पौवा देशी मसाला शोले शराब, कुल 8.460 लीटर, कीमत लगभग 4,700 रुपये जब्त की गई। इसी तरह सुल्तान गेंडरे (32 वर्ष) निवासी भेजरीडीह, खरोरा के कब्जे से 45 पौवा शोले देशी मसाला शराब, कुल 8.100 लीटर, कीमत लगभग 4,500 रुपये बरामद की गई। पुलिस ने एक अन्य कार्रवाई में पिता-पुत्र गवाही लाल ओगरे (50 वर्ष) और राका ओगरे (27 वर्ष) निवासी ग्राम कोड़ापार को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 254 पौवा देशी मदिरा शोले शराब, कुल 45.720 लीटर, कीमत लगभग 25,400 रुपये तथा अवैध शराब परिवहन में प्रयुक्त होंडा साइन मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 पीजी 8570, जिसकी कीमत लगभग 60 हजार रुपये है, जब्त की गई। पुलिस ने बताया कि आरोपियों से शराब रखने और परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, लेकिन वे कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सके।

सुशासन तिहार बना बुजुर्गों का सहारा 74 वर्षीय कोटवार को मिला श्रवण यंत्र

n आवेदन पर त्वरित कार्रवाई, सुनने की समस्या से मिली राहत

रायपुर/नवप्रदेश। सुशासन तिहार 2026 के तहत आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण और जरूरतमंदों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने की दिशा में लगातार सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। इसी कड़ी में सूरजपुर जिले के ग्राम पंचायत पीढ़ा निवासी 74 वर्षीय कोटवार श्री जानकी को श्रवण यंत्र (हियरिंग एड) प्रदान किया गया, जिससे उन्हें सुनने में होने वाली परेशानी से राहत मिली है। जानकी ने सुशासन तिहार के दौरान श्रवण संबंधी समस्या के

समाधान हेतु आवेदन प्रस्तुत किया था। आवेदन प्राप्त होते ही जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर उन्हें श्रवण यंत्र उपलब्ध कराया गया। इससे अब उन्हें दैनिक गतिविधियों के संचालन और लोगों से संवाद स्थापित करने में काफी सुविधा होगी। श्रवण यंत्र प्राप्त करने के बाद श्री जानकी ने शासन और जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय से सुनने में कठिनाई होने के कारण उन्हें अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था, लेकिन अब उनकी परेशानी काफी हद तक दूर हो गई है।

सुशासन तिहार के माध्यम से प्रदेशभर में प्राप्त आवेदनों के त्वरित और प्रभावी निराकरण से लोगों का शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास मजबूत हुआ है। यह अभियान जरूरतमंदों तक समयबद्ध सहायता पहुंचाने और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

6 जून से 9 जून तक होगा राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2025 का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा (मुख्य) परीक्षा-2025 की लिखित परीक्षा की समय-सारिणी घोषित कर दी गई है। आयोग द्वारा जारी सूचना के अनुसार परीक्षा का आयोजन 06 जून से 09 जून 2026 तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में किया जाएगा। परीक्षा दो पालियों में प्रातः 9.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक तथा दोपहर 2.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक संपन्न होगी। जारी कार्यक्रम के अनुसार 06 जून 2026 को भाषा एवं निबंध, 07 जून को सामान्य अध्ययन-I एवं I, 08 जून को सामान्य अध्ययन-III एवं IV तथा 09 जून को सामान्य अध्ययन-ङ्क की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2025 सरगुजा (अंबिकापुर), बिलासपुर, दुर्ग, बस्तर एवं रायपुर के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। आयोग ने सभी अभ्यर्थियों से निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि प्रवेश पत्र दिनांक 25 मई 2026 को अभ्यर्थियों को जारी कर दिया गया है।

भारतीय व्यापार महोत्सव को लेकर मंत्री अग्रवाल से मिला कैट प्रतिनिधिमंडल

रायपुर/नवप्रदेश। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वाईस चेयरमेन श्री अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन श्री जितेन्द्र दोशी, श्री विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष श्री परमानंद जैन, वाइस चेयरमेन श्री सुरिन्दर सिंह, जीवत बजाज, महामंत्री अवनीत सिंह, कोषाध्यक्ष विजय पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, वासु माखीजा, श्री राम मंधान, भरत जैन, श्री राकेश ओचवानी एवं श्री शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि नई दिल्ली

स्थित भारत मंडपम में 12 से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले देश के सबसे बड़े ट्रेड फेयर भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 के संबंध में आज CAIT अंबिकापुर छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ शासन के माननीय पर्यटन मंत्री श्री राजेश अग्रवाल से सौजन्य मुलाकात कर महोत्सव की रूपरेखा, पर्यटन आधारित व्यापारिक संभावनाओं एवं प्रदेश की सहभागिता को लेकर विस्तृत चर्चा की। बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थलों, धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन, वन एवं इको-टूरिज्म, होटल एवं ट्रैवल उद्योग, हस्तशिल्प, जनजातीय उत्पादों तथा स्थानीय उद्यमों को राष्ट्रीय मंच प्रदान करने के विषय पर सकारात्मक संवाद हुआ।

'पारंपरिक खेती छोड़ अपनाया वैज्ञानिक दृष्टिकोण

वैज्ञानिक खेती से केरलापाल के कालेंद्र बने किसानों के रोल मॉडल

n नैनो डीएपी और नैनो यूरिया के उपयोग से बचा रहे हैं जमीन की उर्वरता, विविधीकरण से बदली किस्मत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के दूरदराज के गांवों में अब आधुनिक और वैज्ञानिक खेती की बयार बहने लगी है। इसकी जीती-जागती मिसाल पेश की है, ग्राम केरलापाल के प्रगतिशील किसान कालेंद्र कुमेटी ने। कभी पारंपरिक खेती के कारण आर्थिक तंगी और बढ़ती लागत से जूझने वाले कालेंद्र आज अपनी मेहनत, नवाचार और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के बल पर न केवल आत्मनिर्भर

बने हैं, बल्कि पूरे क्षेत्र के युवाओं और किसानों के लिए प्रेरणा स्रोत बन गए हैं। इसके अलावा, उन्होंने अपनी आय बढ़ाने के लिए इंटीग्रेटेड फार्मिंग (समन्वित कृषि) को अपनाया। धान और गेहूं जैसी पारंपरिक फसलों के साथ-साथ वे अब सब्जियों, फलदार पौधों की खेती, पशुपालन, मछली पालन और उद्यानिकी भी कर रहे हैं।

संघर्ष से सफलता

कुछ वर्ष पहले तक कालेंद्र कुमेटी भी अन्य किसानों की तरह पारंपरिक ढर्रे पर खेती कर रहे थे। लागत लगातार बढ़ रही थी और उत्पादन उस अनुपात में बेहद कम हो रहा था, जिससे परिवार का गुजारा मुश्किल था। लेकिन हार मानने के बजाय उन्होंने लीक से हटकर कुछ नया करने की ठानी। उन्होंने कृषि विभाग द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और आधुनिक कृषि तकनीकों की बारीकियों को समझा।

'जल संरक्षण और मिट्टी परीक्षण को दी प्राथमिकता'

कालेंद्र अपने खेतों में पानी की हर बूंद का सही इस्तेमाल सुनिश्चित करने के लिए ड्रिप सिंचाई प्रणाली (टपक सिंचाई) का उपयोग कर रहे हैं। इससे पानी की भारी बचत हो रही है और पौधों को जरूरत के अनुसार ही नमी मिल रही है। वे नियमित रूप से अपने खेतों का मिट्टी परीक्षण करवाते हैं, ताकि जमीन में जिस पोषक तत्व की कमी हो, केवल वही खाद दी जा सके।

मत्स्य पालन व सब्जी उत्पादन से आत्मनिर्भर बने किसान अब्बैया

रायपुर/नवप्रदेश। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत निर्मित डबरियां अब बीजापुर जिले के किसानों के लिए आय बढ़ाने और खेती को मजबूत बनाने का प्रभावी माध्यम बन रही हैं। जल संरक्षण, सिंचाई सुविधा और अतिरिक्त रोजगार के उद्देश्य से बनाई जा रही इन डबरियों से ग्रामीण किसानों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। जनपद पंचायत भोपालपटनम की ग्राम पंचायत चेरपल्ली के किसान श्री वासम

अब्बैया इसकी प्रेरक मिसाल हैं। जिसकी सराहना वन एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप ने भी की है। करीब 2 एकड़ कृषि भूमि वाले किसान वासम अब्बैया की निजी भूमि पर वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा के तहत 2.25 लाख रुपये की लागत से डबरी का निर्माण कराया गया।

मानव सभ्यता का विकास केवल विशाल भवनों, तीव्रगामी वाहनों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और तकनीकी चमत्कारों की कहानी नहीं है, बल्कि यह उन सरल आविष्कारों का भी इतिहास है जिन्होंने मानव जीवन को अधिक सुगम, गतिशील और समतामूलक बनाया। ऐसे ही आविष्कारों में साइकिल का स्थान अत्यंत विशिष्ट है। लगभग दो शताब्दियों से यह साधारण प्रतीत होने वाला दो पहिये का वाहन मानव समाज की प्रगति, स्वास्थ्य, शिक्षा, आर्थिक गतिशीलता और सामाजिक परिवर्तन का मौन वाहक बना हुआ है। दो पहियों, एक फ्रेम और मानवीय ऊर्जा पर आधारित साइकिल केवल एक परिवहन साधन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, पर्यावरणीय संतुलन, आर्थिक समानता और सामाजिक न्याय का जीवंत प्रतीक है। आज जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन, बढ़ते प्रदूषण, ऊर्जा संकट, अनियोजित शहरीकरण और जीवनशैली जनित रोगों जैसी गंभीर चुनौतियों से जूझ रही है, तब साइकिल एक सरल पर अत्यंत प्रभावी समाधान के रूप में पुनः वैश्विक विमर्श के केंद्र में आ खड़ी हुई है।

विश्व साइकिल दिवस: स्वास्थ्य, पर्यावरण और सतत विकास का महामार्ग

साइकिल की स्थापना का वैश्विक महत्व

विश्व साइकिल दिवस की स्थापना मानवता को यह स्मरण कराने के लिए की गई कि भविष्य की अनेक चुनौतियों का समाधान जटिल तकनीकों में नहीं, बल्कि सरल और टिकाऊ उपायों में भी निहित हो सकता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2018 में 3 जून को आधिकारिक रूप से "विश्व साइकिल दिवस" घोषित किया। इस पहल के पीछे समाजशास्त्री और पूर्व अंतरराष्ट्रीय साइकिल चालक प्रोफेसर लेस्ज़ेक सिबिल्स्की के नेतृत्व में चलाया गया वैश्विक अभियान था, जिसे 56 देशों का समर्थन प्राप्त हुआ। संयुक्त राष्ट्र ने अपने प्रस्ताव में स्पष्ट रूप से स्वीकार किया कि साइकिल एक सस्ती, विश्वसनीय, पर्यावरण-अनुकूल, बहुमुखी और टिकाऊ परिवहन प्रणाली है, जो सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

साइकिल का विकास: लकड़ी के ढांचे से स्मार्ट मोबिलिटी तक

साइकिल का इतिहास मानव रचनात्मकता और तकनीकी विकास की एक रोचक यात्रा है। वर्ष 1817 में जर्मनी के बैरन कार्ल वॉन ड्रैस ने एक ऐसी मशीन का निर्माण किया जिसे 'लॉफमशीन' कहा गया। इसमें पैडल नहीं थे और इसे पैरों से धक्का देकर चलाया जाता था। आगे चलकर फ्रांस में पैडल युक्त मॉडल विकसित हुए तथा उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में जॉन केम्प स्टारली द्वारा विकसित 'सेफ्टी बाइसिकल' आधुनिक साइकिल का आधार बनी।

ईरानी ड्रोन हमले में कुवैत के हवाई अड्डे को भारी नुकसान

कुवैत सिटी (ए.)। ईरान ने बुधवार को कुवैत और बहरीन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर कई मिसाइलें और ड्रोन हमले किए। इन हमलों में कुवैत के हवाई अड्डे को भी भारी नुकसान पहुंचा है। कुवैत ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा है कि देश के हवाई अड्डे पर एक ईरानी ड्रोन हमले के बाद वाणिज्यिक उड़ानों को निलंबित कर दिया है। इस हमले में कई लोग घायल हुए हैं। कुवैत सरकार ने कहा कि देश की संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा रेड लाइन है और इसे किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार ने संकेत दिया कि वह जवाबी कदमों पर विचार कर रही है। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल सऊद अब्दुलअजीज अल-ओतैबी ने बताया कि हमले के बाद आपातकालीन सेवाओं और मेडिकल टीमों को तुरंत सक्रिय किया गया। घायलों का इलाज जारी है। इस हमले में इमारत को गंभीर नुकसान पहुंचा और कई व्यक्तियों को चोटें आई हैं। यह ड्रोन हमला ईरान और अमेरिका के बीच मंगलवार देर रात हुए मिसाइल हमलों के बाद हुआ। अमेरिकी सेना ने कहा कि उसने ईरान द्वारा कुवैत और बहरीन पर दागी गई मिसाइलों के जवाब में केश्म द्वीप पर एक ईरानी सैन्य सुविधा पर हमले किए थे।

ईरान पर अंतरराष्ट्रीय नियम तोड़ने का आरोप

कुवैत विदेश मंत्रालय ने इस हमले के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन के जरिए लगातार हमले किए जा रहे हैं, जो क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं। मंत्रालय के अनुसार तड़के हुए इस हमले में एयरपोर्ट समेत कई महत्वपूर्ण नागरिक ठिकानों और राजनयिक परिसरों को नुकसान पहुंचा। कुवैत ने इन हमलों को आक्रामक और अस्वीकार्य बताते हुए कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन है।

सीबीएसई ने जोड़े फीस जमा करने के चार नए गेटवे, 40 हजार आवेदन मिले

नई दिल्ली/ए.। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) का वेरिफिकेशन और री-इवैल्युएशन पोर्टल छात्रों के भारी ट्रैफिक और कई साइबर हमलों के प्रयासों के बावजूद पूरी तरह सुरक्षित और सुचारू रूप से काम कर रहा है। सीबीएसई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस बात की आधिकारिक जानकारी साझा की है। छात्रों से मिले फीडबैक के बाद बोर्ड ने पोर्टल में कई महत्वपूर्ण सुधार किए हैं, जिसमें सेशन टाइम लिमिट (समय सीमा) को बढ़ाना भी शामिल है।

सीबीएसई द्वारा जारी ताजा अपडेट के अनुसार, पोर्टल की क्षमता को अब काफी बढ़ा दिया गया है, जिससे अब एक साथ लगभग 14,000 यूजर्स इस वेबसाइट का उपयोग कर सकते हैं। पोर्टल पर लगातार बढ़ रहे आवेदनों के बीच सफल सबमिशन की संख्या तेजी से बढ़ी है। आज सुबह 9:30 बजे तक करीब 40,000 छात्र इस सुविधा का लाभ उठाकर बिना किसी परेशानी के अपनी आवेदन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा कर चुके हैं।

6 जून तक आवेदन का मौका, बोर्ड ने दी सतर्क रहने की सलाह

सीबीएसई ने अपने बयान में कहा है, 'हमारी टीमें एक सुरक्षित, विश्वसनीय और छात्र-अनुकूल प्लेटफॉर्म सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी रख रही हैं।' इसके साथ ही बोर्ड ने छात्रों को सलाह दी है कि वे आवेदन करने से पहले आधिकारिक दिशानिर्देशों को ध्यान से पढ़ें और पोर्टल पर दर्ज की जाने वाली सभी जानकारियों की सटीकता सुनिश्चित करें। छात्र इस प्रक्रिया के लिए 6 जून तक आवेदन कर सकते हैं।

भुगतान के लिए उपलब्ध कराए गए 4 नए गेटवे

सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि छात्रों की सुविधा के लिए वेरिफिकेशन और री-इवैल्युएशन पोर्टल पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI), केनरा बैंक, बैंक ऑफबड़ौदा (BoB) और इंडियन बैंक के पेमेंट गेटवे उपलब्ध कराए गए हैं। बोर्ड ने यह भी साफ किया है कि भुगतान पूरा करने के लिए छात्रों का इन विशिष्ट बैंकों में खाता होना जरूरी नहीं है।

सोशल मीडिया पर एक्टिव हुई सीबीएसई की टीम

भले ही प्लेटफॉर्म एक्स पर कुछ छात्र अभी भी पोर्टल से जुड़ी समस्याओं को साझा कर रहे हैं, लेकिन अब सीबीएसई की टीम सक्रिय रूप से हर शिकायत का जवाब दे रही है। लॉगिन फेल होने, 'लॉगिन रिक्वेस्ट एक्सपायर्ड' या वेरिफिकेशन एरर जैसी समस्याओं पर बोर्ड ने छात्रों से सीधे संवाद किया है। सीबीएसई ने तकनीकी दिक्कतों का सामना कर रहे छात्रों को जवाब देते हुए कहा कि वे अपनी समस्या का संक्षिप्त विवरण, स्क्रीन पर दिख रहा एरर मैसेज, अपना रोल नंबर, एप्लीकेशन आईडी और एडमिट कार्ड आईडी बोर्ड को डायरेक्ट मैसेज (DM) के जरिए भेजें ताकि संबंधित विभाग से इसे तुरंत हल कराया जा सके। बोर्ड ने छात्रों से यह भी सुनिश्चित करने को कहा है कि वे अपनी लॉगिन क्रेडेंशियल्स, [Aadhaar Redacted] विवरण, पासवर्ड और एडमिट कार्ड आईडी को पूरी तरह सही और दिए गए विवरणों के अनुसार ही दर्ज करें।

थाईलैंड के पूर्व पीएम थाकसिन शिनावात्रा को मिली शाही माफी

पैरोल खत्म होने से पहले ही मिल गई रिहाई

नई दिल्ली/ए.। बैंकॉक थाईलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा ने बुधवार को अपनी जेल की सजा से जुड़ी सभी कानूनी जिम्मेदारियों को औपचारिक रूप से पूरा कर लिया। शाही माफी मिलने के बाद उनकी चार महीने की पैरोल समय से पहले खत्म कर दी गई।

दो दशकों से अधिक समय तक थाई राजनीति में एक प्रभावशाली व्यक्ति रहे 76 वर्षीय अरबपति और लोकप्रिय नेता को पिछले महीने बैंकॉक की जेल से रिहा किया गया था। तब से इस बात का अनुमान लगाया जा रहा है कि वह सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा फ्यूएउ थाई पार्टी पर अपना मजबूत प्रभाव जारी रख सकते हैं। हालांकि, उनके परिवार ने कहा है कि वह राजनीति से पीछे हटना चाहते हैं। थाकसिन एक दूरसंचार दिग्गज थे, जिन्होंने 1998 में अपनी खुद की राजनीतिक पार्टी की स्थापना की थी। उन्होंने 2001 से 2006 तक प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया, जब एक सैन्य तख्तापलट ने उन्हें विदेश में रहते हुए सत्ता से बेदखल कर दिया था। शिनावात्रा के सत्ता से बेदखल होने के लगभग दो दशकों तक राजनीतिक ध्रुवीकरण जारी रहा।

थाईलैंड के राजा ने दी शाही माफी

थाईलैंड के राजा महा वाचिरालोंगकोन द्वारा जारी किया गया माफी आदेश मंगलवार देर रात रॉयल गजट में प्रकाशित हुआ। यह बुधवार को प्रभावी हो गया। थाईलैंड एक सांविधानिक राजशाही है, जिसमें राजा को दोषी अपराधियों की माफी पर अंतिम निर्णय लेने का अधिकार है। राजा का यह निर्णय रानी सुतिदा के जन्मदिन के अवसर पर लिया गया था। यह विशिष्ट शर्तों को पूरा करने वाले योग्य दोषियों पर व्यापक रूप से लागू हुआ। थाकसिन पूर्ण रिहाई के लिए योग्य थे, क्योंकि उन्हें पैरोल पर रिहा किया गया था और उनकी सजा में एक वर्ष से कम का समय बचा था।

राज्य बाल संरक्षण समिति छत्तीसगढ़
संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग, छत्तीसगढ़
इन्द्रावती भवन, ब्लॉक 01, द्वितीय तल, नवा रायपुर, अटल नगर
दूरभाष क्रमांक 0771-2234192, 2234188 (Fax) email: dirwcd@nic.in

"सूचना"

मिशन वात्सल्य योजनांतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग के नाम पर फर्जी भर्ती एवं नियुक्ति पत्र जारी करने के संबंध में सूचना

महिला एवं बाल विकास विभाग की "मिशन वात्सल्य" योजना अंतर्गत समय-समय पर रिक्त पदों पर नियुक्ति की नियमानुसार कार्यवाही की जाती है। विभाग के नाम पर अपराधी तत्वों द्वारा विभाग में विभिन्न संविदा पदों पर फर्जी तरीके से फर्जी नियुक्ति पत्र (Fake Appointment Letter) जारी किया रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग में सभी नियुक्तियां पूरी तरह से पारदर्शी और स्थापित शासकीय नियमों के तहत ही की जाती हैं। विभाग आम जनता और नौकरी की तलाश कर रहे सभी युवाओं से अपील करता है कि वे ऐसे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, अनाधिकृत एजेंट या फर्जी कॉल/पत्रों के झांसे में न आएं।

विभाग की सभी आधिकारिक नियुक्तियों की जानकारी शासकीय वेबसाइटों में अपलोड और प्रमुख समाचार पत्रों के माध्यम से ही जारी की जाती है तथा नियुक्ति के संबंध में प्रत्येक चरण की कार्यवाही वेबसाइट www.cgstate.gov.in व www.cgwcd.gov.in पर अपलोड किया जाता है। असामाजिक तत्वों द्वारा शासकीय सेवा/संविदा पदों पर नियुक्ति जारी संबंधी झांसे में ना आवें व निरंतर उक्त वेबसाइट चेक करते रहें। यदि किसी भी व्यक्ति को ऐसी ठगी या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिलती है, तो वे तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन, डायल 112 या डायल 100 पर इसकी सूचना देवें।

(डॉ. रेणुका श्रीवास्तव)
संचालक
महिला एवं बाल विकास विभाग
एवं सचिव, राज्य बाल संरक्षण समिति
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

जी-262701152/3

रणवीर सिंह को राहत, FWICE ने वापस लिया असहयोग निर्देश

मुंबई। 'डॉन 3' विवाद को लेकर अब फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉयज (FWICE) और रणवीर सिंह आमने-सामने आ गए हैं। मामले में FWICE ने रणवीर सिंह के खिलाफ असहयोग निर्देश जारी किया था। इसके बाद हालांकि, IMPAA समेत कई अन्या संस्थाओं ने रणवीर का समर्थन किया था। वहीं रणवीर ने भी FWICE के खिलाफ लीगल नोटिस जारी किया था। अब इस मामले में एक नया मोड़ आया है, क्योंकि FWICE ने रणवीर सिंह के खिलाफ जो असहयोग निर्देश जारी किया था, उसे वापस ले लिया है। फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉयज आज इस पूरे मामले पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान FWICE का कहना है कि उनके असहयोग निर्देश जारी करने के बाद कई और असोसिएशन का उन्हें रिक्वेस्ट आया कि इस तरह का नॉन कॉपरेशन को वापस ले लीजिए। फेडरेशन की ओर से कहा गया कि IMPAA, प्रोड्यूसर गिल्ड और CINTAA जैसे अन्य एसोसियेशन ने इस नॉन कॉपरेशन को वापस लेने की अपील की थी। अब उनकी इस अपील और रिक्वेस्ट के बाद हमने इसे वापस लेने का फैसला किया है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
ऑप्टिकल फाइबर केबल कार्य हेतु निविदा सूचना

ई-निविदा संख्या : 102-एस एन टी-परियोजना-निविदा-2026 दिनांक: 29.05.2026 कार्य का नाम : दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के चाम्पा-झारसुगुडा खंड में 4x48 (एफ) ऑप्टिकल फाइबर केबल बैकबोन के प्रावधान हेतु ऑप्टिकल फाइबर केबल की आपूर्ति, परिवहन, खुदाई, बिछाने, बैकफिलिंग, क्षैतिज दिशात्मक ड्रिलिंग, एचडीपीई पाइप डालने, ब्लोविंग, जोड़ने और ऑप्टिकल फाइबर केबल का टर्मिनेशन। **निविदा मूल्य : ₹26,49,83,065.40/-** (रुपये छब्बीस करोड़ उनचास लाख तिरासी हजार पैंसठ तथा चालीस पैसे मात्र)। **अमानत राशि : ₹ 52,99,700.00/-** (रुपये बावन लाख निन्यानवे हजार सात सौ मात्र)। **निविदा जमा करने की तिथि तथा समय : 22.06.2026 को 16:30 बजे तक।** विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज का विक्रय, पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु हमारी वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है, उससे देख सकते हैं।
उप मुख्य सिग. एवं दूर. इंजी./परियोजना
सीपीआर/10/165 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

कार्यालय कलेक्टर रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)
// सार्वजनिक सूचना //
क्रमांक / 980/भू अर्जन / 2026 — रायपुर, दिनांक 26/05/2026

कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता लोक निर्माण विभाग संभाग सेतु निर्माण संभाग रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम टीला प.ह.नं. 07 में जिला-रायपुर के टीला-हथखोज मार्ग पर स्थित महानदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य हेतु आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 2016 के तहत निम्नलिखित भूमि स्वामियों की उनके नाम के समक्ष अंकित ग्राम टीला तहसील गोबरा नवापारा की निजी भूमि क्रय किये जाने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया हैं। संबंधित भूमि स्वामियो से प्रारूप ख में भूमि विक्रय करने के संबंध में स्वीकृति प्राप्त किया जा चुका है।

क्र.	भूमि स्वामी का नाम	ग्राम का नाम	खसरा नं.	रकबा व.मी.
1	2	3	4	5
1	अशोक, विनोद, नन्दकुमार पिता श्री घासीराम साहू	टीला	1353/1, 1353/3, योग 02	0.0016, 0.0406 0.0422 हे.
2	नंदकुमार पटेल पिता आशाराम पटेल	टीला	1294	0.0176 हे.
3	अशोक कुमार, विनोद कुमार, नन्दकुमार, उमा, उर्मिला, आशा साहू पिता श्री घासीराम साहू	टीला	1353/2	0.0093 हे.
	योग -		**04**	**0.0691 हे.**

उक्त सूचना जारी दिनांक 02/06/2026 से 15 दिवस तक किसी भी व्यक्ति द्वारा उक्त भूमि से संबंध किसी प्रकार की स्वत्व के संबंध में आपत्ति हो तो लिखित में कार्यालय कलेक्टर रायपुर में प्रस्तुत किया जा सकता है। 15 दिवस के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेंगा।

कलेक्टर
रायपुर (छ.ग.)
जी - 262701126/2

केनरा बैंक Canara Bank

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

ई-नीलामी दिनांक 23/06/2026

स्थायी संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक हैं तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **सांकेतिक/भौतिक कब्जा** ले लिया गया है। निम्न वर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **23/06/2026** को 12.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक **केनरा बैंक सुरक्षित लेनदार** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु **"जैसा है जहां है, जो है जैसा है"** एवं **"जो कुछ भी है"** के आधार पर किया जा रहा है।

ईएमडी जमा तिथि: 22/06/2026, संपत्ति निरीक्षण तिथि: 20/06/2026 एवं ई-नीलामी की तिथि: 23/06/2026

ऋणी/गारंटर का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम	मांग सूचना दिनांक / कब्जा सूचना दिनांक / बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि	शाखा सम्पर्क नं.
1) **श्री ओमप्रकाश तिवारी पुत्र श्री जितेंद्र कुमार तिवारी**, बी-104, आरडीए कॉलोनी, वीर सावरकर नगर, हीरापुर, टाटीबंध, रायपुर, छत्तीसगढ़, पिनकोड- 492099 2) **श्रीमती शिखा देवी पत्नि श्री ओमप्रकाश तिवारी**, वार्ड नं.17 आइडियल स्कूल के पास, बजरंग नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़, पिनकोड- 493221 एवं बी-104, आरडीए कॉलोनी, वीर सावरकर नगर, हीरापुर, टाटीबंध, रायपुर, छत्तीसगढ़, पिनकोड- 492099.	खसरा नं. 238/10 का भाग, प.ह.नं. 103, भूतल, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी आवास योजना, आरडीए कॉलोनी, वीर सावरकर नगर, वार्ड नं. 01, हीरापुर, रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन-492001, क्षेत्रफल- 290 वर्गफीट में स्थित फ्लैट नंबर बी-101 का साम्यिक बंधक। **चौहद्दी: उत्तर-** बिक्री विलेख के साथ संलग्न नक्शे के अनुसार, **दक्षिण-** बिक्री विलेख के साथ संलग्न नक्शे के अनुसार, **पूर्व-** बिक्री विलेख के साथ संलग्न नक्शे के अनुसार, **पश्चिम-** बिक्री विलेख के साथ संलग्न नक्शे के अनुसार।	26/11/2025 03/02/2026 ₹ 1,72,808.72 26.11.2025 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 5,58,000/- ₹ 55,800/- ₹ 10,000/-	**Property No. - 01** Raipur Rakhi Branch (Mo. 7880107565)
1) **मेसर्स आरना पेपर प्रोडक्ट्स**, भाटापारा मोहल्ला, पुड्डा कंपाउंड, देवपुरी, रायपुर (छ.ग.)- 492001 2) **श्री धर्मपाल सिंह** 3) **श्री गौरव सिंह पुत्र धर्मपाल सिंह** 4) **श्री सौरभ कुमार सिंह पुत्र धर्मपाल सिंह, सभी का पता:** एफ-7, शिवाजी पार्क, विधानसभा रोड, सड्डू, रायपुर (छ.ग.) - 492001 5) **श्रीमती ज्योति सिंह**, एल आई जी- 100/7, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, अवंती विहार, रायपुर (छ.ग.)- 492006	**संपत्ति नं. 1:- श्रीमती ज्योति सिंह** के नाम पर फ्लैट नं. ईडब्ल्यूएस-99, ग्राउंड फ्लोर, ब्लॉक नं. 9, छ.ग. हाउसिंग बोर्ड कचना, रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल: 32.48 वर्ग मीटर (349.48 वर्ग फुट) में स्थित आवासीय भूमि और भवन के समस्त भाग तथा अंश। **चौहद्दी: दक्षिण में-** फ्लैट नं. ईडब्ल्यूएस 100, **उत्तर में-** खुला स्थान, **पश्चिम में-** ब्लॉक नं.10, **पूर्व में-** मार्ग। **संपत्ति नं. 2:- श्री गौरव सिंह** के नाम पर फ्लैट नं. ईडब्ल्यूएस-100, ग्राउंड फ्लोर, ब्लॉक नं. 9, छ.ग. हाउसिंग बोर्ड कचना, रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल: 32.48 वर्ग मीटर (349.48 वर्ग फुट) में स्थित आवासीय भूमि और भवन के समस्त भाग तथा अंश। **चौहद्दी: दक्षिण में-** खुला स्थान, **उत्तर में-** फ्लैट नं. ईडब्ल्यूएस 99, **पश्चिम में-** ब्लॉकनं. 10, **पूर्व में-** मार्ग। **संपत्ति नं. 3:- श्री सौरभ कुमार सिंह** के नाम पर फ्लैट नं. ईडब्ल्यूएस-183, चतुर्थ तल, ब्लॉक नं. 8, छ.ग. हाउसिंग बोर्ड खम्हारडीह, शंकर नगर, रायपुर तहसील एवं जिला- रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल: 50.41 वर्गमी. (542.41 वर्गफुट) में स्थित आवासीय भूमि एवं भवन के समस्त भाग तथा अंश। **चौहद्दी: दक्षिण में-** फ्लैट नं. एलआईजी-184, **उत्तर में-** ओटीएस, **पश्चिम में-** पैसेज, **पूर्व में-** ब्लॉक नं. 9.	20.09.2022 05.12.2022 ₹ 49,17,427.81 02/12/2025 पर + भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	Property -1: ₹ 5,78,000/- / ₹ 57,800/- / ₹ 10,000/- Property -2: ₹ 5,78,000/- / ₹ 57,800/- / ₹ 10,000/- Property -3: ₹ 11,04,000/- / ₹ 1,10,400/- / ₹ 10,000/-	**Property No. - 02** Raipur Main Branch (Mo. 7880150204)
श्री सूरज दास, बसंत मार्बल गली, शिव मंदिर, लक्ष्मी रायपुर, छत्तीसगढ़-492001.	खसरा नं. 1590/39, प.ह.नं. 81, मौजा- बोरियाकला, बोरियाकला शासकीय हाई स्कूल के पास, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001. क्षेत्रफल - 1400 वर्ग फीट में स्थित आवासीय प्लॉट के समस्त भाग तथा अंश। **चौहद्दी: उत्तर-** बोरियाकला शासकीय स्कूल की भूमि, **दक्षिण-** सड़क, **पूर्व-** कार्तिकेय चंदे की भूमि, **पश्चिम-** श्रीमती धनेश्वरी साहू की भूमि।	17/07/2025 09/10/2025 ₹ 19,34,389.96 02/12/2025 पर + भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 16,45,000/- ₹ 1,64,500/- ₹ 10,000/-	**Property No. - 03** Raipur GE Road Branch (Mo. 8770592270)

ईएमडी जमा विवरण: आरक्षित मूल्य के 10% की ईएमडी राशि मेसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड (बैंकनेट) पोर्टल के ई-वॉलेट में सीधे या चालान बनाकर आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करने के लिए उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में 22/06/2026 को या उससे पहले जमा की जानी है।

ई-नीलामी की शर्तें- (1) नीलामी बैंक द्वारा अधिकृत सेवा प्रदाता की वेबसाइट **www.baanknet.com** माध्यम से आन लाईन ई-नीलामी की जावेगी। (1) संपत्ति का निरीक्षण दिनांक 20/06/2026 दोपहर 12.00 से सायं 3.00 बजे तक संबंधित **शाखा प्रबंधक** की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है। (3) बिक्री की पुष्टि होने पर सफल खरीददार बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत जिसमें ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम भी शामिल है तुरंत जमा करेंगे एवं शेष 75 प्रतिशत राशि का 15 दिन के अंदर भुगतान करेंगे। (4) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त संबंधित शाखा के प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें अथवा सर्विस प्रदाता **M/s. PSB Alliance (baanknet), Helpline: Email ID- support.baanknet@psballiance.com** अथवा **Website: https://baanknet.com** पर संपर्क करें। (5) भविष्य में उत्पन्न होने वाले संपत्ति कर या सोसायटी रखरखाव से संबंधित सभी खर्च, जहां भी लागू हो, सफल बोलीदाता द्वारा वहन किए जाएंगे।

विवाद की किसी भी स्थिति में अंग्रेजी अखबार 'द हितवादा' दिनांक 03/06/2026 रायपुर में प्रकाशित विज्ञापन मान्य होगा।

दिनांक : 03.06.2026 स्थान: रायपुर (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

रायपुर में बढ़ा यूजर चार्ज, व्हाट्सएप चैटबॉट से टैक्स वसूली शुरू होते ही नागरिकों पर अतिरिक्त बोझ

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर ने राजस्व बढ़ाने की दिशा में एक और कदम उठाते हुए प्रॉपर्टी टैक्स वसूली प्रणाली में यूजर चार्ज की नई दरें लागू कर दी हैं। व्हाट्सएप चैटबॉट आधारित टैक्स सूचना एवं वसूली प्रणाली शुरू होने के साथ ही आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियों पर यूजर चार्ज में वृद्धि कर दी गई है। इससे आम नागरिकों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ने लगा है।

निगम प्रशासन के अनुसार आवासीय भवनों के लिए मासिक यूजर चार्ज में 10 रुपये तक तथा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए 50 रुपये तक की बढ़ोतरी की गई है। नई दरें भवन के निर्मित क्षेत्रफल (बिल्टअप एरिया) के आधार पर निर्धारित की गई हैं।

20 साल बाद प्रॉपर्टी टैक्स रिवीजन की तैयारी: निगम ने वर्ष 2005 के बाद पहली बार प्रॉपर्टी टैक्स दरों के पुनरीक्षण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। इसके लिए जोन और मुख्यालय स्तर के अधिकारियों को मिलाकर 11 सदस्यीय समिति गठित की गई है। समिति कलेक्टर गाइडलाइन दरों के आधार पर नए टैक्स निर्धारण की संभावनाओं का अध्ययन कर रही है। निगम सूत्रों के अनुसार स्मार्ट सिटी, अमृत मिशन समेत केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत टैक्स रिवीजन संबंधी रिपोर्ट प्रस्तुत करना अनिवार्य किया गया है। इसी के चलते सभी जोनों के राजस्व अधिकारियों, सहायक राजस्व अधिकारियों, राजस्व निरीक्षकों तथा मुख्यालय स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों को समिति में शामिल किया गया है।

कांग्रेस ने किया विरोध

यूजर चार्ज में बढ़ोतरी को लेकर विपक्ष ने विरोध शुरू कर दिया है। निगम में नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने आरोप लगाया कि केंद्र से लेकर पंचायत स्तर तक भाजपा सरकार लगातार टैक्स और शुल्क बढ़ाकर आम जनता पर महंगाई का अतिरिक्त बोझ डाल रही है। उन्होंने कहा कि शहर में सफाई व्यवस्था की स्थिति संतोषजनक नहीं है, सफाई गाड़ियों के चालक और ठेकेदारों का भुगतान महीनों से लंबित है। राज्य सरकार से पर्याप्त वित्तीय सहायता नहीं मिलने के कारण निगम जनता से अतिरिक्त राशि वसूलने का प्रयास कर रहा है।

हर तीन साल में संशोधन का प्रावधान

निगम अधिकारियों का कहना है कि राजपत्र अधिसूचना के अनुसार यूजर चार्ज का हर तीसरे वर्ष पुनरीक्षण किया जाना है। वर्ष 2017 में आवासीय श्रेणियों के लिए 20, 30 और 60 रुपये मासिक यूजर चार्ज निर्धारित था। वर्ष 2021 में इसे बढ़ाकर 30, 40 और 70 रुपये किया गया था। अब वर्ष 2026 में नई दरें 40, 50 और 80 रुपये प्रतिमाह कर दी गई हैं। अधिकारियों के अनुसार यह वृद्धि लंबे समय से लंबित थी और नियमानुसार लागू की गई है।

राजस्व लक्ष्य से पीछे निगम

जानकारी के अनुसार चालू वित्तीय वर्ष में निगम ने लगभग 400 करोड़ रुपये के कर संग्रह का लक्ष्य रखा था, जबकि अब तक करीब 342 करोड़ रुपये की ही वसूली हो सकी है। राजस्व लक्ष्य से पीछे रहने के कारण यूजर चार्ज पुनरीक्षण और कर संग्रह व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर दबाव बढ़ा है। निगम द्वारा शुरू की गई नई चैटबॉट आधारित व्यवस्था और यूजर चार्ज वृद्धि को लेकर अब शहर में राजनीतिक बहस तेज हो गई है। आने वाले समय में प्रस्तावित प्रॉपर्टी टैक्स रिवीजन भी नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन सकता है।

न्यूज गैलरी

सेवा-सेतु केन्द्र बने सुशासन की पहचान अब एक क्लिक पर 441 सरकारी सेवाएं

बेमेतरा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन मॉडल को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में ''सेवा-सेतु केन्द्र'' नागरिकों के लिए सुविधा, पारदर्शिता और त्वरित सेवाओं का प्रभावी माध्यम बनकर उभर रहे हैं। राज्य सरकार प्रशासनिक सेवाओं को गांव-गांव तक सरल, सुलभ और डिजिटल माध्यम से पहुंचाने के उद्देश्य से लगातार कार्य कर रही है। इसी क्रम में अब 441 से अधिक शासकीय सेवाएं एकीकृत ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही हैं।राज्य शासन द्वारा सभी सेवा-सेतु केन्द्रों की एक समान पहचान सुनिश्चित करने के लिए उनके मुख्य द्वार पर नवीन बोर्ड एवं नाम पट्टिकाएं स्थापित की जा रही हैं। साथ ही सभी प्रचार सामग्री, पोर्टल और सेवा पावती में अब ''लोक सेवा केन्द्र'' के स्थान पर ''सेवा-सेतु केन्द्र'' नाम और शासन द्वारा निर्धारित सेवा-सेतु लोगो का उपयोग किया जा रहा है। यह केवल नाम परिवर्तन नहीं, बल्कि नागरिक सेवाओं के विस्तार, तकनीकी सशक्तिकरण और सुशासन की नई कार्य संस्कृति की शुरुआत है। जिले के सभी सेवा-सेतु केन्द्रों में लगाए जा रहे बैनर एवं पोस्टरों पर विशेष क्यूआर कोड अंकित किए जा रहे हैं। क्यूआर कोड स्कैन करते ही नागरिकों को उपलब्ध 441 सेवाओं की विस्तृत सूची तथा प्रत्येक सेवा के लिए आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी सीधे अपने मोबाइल पर प्राप्त हो सकेगी। इससे नागरिकों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और सूचना प्राप्ति की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी एवं सरल बनेगी। कलेक्टोरेट कार्यालय बेमेतरा स्थित सेवा-सेतु केन्द्र में भी क्यूआर कोड युक्त बैनर एवं पोस्टर लगाए गए हैं, जिनका लाभ आम नागरिकों को मिल रहा है।

नगर निगम जोन 10 कमिश्नरी में 5 जून को सुशासन तिहार

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम जोन-10 कमिश्नरी में 5 जून को रायपुर ग्रामीण और रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के सात वार्डों के लिए सुशासन तिहार होगा। यह कार्यक्रम देवपुरी गुरुद्वारा धमर्शाला कमल विहार (कौशल्या विहार) गेट के पास सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की जाएगी। तिहार के इस जनसमस्या निवारण शिविर में जोन-10 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 49, 50, 52, 53, 54, 55 एवं 56 के नागरिकों के लिए निगम सहित हितग्राहीमूलक योजनाओं से संबंधित सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। शिविर में प्राप्त आवेदन पत्रों का अधिकतम एक माह में निराकरण सुनिश्चित किया जाकर प्रत्येक आवेदक को उनके आवेदन के निराकरण की सूचना अनिवार्य रूप से प्रदान की जाएगी। इसके बाद 8 जून को जोन 7 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 22, 23, 24, 25, 36, 37 एवं 38 क्षेत्र के लिए अंतिम और दसवां जनसमस्या निवारण शिविर पंडित दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में लगाया जायेगा।

उम्मीद की किरण व जैनम अकादमी का हेल्थ कैंप 7 जून को

रायपुर/नवप्रदेश। समाजसेवी संस्था 'उम्मीद की किरण चैरिटेबल फाउंडेशन' एवं शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत संस्था जैनम अकादमी, रायपुर द्वारा रविवार, 7 जून को सुबह 10 से अपरान्ह 3 बजे तक सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल, टीचर्स कॉलोनी कोटा में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा। उम्मीद की किरण चैरिटेबल फाउंडेशन के डायरेक्टर लक्ष्मी नारायण लाहोटी, विमल बाफना व जैनम अकादमी की डायरेक्टर दीपांक्षा जैन ने बताया कि इस कैंप में एएसजी आई हॉस्पिटल नेत्र रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा आंखों की संपूर्ण जांच की जाएगी। इसके अलावा हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. कुनाल ओस्तवाल, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीषा सिंह शर्मा की सेवाएं प्राप्त होंगी।

पुरी स्टेशन पर प्लेटफार्म उन्नयन कार्य से कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

रायपुर/नवप्रदेश। ईस्ट कोस्ट रेलवे के खोरधा रोड मंडल अंतर्गत स्थित पुरी रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म उन्नयन कार्य किए जाने के कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर गुजरने वाली कई महत्वपूर्ण यात्री ट्रेनों के परिचालन में अस्थायी बदलाव किया गया है। रेलवे प्रशासन के अनुसार कार्य अवधि के दौरान कुछ ट्रेनें पुरी स्टेशन तक नहीं जाएंगी और उनका संचालन निकटवर्ती मालतीपाटपुर स्टेशन से किया जाएगा। जारी सूचना के अनुसार, 07 एवं 14 जून 2026 को लोकमान्य तिलक टर्मिनस (एलटीटी) से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12145 एलटीटी-पुरी एक्सप्रेस मालतीपाटपुर स्टेशन में ही समाप्त होगी। वहीं 09 एवं 16 जून 2026 को गाड़ी संख्या 12146 पुरी-एलटीटी एक्सप्रेस मालतीपाटपुर स्टेशन से प्रारंभ होगी। इसी प्रकार 05 एवं 12 जून 2026 को गांधीधाम से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12993 गांधीधाम-पुरी एक्सप्रेस तथा 03, 10 एवं 17 जून 2026 को रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22973 गांधीधाम-पुरी एक्सप्रेस मालतीपाटपुर स्टेशन में समाप्त होंगी। इनके वापसी फेरे क्रमशः 12994 पुरी-गांधीधाम एक्सप्रेस (08 एवं 15 जून) तथा 22974 पुरी-गांधीधाम एक्सप्रेस (06, 13 एवं 20 जून) मालतीपाटपुर स्टेशन से प्रारंभ होंगी। वहीं 09 एवं 16 जून 2026 को इंदौर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20917 इंदौर-पुरी हमसफर एक्सप्रेस भी मालतीपाटपुर स्टेशन में समाप्त होगी।

हैदराबाद एसी स्लीपर का किराया 10 दिन में 1300 से बढ़कर 2300 रुपए पहुंचा

रायपुर से बस सफर महंगा, बिना मंजूरी 25 से 50 फीसदी तक बढ़ा किराया

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर से विभिन्न शहरों के लिए बसों में सफर करने वाले यात्रियों पर महंगाई की मार और बढ़ गई है। निजी ट्रैवल्स संचालकों ने परिवहन विभाग की औपचारिक अनुमति के बिना ही बस किरायों में 25 से 50 फीसदी तक की बढ़ोतरी कर दी है। कई प्रमुख रूटों पर यात्रियों से पहले की तुलना में सैकड़ों रुपये अधिक वसूले जा रहे हैं। भाठागांव स्थित अंतरराज्यीय बस टर्मिनल में मंगलवार को की गई पड़ताल में सामने आया कि अधिकांश ट्रैवल्स ऑपरेटरों ने 1 जून से नई किराया सूची लागू कर दी है। बढ़े हुए किरायों को लेकर यात्रियों और टिकट काउंटर कर्मचारियों के बीच कई जगह विवाद की स्थिति भी बनी।

हैदराबाद रूट पर सबसे ज्यादा असर: रायपुर से हैदराबाद जाने वाले यात्रियों को सबसे अधिक किराया वृद्धि का सामना करना पड़ रहा है। रायपुर निवासी दीप दास ने बताया कि उन्होंने 23 मई को एसी स्लीपर बस का टिकट 1300 रुपये में लिया था, जबकि 2 जून को उसी श्रेणी की यात्रा के लिए उन्हें 2300 रुपये चुकाने पड़े। यानी महज 10 दिनों में किराया लगभग 77 फीसदी बढ़ गया। इसी तरह रायपुर से जगदलपुर के लिए अब 800 से 840 रुपये और अंबिकापुर के लिए 700 से 750 रुपये तक किराया वसूला जा रहा है। कई रूटों पर यात्रियों से 800 से 1000 रुपये तक अतिरिक्त राशि ली जा रही है।

विभागीय आदेश का दावा, लेकिन दस्तावेज नहीं

यात्रियों द्वारा किराया वृद्धि का आधार पूछे जाने पर कई ट्रैवल्स एजेंटों ने परिवहन विभाग के आदेश का हवाला दिया। हालांकि जब आदेश की प्रति दिखाने को कहा गया तो वे कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद एजेंटों ने डीजल, स्पेयर पार्ट्स, बीमा और अन्य परिचालन खर्च बढ़ने का तर्क दिया।

जुलाई तक 80 फीसदी बढ़ सकता है किराया

ट्रैवल्स संचालकों का कहना है कि बढ़ती लागत के कारण आने वाले महीनों में किरायों में और वृद्धि हो सकती है। ऑपरेटरों के अनुसार यदि मौजूदा परिस्थितियां बनी रहीं तो जुलाई तक बस किराया 80 फीसदी तक बढ़ सकता है। उनका कहना है कि डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों, वाहन रखरखाव, बीमा प्रीमियम और बैंक ऋण की किश्तों का दबाव बढ़ने से मौजूदा किराया व्यवस्था में संचालन मुश्किल हो गया है।

यात्रियों पर बढ़ा आर्थिक बोझ

किराया वृद्धि का सीधा असर नौकरीपेशा लोगों, विद्यार्थियों और नियमित यात्रा करने वाले यात्रियों पर पड़ रहा है। बिना पूर्व सूचना और आधिकारिक मंजूरी के किराया बढ़ाए जाने से यात्रियों में नाराजगी भी देखी जा रही है। अब सभी की नजर परिवहन विभाग और राज्य सरकार के अगले निर्णय पर टिकी है, जिससे किराया विवाद पर स्पष्टता आ सके।

डीजल दरों के अनुपात में तय हो किराया: प्रमोद दुबे

राजधानी बस एसोसिएशन के पूर्व संरक्षक एवं पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने इस मुद्दे पर परिवहन मंत्री को पत्र लिखकर बस किराया निर्धारण की स्थायी व्यवस्था बनाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पहले डीजल की कीमतों में वृद्धि लंबे अंतराल के बाद होती थी, इसलिए किराया संशोधन का प्रस्ताव समय पर शासन को भेजा जा सकता था। अब पेट्रोलियम कंपनियां लगातार अंतराल पर कीमतों में बदलाव कर रही हैं, जिससे पुरानी व्यवस्था व्यवहारिक नहीं रह गई है। प्रमोद दुबे ने सुझाव दिया है कि डीजल की कीमतों में जितने प्रतिशत की वृद्धि या कमी हो, उसी अनुपात में यात्री किराए में भी स्वतः संशोधन किया जाए। उनके अनुसार डीजल के साथ-साथ इंश्योरेंस, ऑयल और स्पेयर पार्ट्स की लागत भी लगातार बढ़ रही है, जिससे बस ऑपरेटरों पर आर्थिक दबाव बढ़ता जा रहा है।

डीजल संकट पर फूटा किसानों का गुस्सा, रस्सी से बांधकर ट्रैक्टर पहुंचाया एसडीएम कार्यालय

खेती के सीजन में डीजल, खाद और बीज संकट से बढ़ी किसानों की परेशानी

जगदलपुर/नवप्रदेश। खेती-किसानी के अहम दौर में डीजल, खाद और बीज की किल्लत को लेकर किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। नारायणपाल, आड़ावाल और आसपास के गांवों के किसान बुधवार को ट्रैक्टरों के साथ एसडीएम कार्यालय बस्तर पहुंचे और प्रशासन के खिलाफ विरोध जताया। किसानों का आरोप है कि पेट्रोल पंपों में जरकिन और डिब्बों में डीजल नहीं दिए जाने के कारण खेतों में चल रहे कृषि कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। किसानों का कहना है कि समय पर डीजल नहीं मिलने से जुताई, बुआई और अन्य जरूरी कृषि कार्य बाधित हो रहे हैं, जिससे खेती प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है।

खेती ठप होने की कगार पर, प्रशासन से त्वरित हस्तक्षेप की मांग: डीजल संकट से परेशान किसानों ने कहा कि खेती के सबसे महत्वपूर्ण समय में यदि डीजल उपलब्ध नहीं होगा तो फसल उत्पादन प्रभावित होगा और किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। किसानों ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो क्षेत्र के किसान बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। किसानों ने मांग की कि पेट्रोल पंपों में कृषि कार्य के लिए पर्याप्त डीजल उपलब्ध कराया जाए, साथ ही खाद और बीज संकट का भी तत्काल निराकरण किया जाए।

खेत में बंद हुआ ट्रैक्टर 5 किलोमीटर रस्सी से खींचकर लाए किसान

किसानों ने बताया कि नारायणपाल क्षेत्र में खेत में कार्य के दौरान एक ट्रैक्टर का डीजल खत्म हो गया। पेट्रोल पंप से डीजल उपलब्ध नहीं होने के कारण ग्रामीणों को मजबूरन ट्रैक्टर को रस्सी से बांधकर करीब पांच किलोमीटर तक खींचते हुए एसडीएम कार्यालय तक लाना पड़ा। इस दौरान किसानों ने प्रशासन के समक्ष अपनी समस्याएं रखते हुए पर्याप्त मात्रा में डीजल, खाद और बीज उपलब्ध कराने की मांग की। किसानों ने ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। लखेश्वर कश्यप ने किसानों के साथ प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए खेती-किसानी के इस महत्वपूर्ण समय में पर्याप्त डीजल, खाद और बीज उपलब्ध कराने की मांग उठाई।

खरीफ सीजन के लिए बस्तर तैयार, 46 हजार मीट्रिक टन से अधिक खाद उपलब्ध

समितियों के जरिए खाद वितरण पर जोर, समय पर उपलब्धता को प्राथमिकता

जगदलपुर/नवप्रदेश। खरीफ सीजन 2026 की तैयारियों को लेकर बस्तर संभाग में सहकारी समितियों के माध्यम से उर्वरक भंडारण और कृषि ऋण वितरण की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में रासायनिक उर्वरकों का भंडारण किया गया है। संभाग में सहकारी संस्थाओं के जरिए किसानों को न केवल खाद उपलब्ध कराई जा रही है, बल्कि कृषि कार्यों के लिए ऋण वितरण भी गति पकड़ चुका है।

राज्य शासन के निर्देशों के अनुसार खरीफ 2025 में वितरित यूरिया की 80 प्रतिशत एवं डीएपी की 60 प्रतिशत मात्रा के आधार पर खरीफ 2026 में उर्वरक वितरण किया जाएगा। शेष आवश्यकता की पूर्ति के लिए नैनो यूरिया, नैनो डीएपी तथा अन्य वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे संतुलित उर्वरक उपयोग, खेती की लागत में कमी और मिट्टी की उर्वरा शक्ति संरक्षण को प्रोत्साहन मिल सके।

बस्तर संभाग में 1 अप्रैल से 6 जून 2026 तक कुल 55,366.98 मीट्रिक टन उर्वरकों का भंडारण किया गया, जिसमें से 8,941.57 मीट्रिक टन किसानों को वितरित किया जा चुका है। वर्तमान में 46,425.41 मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध है। दंतेवाड़ा जिले के जैविक घोषित होने के कारण वहां रासायनिक उर्वरकों का उपयोग नहीं किया जाता, जबकि बस्तर, कोंडागांव, नारायणपुर, कांकेर, सुकमा और बीजापुर जिलों में भंडारण एवं वितरण की व्यवस्था जारी है।

खरीफ सीजन में किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए संभाग स्तर पर 34,839 किसानों को लगभग 1300 करोड़ रुपये ऋण वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

16 करोड़ रुपए के फर्जी आईटीसी रैकेट का मास्टरमाइंड उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार

डीडीजीआई की कार्रवाई, शाहजहांपुर से पकड़ा गया अभिषेक पाठक, रायपुर लाकर न्यायालय में किया गया पेश

रायपुर/नवप्रदेश। माल एवं सेवा कर आसूचना महानिदेशालय (डीजीजीआई) रायपुर जोनल यूनिट ने फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) रैकेट के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मेसर्स समृद्धि ट्रेडर्स के संचालक अभिषेक पाठक को उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर से गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी के अनुसार अब तक की पड़ताल में उससे जुड़े नेटवर्क के माध्यम से लगभग 16.02 करोड़ रुपये के फर्जी आईटीसी घोटाले का खुलासा हुआ है।

डीजीजीआई द्वारा जारी अधिकृत बयान के अनुसार मेसर्स समृद्धि ट्रेडर्स के जरिए करीब 4.87 करोड़ रुपये का फर्जी आईटीसी प्राप्त किया गया, जबकि 5.33 करोड़ रुपये का फर्जी आईटीसी विभिन्न फर्मों को आगे हस्तांतरित किया गया। अभिषेक पाठक पिछले लगभग एक वर्ष से जांच एजेंसियों की पहुंच से बाहर था और लगातार जारी किए जा रहे समनों की अनदेखी कर रहा था।

फर्जी नेटवर्क के संचालन में अहम भूमिका: जांच के दौरान यह भी सामने आया कि अभिषेक पाठक का मेसर्स ख्याति इंटरप्राइजेस से सीधा संबंध था और फर्जी आईटीसी नेटवर्क के संचालन एवं प्रबंधन में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। डीजीजीआई के अनुसार ख्याति इंटरप्राइजेस ने करीब 11.14 करोड़ रुपये का फर्जी आईटीसी प्राप्त कर उसे विभिन्न डाउनस्ट्रीम फर्मों तक पहुंचाया। प्रारंभिक साक्ष्यों के आधार पर जांच एजेंसी ने अभिषेक पाठक को इस पूरे नेटवर्क के प्रमुख संचालकों में से एक माना है। अधिकारियों का कहना है कि फर्जी बिलिंग और आईटीसी के जरिए सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाने का संगठित नेटवर्क संचालित किया जा रहा था। डीजीजीआई अधिकारियों ने बताया कि अभिषेक पाठक को उसके शाहजहांपुर स्थित निवास से गिरफ्तार किया गया।

10वीं-12वीं की दूसरी परीक्षा 8 जुलाई से, 22 जुलाई तक चलेंगी परीक्षाएं

माशिमं ने जारी की समय-सारिणी, प्रश्नपत्र सुरक्षा के लिए पहली बार लागू होगा वन टाइम लॉक सिस्टम

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) ने हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी की दूसरी परीक्षा की समय-सारिणी जारी कर दी है। 10वीं और 12वीं की ये परीक्षाएं 8 जुलाई से शुरू होकर 22 जुलाई तक संचालित होंगी। सभी परीक्षाएं सुबह 9 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित की जाएंगी।

मंडल के अनुसार 12वीं की दूसरी परीक्षा 8 जुलाई से 22 जुलाई तक चलेगी, जबकि 10वीं की परीक्षा 9 जुलाई से प्रारंभ होकर 21 जुलाई को समाप्त होगी। इस परीक्षा में पूरक, अनुत्तीर्ण तथा श्रेणी सुधार के इच्छुक विद्यार्थी शामिल हो सकेंगे। इसके अलावा क्रेडिट योजना के तहत अनुत्तीर्ण विषयों के लिए आवेदन करने वाले छात्रों को भी परीक्षा में शामिल होने का अवसर मिलेगा।

सुरक्षा के लिए लागू होगा वन टाइम लॉक सिस्टम: परीक्षाओं में पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस बार प्रश्नपत्र वितरण व्यवस्था को और मजबूत बनाया गया है। माशिमं ने प्रश्नपत्रों के बॉक्स में वन टाइम लॉक सिस्टम लागू किया है। परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने के बाद संबंधित थाने में जिला प्रशासन के प्रतिनिधि की उपस्थिति में ही लॉक खोला जाएगा, जिससे प्रश्नपत्रों की गोपनीयता बनी रहे। मंडल ने बताया कि परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 30 मई थी। प्राप्त आवेदनों और छात्र संख्या के आधार पर परीक्षा केंद्रों का निर्धारण किया जाएगा।

कक्षा 10वीं की परीक्षा समय-सारिणी

- **9 जुलाई** - गणित
- **11 जुलाई** - प्रथम भाषा हिन्दी
- **14 जुलाई** - द्वितीय भाषा अंग्रेजी
- **15 जुलाई** - व्यावसायिक पाठ्यक्रम विषय
- **16 जुलाई** - विज्ञान
- **18 जुलाई** - सामाजिक विज्ञान
- **20 जुलाई** - तृतीय भाषा (संस्कृत एवं अन्य विषय)
- **21 जुलाई** - दृष्टिहीन विद्यार्थियों के लिए संगीत तथा मूक-बधिर विद्यार्थियों के लिए ड्राइंग एवं पेंटिंग

कक्षा 12वीं की परीक्षा समय-सारिणी

8 जुलाई - हिन्दी, 10 जुलाई - अंग्रेजी, 11 जुलाई - संस्कृत
13 जुलाई - इतिहास, व्यवसाय अध्ययन, कृषि विज्ञान के तत्व, गणित, ड्राइंग एवं पेंटिंग, आहार एवं पोषण
14 जुलाई - मराठी, उर्दू, पंजाबी, सिंधी, बंगाली, गुजराती, तेलुगू, तमिल, मलयालम, कन्नड़ एवं उड़िया
15 जुलाई - भूगोल
16 जुलाई - समाजशास्त्र
17 जुलाई - राजनीति विज्ञान, रसायन शास्त्र, लेखाशास्त्र, फसल उत्पादन एवं उद्यान शास्त्र, वस्तु चित्रण एवं आलेखन, शरीर क्रिया विज्ञान एवं प्राथमिक चिकित्सा
18 जुलाई - मनोविज्ञान
20 जुलाई - रिटेल मार्केटिंग मैनेजमेंट, आईटी, ऑटोमोबाइल, हेल्थ केयर, एग्रीकल्चर, मीडिया एंड एंटरटेनमेंट, टेलीकम्युनिकेशन, बैंकिंग एवं फाइनेंशियल सर्विसेस, ब्यूटी एंड वेलनेस, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर
21 जुलाई - गणित, कम्प्यूटर एप्लीकेशन, भारतीय संगीत, चित्रकला, नृत्य कला, स्टेनो टाइपिस्ट, कृषि, गृह विज्ञान, वाणिज्यिक गणित एवं औद्योगिक संगठन के मूल तत्व
22 जुलाई - जीव विज्ञान, अर्थशास्त्र, पशुपालन, दुग्ध प्रौद्योगिकी, मत्स्य एवं कुक्कुट पालन, भारतीय कला का इतिहास तथा विज्ञान के तत्व मंडल अधिकारियों के अनुसार दूसरी परीक्षा प्रणाली विद्यार्थियों को अपने परिणाम सुधारने और अनुत्तीर्ण विषयों में सफलता प्राप्त करने का अतिरिक्त अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com